राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
वर्ष 06, अंक 30, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

आखिर जनपद खीरी में हो रही स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूली कांड का मुख्य जिम्मेदार कौन?...06

भारत जोड़ो अभियान की दिल्ली इकाई द्वारा महाराष्ट्र भवन के सामने किया विरोध प्रदर्शन..12

# असम में फर्जी मुठभेड़ों के आरोप गंभीर, मानवाधिकार आयोग को सक्रिय रुख अपनाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट।

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली।** असम में 'फर्जी' मुठभेड़ों के मुद्दे को उठाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मानवाधिकार आयोगों की स्थापना के पीछे विधायी जनादेश है और उनसे नागरिक स्वतंत्रता के मामलों में सक्रियता से काम करने की उम्मीद की जाती है।असम के संदर्भ में, इसने उन मामलों में असम मानवाधिकार आयोग द्वारा शुरू की गई जांच, यदि कोई हो, के बारे में डेटा मांगा, जहां 'फर्जी' मुठभेड़ के आरोप लगाए गए थे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ गुवाहाटी हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत याचिकाकर्ता की इसी मुद्दे को उठाने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया गया था। कथित तौर पर, हाईकोर्ट का मानना था कि कथित घटनाओं की अलग से जांच की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि राज्य के अधिकारी प्रत्येक मामले में जांच कर रहे हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि असम में सैकड़ों मुठभेड़ें हुई हैं और पीयूसीएल बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन हुआ है। उन्होंने आग्रह किया कि अधिकांश मामलों में न तो कोई फोरेंसिक और बैलिस्टिक विश्लेषण हुआ, न ही कोई मजिस्ट्रेट जांच या स्वतंत्र जांच हुई। इसके बजाय, मुठभेड़ों के पीड़ितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और मुठभेड़ों के आरोपी पुलिसकर्मियों ने खुद ही मुठभेड़ पीड़ितों के मामलों की जांच की। मुठभेड़ों के पीड़ितों द्वारा दायर विशिष्ट घटनाओं और हलफनामों का हवाला देते हुए, भूषण ने अदालत का ध्यान एक महिला के मामले की ओर आकर्षित किया, जिसने दावा किया कि उसके पति की पुलिस हिरासत में हत्या कर दी गई थी। इस महिला के अनुसार, उसके पति के शरीर पर कई चोटें (नाखून गायब, टूटी हुई हड्डियां आदि) थीं, जो थर्ड-डिग्री टॉर्चर का संकेत देती हैं।इस बात पर जोर देते हुए कि मुठभेड़ों के पीड़ितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, वकील ने जोर देकर कहा कि मुठभेड़ों के फर्जी होने के आरोपों की कभी कोई जांच नहीं की गई।

दूसरी ओर, असम के एडिशनल एडवोकेट जनरल नलिन कोहली ने बताया कि हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की साख और ÷स्पष्ट रूप से झूठे÷ बयानों के बारे में चिंता व्यक्त की। इसके अलावा, यह आग्रह किया गया कि याचिकाकर्ता की जनहित याचिका को समय से पहले देखा गया और अनिवार्य रूप से, उन्होंने अनुच्छेद 226 याचिका के माध्यम से डेटा मांगा था।



वकीलों की सुनवाई करते हुए, पीठ ने पूछा कि क्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले में कोई जांच का आदेश दिया है। भूषण ने इसका जवाब देते हुए कहा कि, याचिकाकर्ता ने पहले एनएचआरसी से ही संपर्क किया था। हालांकि, एनएचआरसी ने मामले को राज्य मानवाधिकार आयोग को स्थानांतरित कर दिया, जिसने इसे बंद कर दिया।

असम एचआरसी द्वारा बंद करने की आलोचना करते हुए, भूषण ने कहा कि आयोग ने 6 महीने तक कुछ नहीं किया, और उसके बाद ही, याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष एक जनहित याचिका दायर की, जिसका हवाला देते हुए असम एचआरसी ने उसके समक्ष मामला बंद कर दिया, भले ही उसे (या असम राज्य को) नोटिस जारी नहीं किया गया था। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर और चिंताजनक है, क्योंकि 171 मामलों में 'फर्जी' मुठभेड़ों का आरोप लगाया गया है। इनमें से कुछ मामले मौत के हैं, जबकि अन्य गंभीर चोटों के हैं।

जस्टिस भुइयां ने कहा,÷इस तरह की याचिका को समय से पहले खारिज नहीं किया जा सकता...सच यह है कि मुठभेड़ हुई थी...[असम] का अतीत परेशानियों से भरा रहा है और रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में हैं...171 मामलों की संख्या काफी बड़ी है...जिन परिस्थितियों में आरोपियों की मौत हुई है, वे गंभीर संदेह पैदा करते हैं... [...] जोरहाट की घटना का जिक्र करते हुए, जहां आरोपी को सुबह 3 बजे [...] पीछे से एक वाहन से...मोरेगांव की एक घटना में आरोपी को हथकड़ी सहित कुएं में कूदते हुए पाया गया।"

जस्टिस भुइयां नेकहा कि स्वदेशी समुदायों को निशाना बनाए जाने पर और दुख जताते हुए कहा,निशाना बनाया जा रहा है!" जस्टिस भुइयां ने असम के दरांग जिले में तीन साल पुराने बेदखली अभियान से संबंधित सेवानिवृत्त गौहाटी हाईकोर्ट के न्यायाधीश बीडी अग्रवाल की अध्यक्षता वाले एक आयोग की हाल की न्यायिक जांच रिपोर्ट का भी हवाला दिया, जिसमें हिंसा में दो लोग मारे गए थे और अन्य घायल हो गए थे। ÷बीडी अग्रवाल ने हाल ही में एक न्यायिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की है जिसमें कहा गया है कि पुलिस ने हद पार कर दी है, हालांकि बेदखली उचित थी"।

इसके साथ ही जस्टिस कांत ने कहा,"आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। हम उम्मीद करते हैं कि मानवाधिकार आयोग सक्रिय होंगे..."।जवाब में, कोहली ने बताया कि असम पुलिस को आरोपी व्यक्तियों की पहचान से कोई सरोकार नहीं है और बेदखली मामले में, हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में कार्रवाई की गई थी।

"अतीत में परेशानी" वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए, एएजी ने दलील दी कि असम ने उग्रवाद के खिलाफ युद्ध में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि अपराध का कोण बदल गया है - 'ड्रग्स' नई लड़ाई है। असम किस तरह से प्रवेश द्वार की तरह काम करता है, इस पर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने कहा कि असम के इतिहास पर विचार करते समय न्यायालय को अन्य कारकों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

उनकी बात सुनकर, न्यायालय ने आश्वासन दिया कि वह असम और इसकी भौगोलिक स्थिति की संवेदनशीलता के प्रति सचेत है। हालांकि, वर्तमान मामला नशीली दवाओं से संबंधित नहीं है, और अन्यथा भी, पीयूसीएल के निर्णय के आदेश का अनुपालन होना चाहिए। न्यायालय ने आगे कहा कि मानवाधिकार आयोग का कर्तव्य है कि वह शिकायतों का अपने आप अनुसरण करे, भले ही पीड़ित/पीड़ित के रिश्तेदार इसका अनुसरण करें या न करें।

अंततः, न्यायालय ने वकीलों से दो पहलुओं पर डेटा लाने को कहा -(i) किसने आरोपों की जाँच की और परिणाम क्या था? (ii) क्या राज्य मानवाधिकार आयोग अपनी स्वयं की जांच मशीनरी का उपयोग करके कोई स्वतंत्र जांच करता है?

यह याचिका असम के एक वकील आरिफ मोहम्मद यासीन जवादर ने दायर की है, जिसमें राज्य में पुलिस कर्मियों द्वारा मुठभेड़ों का मुद्दा उठाया गया है। याचिकाकर्ता का दावा है कि मई 2021 (जब मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कार्यभार संभाला) से असम पुलिस और विभिन्न मामलों में आरोपी व्यक्तियों के बीच 80 से अधिक फर्जी मुठभेड़ें हुईं।

वह सीबीआई, एसआईटी या अन्य राज्यों की पुलिस टीम जैसी किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग कर रहे हैं।पिछले साल 17 जुलाई को याचिका पर नोटिस जारी किया गया था, जिसमें असम सरकार के अलावा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और असम मानवाधिकार आयोग से जवाब मांगा गया था।

अप्रैल में, न्यायालय ने सुझाव दिया था कि याचिकाकर्ता कुछ अतिरिक्त जानकारी रिकॉर्ड पर पेश करे। उसी के अनुसार, उन्होंने तिनसुकिया मुठभेड़ मामले के पीड़ितों के हलफनामे दाखिल किए हैं, जिसमें तीन व्यक्ति (दीपज्योति नियोग, बिस्वनाथ बरगोहेन और मनोज बरगोहेन) कथित तौर पर पुलिस की गोलीबारी में घायल हुए थे।

याचिकाकर्ता ने कहा है कि तिनसुकिया मुठभेड़ मामले के दो पीड़ितों बिस्वनाथ और मनोज के परिवार के सदस्य गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराना चाहते थे। लेकिन, संबंधित पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी ने तब तक शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया जब तक कि उन्होंने यह उल्लेख नहीं किया कि पीड़ित प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन-उल्फा में शामिल होने जा रहे थे। इसके बजाय, मुठभेड़ होने के बाद पीड़ितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। यह भी आरोप लगाया गया है कि पुलिस स्टेशन ढोला (असम) के प्रभारी अधिकारी ने खुद को मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया, जबकि वह मुठभेड़ के समय घटनास्थल पर मौजूद थे और कथित तौर पर पीड़ित दीपज्योति नियोग ने उनकी पिस्तौल छीनी थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एसपी ने बैंक शाखा प्रबन्धकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की बैठक



**कौशाम्बी।** जनपद में चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के सभी बैंकों के शाखा प्रबन्धकों के साथ पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शाखा प्रबन्धकों को पुलिस से समन्वय करने व साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त खातों का सत्यापन करने के लिए व होल्ड/फ्रिज धनराशि को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पीड़ित को रिलीज करने के सम्बन्ध में मीटिंग की गई साथ ही शाखा प्रबन्धकों को सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया गया।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 26 अक्टूबर को



**कौशाम्बी।** जनपद में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक-26-10-2024 को एम0वी0आई0टी0 कालेज, कोइलहा के परिसर में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कुल 10 कंपनियों के माध्यम से कुल 1500 पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए अवगत कराया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के पोर्टल रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन करने के उपरांत ही रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकतें है।

## हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद भी नही जागे महकमे के जिम्मेदार

● गत चार वर्षो से एक प्राइवेट शिक्षक द्वारा संचालित हो रहा चौगानपुर का जूनियर विद्यालय

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड मितौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौहानपुर में स्थित जूनियर विद्यालय का है जहां विगत चार वर्षो से बगैर ड्यूटी किया प्रधानाध्यापक सोनू लाल पटेल द्वारा वेतन के नाम पर सरकारी खजाने को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। विभागीय जिम्मेदार अफसर सब कुछ जानने के बाद भी अंजान बने बैठे हैं। गौर तलब हो की प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों के गैर हाजिर रहने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने कहा है कि टीचर्स के स्कूलों से गायब रहने की वजह से प्राइमरी शिक्षा की जड़ खोखली हो रही है इससे बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है कोर्ट के मुताबिक ऐसे अध्यापकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए उच्च न्यायालय ने ऐसे ही एक मामले में विभागीय अफसर को जांच कर उचित कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं इतना सब कुछ होने के बावजूद गति 4 वर्षो से विद्यालय से गायब चल रहे प्रधानाध्यापक पर कोई असर पढ़ते नहीं दिखाई पड़ रहा है और ना ही विभागीय जिम्मेदार अफसर में खंड शिक्षा अधिकारी मितौली के कुंभकरण नीति टूटी है और ना ही बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी का ही कभी इस ओर ध्यान ही जा पा रहा है जो 4 साल से उक्त विद्यालय शिक्षक विभिन्न एक प्राइवेट शिक्षक के तौर पर विद्यालय संचालित करते देखा जा रहा है बताते चले कि चौहानपुर स्थित जूनियर हाई स्कूल में एकल शिक्षक के तौर पर शिक्षक सोनू लाल पटेल तैनात हैं भले ही वह विद्यालय ना आते हैं लेकिन कागजों पर सोनू लाल पटेल की तैनाती दर्शित है पर यहां यह जब अपनी जगह पर पासी गांव के एक लड़के को शिक्षण कार्य के लिए रख रखे हैं और उसी से शिक्षण कार्य कराकर घर बैठे वेतन उठा रहे हैं ग्रामीणों का आरोप है जो उच्च शिक्षक द्वारा शिक्षा व्यवस्था के साथ जानबूझकर भद्दा मजाक किया जा रहा है और बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने का प्रयास किया जा रहा है उपरोक्त प्रधानाध्यापक सोनू लाल पटेल द्वारा बीएसए खीरी हुआ खंड शिक्षा अधिकारी मितौली को अच्छी तरीके से मैनेज किए हैं




यही कारण है कि लिखित शिकायतें करने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही ना होना कुछ और ही साबित करता है क्या कहीं राजनीतिक दबाव तो नहीं जो ऐसे शिक्षक पर कार्यवाही न करके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होते देखा जा रहा है या फिर मिल रहे भारी भरकम प्रसाद रूपी चढ़ने के चलते महोदय का ईश्वर ध्यान नहीं जा रहा है और उन्हें सब कुछ एलीज बिल ही नजर आ रहा है देखना अब यह है की खंड शिक्षा अधिकारी मितौली और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खीरी प्रवीण कुमार तिवारी का ध्यान इस विद्यालय की ओर जाता है या फिर यूं ही चलता रहेगा।

यदि जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल तथा मुख्य विकास अधिकारी खीरी कर ले उपरोक्त विद्यालय का औचक निरीक्षण और ग्रामीणों से ले जानकारी तो एक बहुत बड़ा फर्जी वाला और भ्रष्टाचार खोलकर सामने आएगा जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी मितौली सहित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की भी तय होगी जवाब दे ही और कार्य प्रणाली पर खड़े होंगे सवालिया निशान।

**क्या कहते है खण्ड शिक्षाअधिकारी मितौली**

इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी से उनके पक्ष की जानकारी चाहिए गई तो कई वाकई घंटी जाती रही फोन नहीं उठाया गया जिससे उनके पति की जानकारी नहीं हो सकी। इस संबंध मे जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी जाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने भी फोन उठाना उचित नहीं समझा। जिससे उनके पक्ष की कोई जानकारी नहीं हो सकी।

## पीलीभीत पुरनपुर में धान खरीद में धांधली का आरोप

रात भर मंडी में पहरा देते रहे किसान नेता, बोले- अंगूठे का खेल होने नहीं देंगे

**पीलीभीत** की पूरनपुर मंडी में धान खरीद के नाम पर धांधली का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के नेता रातभर मंडी में पहरा देते रहे। किसानों ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी कीमत पर किसानों को लूटने नहीं देंगे। यूनियन ने यह भी घोषणा की है कि जो किसान मानकों के अनुसार धान लेकर आएंगे, उनके धान को क्रय केंद्रों पर तुलवाने की जिम्मेदारी वे स्वयं उठाएंगे।

किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि मंडी में असल किसानों का धान मानकों का हवाला देकर वापस किया जा रहा है, जबकि माफियाओं का धान सरकारी खरीद के रूप में दर्ज किया जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि यह पूरी स्थिति किसानों के लिए अत्यंत चिंताजनक है, और इस प्रकार के भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडी में किसान और आढ़ती की मिलीभगत किसान नेताओं का कहना है कि जिले में राइस मिल मालिक आढ़तियों के माध्यम से किसानों का धान कम दामों में खरीद रहे हैं, जिससे किसानों का



आर्थिक शोषण हो रहा है। बलजिंदर सिंह, जिला अध्यक्ष अन्नदाता किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि समय बीतने के साथ कई मंडियों में 'अंगूठा खेल' शुरू हो जाएगा, जहां किसानों को कागज के नाम पर थोड़े-से पैसों का लालच देकर क्रय केंद्रों पर ले जाया जाएगा।

किसानों का आह्वान किसान नेताओं ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने धान को सही मूल्य पर बेचने के लिए सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से बचें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि मंडी में मौजूद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता किसानों का धान क्रय केंद्र पर तुलवाने में सहायता करेंगे। यह कदम किसान समुदाय को एकजुट करने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए उठाया गया है।

## दिल्ली मे प्रदुषण कम होने का चांस बहुत कम दिखाई दे रहा है

● जबतक दिल्ली परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस और प्रशासन के उप जिला अधिकारी ईमानदारी से करवाई नही करेगे प्रदूषण कम नहीं होगा

**स्वतंत्र प्रभात**

**दिल्ली** प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रशासन को नियमित कार्रवाई करनी पड़ेगी लोनी बोर्डर क्षेत्र से अभी भी ट्रैक्टर ट्राली हजारो की संख्या मे रेत रोडी.डस्ट मिट्टी मलवा ईट सीमेंट की ढुलाई रात दिन बेलगाम दोड रहे है रोड पर धुल फैला रहे है डीजल चालित ट्रेक्टर ट्राली व्यवसायिक कार्य के लिए दिल्ली मे प्रतिबन्धित है लेकिन भ्रष्टाचार के कारण यमुनापार क्षेत्र मे रात दिन बेलगाम दोड रहे है दिल्ली मे प्रवेश करने के हर रास्ते पर दिल्ली पुलिस की चैकिंग पोस्ट है टोल टैक्स की पोस्ट है दिल्ली मे डीजल वाहन के प्रवेश पर ग्रीन टैक्स लगता है। लेकिन व्यवसायिक कार्य मे लगे ट्रेक्टर ट्राली से कोई ग्रीन टैक्स नही वसूल कर रहे है माननीय उच्चतम न्यायालय माननीय उच्च न्यायालय माननीय एनजी टी न्यायालय के



आदेश का उल्लंघन हो रहा है गोकुलपुर फ्लाई ओवर से लेकर लोनी बोर्डर तक दिल्ली मे फुटपाथ पर ईट रखकर बेची जा रही है यहा.पर यह सब अवैध कार्य प्रशासन के किस अधिकारी के आदेश से हो रहा है लोनी बोर्डर क्षेत्र मे सिचाई विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर रेत रोडी.डस्ट मिट्टी के बडे बडे भंडारण हो रहे है यहा से सारा बिल्डिंग मेटेरियल ट्रेक्टर ट्राली मे भर कर दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र मे सप्लाई हो रहा है जिससे पूरे लोनी बोर्डर क्षेत्र मे प्रदुषण ही प्रदुषण धुल ही धुल है यह क्षेत्र संसार का सबसे प्रदुषित क्षेत्र है यहा.पर भ्रष्टाचार कारण प्रदुषण नियन्त्रण विभाग प्रदुषण की मशीन नही ला रहा है असली प्रदुषण की पोल खुल जाएगी अभी भी तहसील लोनी के अधिकारीगण उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद प्रदुषण नियन्त्रण विभाग की नींद नही खुली है भ्रष्टाचार के कारण यहा.पर रिहाइश क्षेत्र मे खुलेआम खुले मे सरकारी जमीन पर बिल्डिंग मेटेरियल भारी-भरकम ट्रक और डम्परो मे भर कर आरहा है और ज जुगाड जे सीबी से ट्रेक्टर ट्रालियो मे भर कर दिल्ली के यमुनापार क्षेत्र मे सप्लाई हो रहा है अधिकारीगणो की निष्क्रियता के कारण सरकारी जमीन भी अवैध अतिक्रमण से मुक्त नही करवाई जा रही है सोनवीर सिंह ने मिडिया चैनल मिडिया अखबार प्रिंट से अनुरोध किया है की लाखों-लाख जनता-जनार्दन के हित मे लोनी बोर्डर क्षेत्र की हकीकत उत्तर प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार तक पहुंचाने सब की जिम्मेदारी है।

## फर्जी एडमिशन कर मां को बनाया अध्यक्ष, निकाल लिए एक लाख सैंतीस हजार रुपये

● 18 जुलाई को कर लिया एडमिशन 23 जुलाई को कंपोजिट स्कूल बरेठी ने जारी की टीसी

प्रबंधक ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर फ्राड व वित्तीय गबन की शुरू की जांच

**स्वतंत्र प्रभात**

**हरदोई।** विकासखंड भरावन के आदर्श ग्रामीण विद्यालय ढिकुन्नी में प्रधानाध्यापक ने छात्रा का फर्जी एडमिशन कर उसकी मां को विद्यालय प्रबंध समिति का अध्यक्ष बनाकर मध्यान्ह भोजन के खाते से एक लाख सैंतीस हजार रुपये की धनराशि निकाल कर हजम कर ली। प्रबंधक ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ तिवारी ने बताया विद्यालय से 12 किमी दूर स्थित अतरौली के बरेठी गांव की छात्रा वर्तिका का प्रवेश विद्यालय में कक्षा 6 में 18 जुलाई को प्रधानाध्यापक ने कर लिया। जबकि छात्रा वर्तिका की टीसी कंपोजिट विद्यालय बरेठी





से 23 जुलाई को काटी गई है। प्रबंधक ने बताया कि 25 जुलाई को प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में अभिभावक संघ की बैठक कर वर्तिका की माता गुड्डी को अभिभावक संघ का अध्यक्ष बना दिया। इसके बाद 27 जुलाई को बिना प्रबंधक के संज्ञान के प्रधानाध्यापक से मिलीभगत कर खंड शिक्षा अधिकारी डीएल राणा ने गुड्डी को अध्यक्ष के रूप में प्रमाणित कर मध्यान्ह भोजन का खाता संचालित करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया की ढिकुन्नी शाखा को पत्र भेज दिया। प्रबंधक ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक विवेक तिवारी ने धोखाधड़ी करके फर्जी एडमिशन कर मध्यान्ह भोजन खाते से एक लाख सैंतीस हजार रुपये गबन कर लिया है। वर्तिका का अपने गांव से 12 किमी दूर ढिकुन्नी में मध्य सत्र में प्रवेश लेना भी फ्राड में संलिप्तता को दर्शा रहा है। साथ ही कंपोजिट विद्यालय बरेठी में अगस्त माह में भी उसकी उपस्थिति दर्ज है। जबकि 23 जुलाई को उसका नाम काटकर टीसी जारी कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी अभिभावक समिति की बैठक किये बगैर उमेश कुमार को अध्यक्ष बनाकर चेक पर हस्ताक्षर के लिए दबाव डाला था। इस पर अध्यक्ष उमेश कुमार ने जिलाधिकारी से शिकायत कर अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सीएचसी कप्तानगंज पर इलाज में लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत का आरोप




**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के धर्मसिंहपुर उर्फ महराजगंज निवासी शुभम कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी बस्ती को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है। वह बीते 3 अक्टूबर 2024 को अपनी पत्नी प्रज्ञा गुप्ता को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज ले गए जहां पर डॉक्टरों द्वारा इलाज में लापरवाही के चलते उसकी हालत बिगड़ गई। हालात गंभीर होने पर उसे कैली हॉस्पिटल बस्ती रेफर कर दिया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने के चलते उसे गोरखपुर ना ले जाकर बस्ती के एक नर्सिंग होम में इलाज के भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान दौरान उसकी मौत हो गई। वही इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती ने बताया कि अभी तक उन्हें शिकायती पर प्राप्त नहीं हुआ है। शिकायत पत्र प्राप्त होने के बाद मामले की जांच कर कर दोषी व्यक्तियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा बच्चों को कराया गया भोजन



**अयोध्या ।** शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नन्हे मुन्ने गांव के बच्चों को भोजन करवाया गया । उक्त भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा के सहयोग से किया गया । इस अवसर पर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य श्रीमती नेहा बर्मा, मनोज प्रताप, गंगेश मिश्रा, सुनील कुमार आनंद, रमेश कुमार तथा अन्य लोगों ने मिलकर बच्चों को भोजन परोसा ह्यट्रस्ट की वरिष्ठ सदस्य व "नारी शक्ति मिशन" कि संचालिका श्रीमती नेहा वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट बालिका शिक्षा, बालिका सशक्तिकरण, व बालिका स्वास्थ्य का कार्यक्रम लगातार चला रहा है । ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य मनोज प्रताप ने बताया कि हमारा मिशन है देश का हर बच्चा शिक्षित और स्वस्थ हो । ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ विजय शंकर मौर्य ने बतायाट्रस्ट सदैव समाज के लोगों को जोड़कर उनके सहयोग से इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित करता रहता है ।

### डीएम ने व्यापारियो से रोड पटरियों को छोड़कर दुकान लगाने की



**बस्ती –** जिले में दीपावली, गोवर्धन पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराए जाने को लेकर डीएम रवीश गुप्ता व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक किया। अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि व्यापारी बंधुओं से अपील किया की रोड पटरियों को छोड़कर दुकान लगाई जाए। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को कोई समस्या न होने पाए। पटाखों की दुकान निर्धारित स्थानों पर ही लगाई जाए। एसडीएम एवं अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को मूर्ति विसर्जन तथा छठ पूजा त्योहारों के निर्धारित स्थलों को चिह्नित करते हुए साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि बड़े पटाखें न छोड़े जाए तथा परिवार की देख-रेख में ही बच्चे पटाखे जलाएं। थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पटाखों की लाइसेंस के विषय में मीटिंग कर लें, जिससे जल्द से जल्द लाइसेंस निर्गत किया जा सके। जनपद के संभ्रांत नागरिको एवं समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव साझा किया। इस बाबत एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने कहा कि निर्धारित स्थल पर ही पटाखों की दुकानें लगाई जाएं। संचालन करते हुए एएसपी ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही अफवाह फैलाएं। मूर्ति स्थापना के लिए सक्षम स्तर से अनुमति लेनी होगी।

स्वतंत्र प्रभात

## लेखपाल रामजीत के खिलाफ ग्राम पंचायत नयकापार समेत अन्य ग्रामवासी जल्द ही खोलेंगे मौर्चा

**● - ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल रामजीत पर लगाया धन उगाही का आरोप**

**- मनचाहा सुविधा शुल्क न मिलने पर उल्टा सीधा रिपोर्ट लगाते हैं हल्का लेखपाल रामजीत - ग्रामीण**

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** बस्ती जिले केतहसील हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नयकापार एवं ग्राम पंचायत सड़वलिया में तैनात हल्का लेखापाल रामजीत के खिलाफ जल्द ही ग्रामीण मौर्चा खोलने की तैयारी में जुटे हैं । ग्रामीणों ने कहा कि हल्का लेखपाल रामजीत द्वारा ग्राम पंचायत में आय प्रमाण पत्र में आनलाइन रिपोर्ट लगाने के नाम पर मनचाहा सुविधा शुल्क की मांग करते है और जब हल्का लेखपाल को मनचाहा सुविधा शुल्क नही मिलता है तो उल्टा सीधा रिपोर्ट लगा देते हैं । हल्का लेखपाल रामजीत के द्वारा आय प्रमाण पत्र में उल्टा सीधा रिपोर्ट लगाने के कारण पात्र गरीब परिवारों को सरकारी योजानाओं का लाभ नहीं मिल पाता है जैसे नया राशन कार्ड बनवाने में, पेंशन में, प्रधानमंत्री आवास, छात्रवृत्ति योजना का लाभ आदि सरकारी योजानाओं से वंचित रह जा रहे हैं । घरौनी दर्ज करने के नाम पर भी मोटी रकम की मांग करने का भी आरोप लगाया है । ग्रामीणों ने कहा कि यदि ऐसे ही हल्का लेखपाल रामजीत के द्वारा रिपोर्ट लगाने के नाम पर उत्पीड़न अथवा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर अवैध धन उगाही जारी रही तो ग्रामीणों को मजबूर होकर इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जायेगी और हल्का लेखपाल राम जीत द्वारा अवैध धन उगाही की जांच-पड़ताल कराकर हल्का लेखपाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जायेगी । उक्त प्रकरण में उप जिलाधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी तहसील के लेखपाल ग्रामपंचायत महादेवरी मे प्राथमिक विद्यालय की जमीन खाली करने में आनाकानी कर रहे हैं इससे यह प्रतीत होता है की जमीन की बिक्री करके दबंग के हाथों में पर कब्जा कर दिया कई बार शिकायत करने पर लेखपाल फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर रहे हैं।

## बस्ती जिले में डा0 सरफराज के रसूख के आगे बौने पड़े सीएमओ और एसीएमओ एसबी सिंह

**● - आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित कर डा0 सरफराज ने खड़ा किया अपना काला साम्राज्य- जनपदीय स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डा0 सरफराज के आगे टेक चुके हैं घुटने**

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले के जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डा0 सरफराज व उनकी पत्नी डा0 शिबा खान की नियम विरुद्ध तैनाती इन दिनों मीडिया में सुर्खियां बनी हुई है । दाम्पत्य नीति की चादर ओढ़ डाक्टर दाम्पत्य सरकारी सेवा के साथ - साथ निजी अस्पताल संचालित कर शासनादेश को तार- तार कर रहे हैं और जिम्मेदार कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मामूली सी गल्ती करने वालों पर बुल्डोजर गरज रहा है जबकि जिला अस्पताल में तैनात डा0 सरफराज व उनकी पत्नी शिबा खान सरकारी सेवा के साथ-साथ प्राइवेट अस्पताल चलाकर काली कमाई को अंजाम दे रहें हैं । सूत्रों ने तो यहाँ तक बताया है कि डा0 सरफराज ने अपने निजी अस्पताल तक मरीज पहुंचाने के लिए जिला अस्पताल में अपने चहेते आदमी पाल रखे हैं जो जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को डा0 सरफराज के निजी अस्पताल तक पहुंचाते हैं । सरकारी सेवक रहते हुए निजी अस्पताल चलाना वैसे ही कानूनी रूप से जुर्म है ऊपर से डाक्टर दाम्पत्य की काली कमाई के चलते डाक्टर दाम्पत्य ने अपना काला साम्राज्य स्थापित कर लिया है । डाक्टरों की काली कमाई का डा0 सरफराज नाम केवल एक नमूना नहीं हैं बल्कि जनपद मुख्यालय पर ऐसी काली कमाई करने वालों की संख्या दर्जन पार कर जायेगी जिनकी जाँच व बुल्डोजर की कार्यवाही जनहित में जरूरी हो गयी है ।

## पटाखों की दुकानों को निर्धारित स्थानों पर ही लगाये - जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले मे आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा का त्यौहार शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कलेक्टेऊट सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक आहूत किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारी बन्धुओं से अपील है कि रोड पटरियों को छोडकर दुकान लगायी जाय, जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को कोई समस्या ना होने पायें। उन्होने यह भी कहा कि पटाखों की दुकानों निर्धारित स्थानों पर ही लगायी जाय। उन्होने उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को मूर्ति विसर्जन तथा छठ पूजा त्योहारों के दृष्टिगत निर्धारित स्थलों को चिन्हित करते हुए साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा हेतु बड़े पटाखें ना छोड़े जाय तथा परिवार के देख-रेख में पटाखें जलायें जाय। उन्होने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि दुकान हेतु पटाखों की लाइसेंस के विषय में मीटिंग कर ली जाय, जिससे जल्द से जल्द लाइसेंस निर्गत किया जा सकें। इस अवसर पर जनपद के संभ्रांत नागरिको एवं समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझावों को साझा किया, जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा संज्ञान लिया गया। अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल चौहान ने कहा कि निर्धारित स्थल पर ही पटाखों की दुकान लगायी जाय। निरीक्षण के दौरान अगर मानक के अनुसार नही पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होने यह भी कहा कि पटाखों के लाइसेंस निर्गत हेतु एकल विण्डों स्थापित किया जा रहा है, जिससे पटाखा व्यवसाईयों को कम समय में लाइसेंस निर्गत किया जा सकें। उन्होने पटाखों के दुकान व्यवसाईयों से अपील किया है कि अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत उचित मात्रा में बालू, पानी व आवश्यक यंत्रों का भण्डारण रखें। बैठक का संचालन करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान ना दें और ना ही अफवाह फैलाये। पूर्व की भॉति हम सब की जिम्मेदारी है कि दीपावली त्यौहार को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। उन्होने यह भी कहा है कि मूर्ति स्थापना के लिए सक्षम स्तर से अनुमति लेनी होगी। बैठक में सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, ज्वाइंट मजिस्टेऊट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, विनोद पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, ईओनगरपालिका सुनिष्ठा सिंह, संबंधित क्षेत्राधिकारी, डीपीआरओ रतन कुमार, डीसी मनरेगा संजय शर्मा सहित संभ्रांत नागरिक व पत्रकारबन्धु उपस्थित रहें।

## प्रोफेसर डॉ नवीन सिंह 'चरक', राम मोहन पाल 'योग' सम्मान से सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले से विगत तीन दशकों से ज्यादा समय से आयुर्वेद,एक्यूप्रेशर,योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की सेवा दे रहे नेचुरोपैथी योग एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विश्व संवाद परिषद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव, अखिल भारतीय प्रकृतिक चिकित्सा परिषद दिल्ली के क्षेत्रीय सचिव प्रोफेसर डॉ नवीन सिंह को प्राकृतिक चिकित्सा में आयुष चिकित्सक विशेष ÷चरक÷ सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं विश्व संवाद परिषद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष योगाचार्य राम मोहन पाल को योग चिकित्सक विशेष ÷योग÷ सम्मान से नवाजा गया।

थरौली में युवा विकास समिति द्वारा कल्चर फंक्शन प्रोडक्शन ग्रांट के तहत संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित अवधी भोजपुरी नाट्य उत्सव, लोक गायन व लोक नृत्य का एक दिवसीय आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रमोद पाण्डेय जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा ने डॉ नवीन सिंह एवं राम मोहन पाल को सम्मानित किया। आयुष चिकित्सक विशेष सम्मान पाने पर एनवाईएसडीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार राणा, प्रो डॉ सिया प्रताप सिंह, योगाचार्य डॉ रमेश चंद्रा, प्रो डॉ अर्चना दुबे, प्रो डॉ शहरोज रिज़वी, डॉ अंतिम जैन, बृहस्पति कुमार पाण्डेय,डॉ संगीता यादव, राममूर्ति मिश्रा , अवधेश पांडेय,ओम प्रकाश आर्य, गरुण ध्वज पांडेय,विशाल पांडेय, वेदांत सिंह,डॉ.नवजोत सिंह, डॉ.श्रवण कुमार ,आदि आयुष चिकित्सकों एवं सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## बिशन पुरवा चौराहेपर वैन ने स्कूल बस में पीछे से मारी टक्कर, वैन सवार दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल

**● अब तक न्याय -धीरेंद्र बहादुर सिंह**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले मे दोपहर ब्लॉक रुधौली विशुन पुरवा चौराहे पर वैन ने स्कूल बस में पीछे से टक्कर मारी जिससे ग्राम - पिपरा खुर्द थाना रूधौली की रहने वाली नूरजहां पत्नी नबीरहम् उम्र 45 वर्ष तथा बड़मानी कला, थाना बसखारी जिला अंबेडकर नगर रहने वाले कपिल देव मौर्य पुत्र केशव राम मौर्य उम्र 34 वर्ष अपने घर जा रहे थे। तभी अचानक वैन स्कूल बस में जा टकराई जिससे इन सभी को गंभीर चोट आई। जिससे गंभीर रूप से घायल दोनों को मौके पर मौजूद आसपास के लोगों द्वारा तत्काल एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन लगाया। फोन लगाने की कुछ ही समय बाददेवदूत बने सारथी108 की एंबुलेंस कुछ ही समय में घटनास्थल पर पहुंच गई। सूत्रों की माने तो खबर लिखे जाने तक एंबुलेंस में मौजूद चालक एवं ई.म.टी द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली में भर्ती करा दिया ; जहां उनका उपचार चल रहा है।

## भुगतान को लेकर खाताधारक काट रहा अधिकारियों का चक्कर, खाताधारक को मिली धमकी

**● लक बैंक के इकौना ब्रांच का मामला**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** प्राइवेट बैंक लक में जमा धान की अवधि पूरा हो जाने पर निकासी को लेकर खाता धारक महीनों से बैंक के एजेंट वा अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। खाताधारक का आरोप है कि जमा धान का आधा रुपए बैंक के द्वारा भुगतान के बजाय बैंक के मैनेजर ने गूगल पे के माध्यम से किस्तों में किया है। अभी आधा भुगतान अभी बाकी है। जिसको लेकर अब बैंक के अधिकारी कोई जवाब नहीं दे रहे है। वहीं बैंक से जुड़े एक एजेंट रुपया भूल जाने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। खाताधारक संतोष नायक ने बताया कि वह देवीपाटन में वर्षों से किराए के मकान में रहकर चश्मा व पर्स का व्यापार कर रहा है। बीते वर्ष 2023 में लक बैंक के एजेंट तुलसीपुर के पुरानी बाजार निवासी सुनील सोनी से एक वर्ष के लिए खाता खोलवाया जो रोजाना 700 रुपये तीन खाते के लिए ले जा रहे थे। जिसका अवधि पूरा हो जाने पर भुगतान के लिए परेशान हैं। बैंक एजेंट के द्वारा उसका खाता श्रावस्ती के इकौना ब्रांच में खोला गया है। ब्रांच मैनेजर से लगातार निवेदन के बाद आधा भुगतान गूगल पे के माध्यम से बैंक मैनेजर के द्वारा किस्तों में किया गया है। अभी आधा भुगतान 1लाख 45हजार बकाया है। जिसको लेकर कोई समुचित जवाब नहीं दे रहे हैं। तुलसीपुर में एजेंट सुनील सोनी के सीनियर अधिकारी अधिकारी ने आधा रुपया भूल जाने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने मामले की शिकायत अधिकारियों से करते हुए जांच कर कार्रवाई की जाने की मांग की है। मामले को लेकर एजेंट सुनील सोनी ने बताया कि रुपये मेरे द्वारा ब्रांच में जमा किया गया है । गलती बैंक मैनेजर की है।

## 49वी उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट प्रतियोगिता 2024 में बलरामपुर पुलिस के आरक्षी ने शूटिंग एयर राइफल 10 मीटर में द्वितीय स्थान किया हासिल

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर –** 49वी उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट प्रतियोगिता 2024 में बलरामपुर पुलिस के आरक्षी ने शूटिंग एयर राइफल 10 मीटर में द्वितीय स्थान किया हासिल आरक्षी को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ने मेडल, प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार प्रदान कर किया सम्मानित वार्षिक खेल-कूद कैलेन्डर 2024 के अनुसार 49वी उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्ट राइफल/रिवाल्वर/ पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म इफीसियेंसी रेस प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 11वी वाहिनी पीएसी सीतापुर में दिनांक 03.10.2024 से 09.10.2024 तक आयोजित की गयी थी। जिसमें जनपद बलरामपुर पुलिस के आरक्षी रितेश सिंह ने गोरखपुर जोन की टीम की तरफ से प्रतिभाग करते हुए शूटिंग एयर राइफल 10 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शूटिंग प्रतियोगिता में बलरामपुर पुलिस के खिलाड़ी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोरखपुर जोन व बलरामपुर पुलिस का मान बढ़ाया जिसके उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार ने आरक्षी को मेडल पहनाते हुये प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार रु0 5000/ प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। उन्होने कहा कि आपके द्वारा मेहनत व लगन से उच्च कोटि का प्रदर्शन किया गया। जिससे जनपदीय पुलिस को आप पर गर्व है, आगे भी और अधिक बेहतर प्रदर्शन करनें हेतु प्रेरित किया गया।

## उपनिबंधन कार्यालय के नये भवन निर्माण का हुआ भूमिपूजन

स्वतंत्र प्रभात



**मिल्कीपुर अयोध्या।** बृहस्पतिवार को मिल्कीपुर उपनिबंधन कार्यालय के नये भवन निर्माण का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन हुआ, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जायेगा।आपको बताते चलें की मिल्कीपुर तहसील के बगल स्थित नलकूप विभाग के भवन में सन् 1995 से उपनिबंधन कार्यालय चल रहा था,अभी तक इस विभाग के पास अपना स्वयं का भवन नहीं था। रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को कार्यालय पहुंचने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, रोड पर बज बजाती नालियों का गंदा पानी जमा रहता था, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी, वही नलकूप विभाग का भवन भी जर्जर हो चुका है। जिसको देखते हुए शासन के निर्देश पर छत्ता का पुरवा आस्था मैरिज लान के बगल चिन्हित भूमि पर मंत्रोच्चार के साथ निर्माणाधीन भवन का भूमि पूजन हुआ। उप महानिरीक्षक निबंधन निरंजन कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन योगेन्द्र प्रताप ने बताया की 2 करोड़ 28 लाख की लागत से भवन का निर्माण हो रहा है, जो मार्च तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस कार्यालय में सेड, शौचालय, कैंटीन, सहित अन्य सुविधाएं रहेगी। इस मौके पर संजय कुमार यादव उप निबंधन मिल्कीपुर, डा अमृता जायसवाल उपनिबंधन बीकापुर, सुनील कुमार मौर्य अवंर अभियंता निर्माण खण्ड चार आवास विकास अयोध्या मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का समापन

स्वतंत्र प्रभात



**बीकापुर आयोध्या-** खंड शिक्षाधिकारी बीकापुर के दिशा निर्देश में शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू कनक में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंद्रा कुमारी ने किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन बच्चों ने झंडारोहण किया। गाइड को प्रतिज्ञा दिलाई गई। स्काउट गाइड का झंडा गीत प्रस्तुत किया गया। दूसरे दिन बिना बर्तन के बच्चों ने भोजन बनाया तथा सभी को चखाया। तीसरे दिन गाइड के बच्चियों ने तंबू बनाकर रहना सिखाया एवं कुछ योग के माध्यम से विशेष कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। स्काउट गाइड प्रशिक्षण के दौरान परिषदीय स्कूलों के बच्चों द्वारा अपने-अपने तंबू को गुब्बारे तौलिया चुनरियों आदि से सजाया गया था।

स्काउट गाइड का समापन राष्ट्रगान करवा कर तथा झंडे को उतार कर उसको सेल्यूट देकर किया गया। तथा बच्चों ने महापुरुषों के याद में नारे भी लगाए गए। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्याय पंचायत नोडल संकुल प्रभारी राधे श्याम, अंबेश, पूर्व नोडल संकुल आनंद कुमार एवं विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान सहायक अध्यापक महेश कुमार मौर्य, यूनिट लीडर रुपाली शर्मा, सविता, लक्ष्मी, एवं नीलम तथा अभिभावक मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता मनीष दुबे के पत्र का निर्वाचन अधिकारी ने लिया संज्ञान

**● जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी को कार्यवाही कर अवगत कराने का दिया निर्देश**

**कांग्रेस नेता मनीष दूबे ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग में 05 वर्षो से ज्यादा समय से जमे अधिकारियों/कर्मचारियों के ट्रांसफर को लेकर निर्वाचन आयोग से की थी शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात



**हलिया।** पूर्व छात्रसंघ महामंत्री व कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता मनीष दुबे में जनपद में चल रहे उपचुनाव को निष्पक्षता पूर्वक संपन्न कराने के लिए जनपद में वर्षो से कुंडली मारकर बैठे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का गैर जनपद में स्थानान्तरण करने को लेकर पत्र लिखा। कांग्रेस नेता ने उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजे पत्र के माध्यम से बताया कि शासन द्वारा जारी स्थानान्तरण नीति से इतर मिर्जापुर जिले में स्वास्थ्य विभाग में तैनात कुछ अधिकारी कई वर्षो से जमे है, वर्षो से जमे रहने के कारण अधिकारियों ने जिले के कई नामचीन नेताओ तथा जनप्रतिनिधियों के बीच अच्छी पकड़ बना ली है। वर्षो से जमे ये अधिकारी इस नेताओ के इशारे पर काम करते है, स्वास्थ्य विभाग में निकलने वाले ज्यादातर टेंडर आदि कार्य अधिकारियों द्वारा इन्हीं नेताओ के इशारे पर आवंटित किए जाते है। गौरतलब है कि जनपद की मझवां विधानसभा सीट पर उपचुनाव चल रहा है ऐसे में वर्षो से जमें अधिकारियों और नेताओं के गठजोड़ के चलते निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संभव नहीं है। कांग्रेस नेता ने पत्र के माध्यम से स्वास्थ विभाग में विभिन्न पदों पर वर्षो से जमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीएल वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश प्रसाद, डिप्टी सीएमओ डॉ अवधेश कुमार सिंह, लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ संजय सिंह, सीएचसी कछवा प्रभारी डॉ चंद्रबली पटेल, पीएचसी चुनार पर कार्यरत डॉ राकेश पटेल, सीएचसी जमालपुर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजन, डा अमल दत्त मिश्रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर प्रभारी डा रत्नाकर मिश्र सहित डा राजेंद्र प्रसाद जैसल आदि अधिकारियों सहित 05 वर्षो से अधिक समय से जमें उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के ट्रांसफर गैर जनपद अथवा मंडल में करने की मांग की। कांग्रेस नेता मनीष दुबे के पत्र पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को तत्काल ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जाजूपुर में घटतौली की शिकायत उच्चाधिकारियों से की

**अतरौली, हरदोई।** विकासखंड भरावन की ग्राम पंचायत जाजूपुर के ग्रामीणों ने कोटेदार द्वारा राशन वितरण में की जा रही घटतौली की शिकायत मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों से की है। ग्रामीण राजेश्वरी, रामदेवी, मुनीशा, पार्वती, मोनी, सावित्री, माया, कमला, आशा, गीता, रामा, गायत्री, चांदनी सहित 21 कार्डधारकों ने मुझयमंत्री, उपजिलाधिकारी संडीला व जिला पूर्ति अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कोटेदार द्वारा प्लास्टिक की बाल्टी रखकर दो से छः किलो तक कम राशन देने की शिकायत कर कारवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि एकता स्वयं सहायता समूह की कोटेदार नीतू के पति रामबाबू वितरण के दौरान लाभार्थियों से अभद्र व्यवहार करते हैं।

## वकीलों ने की प्रत्येक दिन अभिलेखों के निरीक्षण की मांग

### डीएम को भेजा शिकायती पत्र



**हरदोई।** मोआफिज खाना मॉल में प्रत्येक दिन प्रत्येक अभिलेखों के निरीक्षण के आदेश पारित करने की मांग अधिवक्ता बंधुओ ने जिला अधिकारी से की है अधिवक्ताओं ने अपने प्रेषित पत्र में जिला अधिकारी को अवगत कराया है कि कुछ दिनों से साप्ताहिक अवकाश रविवार के अलावा बुधवार और शनिवार को अभिलेखों का निरीक्षण नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण वादकरियों का हित प्रभावित हो रहा है अधिवक्ता आलोक मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र में मांग की गई है कि मोआफिज खाना मॉल में प्रत्येक दिन सभी अभिलेखों का निरीक्षण करने का आदेश पारित करने की कृपा करें जिससे कि वाद कारियों का अहित न हो सके। प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में आलोक कुमार मिश्रा ऋषि कुमार समेत आधा दर्जन अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर है।

## किसान की चापड़ से काटकर हत्या

**बिलग्राम हरदोई।** एक अधेड़ की चापड़ से गला रेत कर हत्या कर दी गई। गांव में घर के सामने अपने गोड़े में जानवरों की रखवाली करने के लिए वहां सोता था। घटना का पता सुबह लगा जब छोटा भाई उसको देखने गया। भाई पहुंचा तो खून से लथपथ अधेड़ का शव चारपाई पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बिलग्राम थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में सुनीत कुमार उर्फ चंपू (52) पुत्र गोकर्ण की चापड़ से गला रेतकर हत्या कर दी गई। बताया गया घटना देर रात की है। जानवरों की देखभाल करने के लिए घर के सामने स्थित गौड़ा में सोता था। सुबह उसका छोटा भाई बड़े भाई को देखने के लिए गया तो वह खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा मिला है। मृतक अविवाहित था।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

तीन भाइयों में वो सबसे छोटा था। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी नृपेंद्र कुमार ने बताया कि चापड़ से अधेड़ की हत्या की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कुछ प्वाइंट्स मिले हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।

## विषैले जंतु के काटने से किशोर की मौत




**निगोहां लखनऊ।** मोहनलालगंज निगोहां के अघाईया गांव में चारपाई पर सो रहे 13 वर्षीय मासूम छात्र को एक जहरीले जंतु ने काट लिया उल्टियाँ हुई तो परिवारीजनों उसे निजी अस्पताल लेकर पहुचे जहां डॉक्टर ने दूसरी जगह दिखाने की बात कही तो परिवारीजन सीएचसी बछरांवा लेकर पहुचे जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अघाईया निवासी किसान मायाराम के अनुसार उसका बेटा सुभाष (13) गांव के बेसिक विद्यालय में कक्षा 7 का छात्र था। बुधवार रात खाना खाने के बाद सुभाष सो रहा था तभी अचानक रात 11 बजे एक बार उसको उल्टी हुई,उसके बाद सुभाष फिर से सो गया, और जब दोबारा उसको उल्टी हुई तो सुभाष की हालत बिगड़ गई तो वह कुछ बता नहीं पाया, जिसके बाद परिवारीजनों को आशंका हुई और चारपाई पर लगे बिस्तर को पलटा तो उसके अंदर छिपकली की प्रजाति का जीव निकला तो परिवारीजनों ने आनन फानन सुभाष को लेकर निजी अस्पतालो के चक्कर लगाते रहे,लेकिन मौजूद चिकित्सकों ने उपचार करने से मना कर दिया।उसके बाद परिवारीजन सीएचसी बछरांवा लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। मौत खबर सुन घर मे कोहराम मच गया। मृतक की मां कांति और छोटा भाई साहिल व बहन सुहानी हैं।

# शटरिंग व्यवसाई ने जहर खाकर की खुदकुशी

**● - ...मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

स्वतंत्र प्रभात

**निगोहां लखनऊ।** मोहनलालगंज निगोहा गांव के एक शटरिंग व्यवसायी ने जहर खाकर जान दे दी। घटना की सूचना पर निगोहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे के कार्रवाई की जाएगी। निगोहां गांव निवासी ऊषा देवी ने बताया कि उसका इकलौता बेटा पुष्पेंद्र यादव (36) बुधवार शाम करीब 4 बजे घर से निकला था लेकिन वह देर रात तक वापस नही लौटा तो इधर-उधर खोजबीन की गई किंतु कहीं पता नही चला गुरुवार सुबह जब वह अपने अन्य परिवारीजनों के साथ बेटे को खोजते हुए गांव बाहर मदारी खेड़ा जाने वाले मार्ग पहुची तो झाड़ियों के पास उसके बेटे का शव पड़ा मिला शव के पास ही चूहा मारने वाली जहर की खाली पुड़िया और चप्पल व मोबाइल हुआ था, मुह से झाक निकल रहा था। वहीं मौत की सूचना पर घर मे कोहराम मच गया सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृस्टिय जांच में सामने आया है कि यह शटरिंग का कारोबार आगे बढ़ाने के लिए घर में कुछ पैसों की मांग कर रहा था। पैसा न मिलने की स्थिति में इसने जहर खाकर जान दी है। परिवारीजनों ने किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी मौके पर आई हुई थी।



मृतक फाइल फोटो

फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। म्रतक पुष्पेंद्र ने बीते 12 अक्टूबर को 11 माह के इकलौते बेटे निखिल का मुंडन संस्कार भी किया था। वहीं मौत की सूचना पर पत्नी कल्पना का रो- रो बुरा हाल है।

# मोहनलालगंज में आईटीबीपी ने मनाया 63 वां स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ मोहनलालगंज।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) ने आज अपने 63वें स्थापना दिवस का आयोजन क्षेत्रीय मुख्यालय लखनऊ में किया। इस अवसर पर आईटीबीपी लखनऊ के डीआईजी आर.पी.एस. रघुवंशी ने जवानों को सलामी दी और सभी अधिकारियों एवं जवानों से मिलकर हौसला अफजाई की।

आईटीबीपी, जो भारतीय सुरक्षा बलों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, की स्थापना 24 अक्टूबर 1962 को भारत और तिब्बत के बीच सीमा की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। यह दिन साहसी जवानों की वीरता और समर्पण को सम्मानित करने का अवसर है, जो कठिन भूभाग और प्रतिकूल मौसम में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं।डीआईजी रघुवंशी ने कहा कि कैसे हिमवीर -40 डिग्री सेल्सियस तापमान पर तैनात रहकर सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। यह स्थापना दिवस न केवल बल की उपलब्धियों को दर्शाता है, बल्कि जवानों के अदम्य साहस को भी उजागर करता है।



# भगवती जागरण में मां के गीतों पर पूरी रात झूमे भक्त

स्वतंत्र प्रभात

**संडीला (हरदोई)।** नगर के उन्नाव रोड स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर के सामने दशवां विशाल मां भगवती जागरण में श्रोता पूरी रात मंत्रमुग्ध हो गए और मां का गुणगान सुनते रहे। जागरण में पेश की गई झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। जय मां दुर्गे परिवार सेवा समिति द्वारा आयोजित इस जागरण में कानपुर की आदि शक्ति जागरण पार्टी कानपुर ने माता जी के शानदार गीत प्रस्तुत किए शैलजा कपूर कानपुर, कंचन त्रिवेदी कानपुर , शेखर श्रीवास्तव कानपुर , कुंवर निहाल कानपुर ने चलो बुलाया आया है , मईया का चोला है रंग दा , सहित आदि गीत प्रस्तुत कर भक्तों का मन मोह लिया।





शिवा शालू झांकी ग्रुप कानपुर ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की कृष्ण राधा, काली मां,बाबा भोलेनाथ का तांडव देख दर्शकों ने तालियां बजाई वही गुरुवार कों गाजे बाजे के साथ ज्योति विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम से नगर के मुख्य मार्ग होते नैमिषारण्य में ज्योति विसर्जित की गई। जागरण में मनोज कश्यप, विमलेश, अंकित गुप्ता, विजय गुप्ता, लव कुश, रितेश सिंह लकी, सूरज पांडे नितेश सिंह, शिवा गुप्ता, विनोद शुक्ला, अमन कनौजिया, सहित भक्तगण मौजूद रहे।

# बुखार से दो मौतों के बाद भी नहीं चेत रहे सीएचसी अधीक्षक

स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र मे स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की लचर कार्य प्रणाली के चलते जहाँ एक तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उमड़ रही मरीजों की भारी भीड़ को जबरदस्त परेशानी हो रही है वहीं नगर सहित पूरे क्षेत्र मे डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, वायरल फीवर का आतंक चरम पर है द्य बीते एक सप्ताह के भीतर नगर मे बुखार के चलते दो मौतें होने के बाद से स्थिति और अधिक चिन्ताजनक हो चली है किन्तु इसके बावजूद भी स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक की भ्रष्ट कार्यशैली ज्यों की त्यों बनी हुई है द्य उनकी तैनाती के बाद से ही लगभग डेढ़ माह का समय बीत जाने के बाद भी तहसील मुख्यालय पर रात्रि निवास ना करना और लखनऊ मुख्यालय से 12 बजे सीएचसी पहुंचना और शाम 4 बजे ही रवाना हो जाना लोगों के बीच चर्चा का बिषय बना हुआ है द्य बताते चलें कि बीते शुक्रवार को नगर के मोहल्ला इंद्रानगर मे हरिशंकर जायसवाल की पुत्री मानसी जायसवाल की फीवर के कारण अचानक मौत हो गई और बुधवार को अफसर हुसैन की बेटी जारा की डेंगू के कारण मौत हो गई थी जिसके बाद से ही लोगों के बीच खौफ का माहौल है द्य इस सम्बन्ध मे जब सीएचसी अधीक्षक अरविन्द बाजपेई से उनका पक्ष जानने के लिए उनके नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया तो कई बार मिलाने के बाद भी उनका फ़ोन नहीं उठा। वहीं दूसरी तरफ जब इस सम्बन्ध मे उप जिलाधिकारी आकांछा गौतम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही कीटनाशकों के छिड़काव के लिए सम्बंधितों को निर्देशित किया जायेगा और कस्बे मे पालिका प्रशासन द्वारा जल्द ही फागिग कराई जाएगी। जब इस सम्बन्ध मे अधिशाषी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल से बात



की गई तो उन्होंने कहा कि नगर मे रोस्टर के हिसाब से फागिंग कार्य हो रहा है और डेंगू प्रभावित वार्डो मे एंटी लार्वा का विशेष रूप से छिड़काव कराया जायेगा। लेकिन सच्चाई के आईने मे झांके तो अस्पताल प्रशाशन सहित कोई भी जिम्मेदार अधिकारी जन स्वास्थ्य से जुड़े इस मुद्दे पर गंभीर नहीं दिख रहा है और आम जनमानस मरने या प्राइवेट/ झोलाछाप डॉक्टरों के हाथों लुटने को मजबूर है।

# सामुदायिक कंपोस्टर से निकाय के वार्डो में तैयार की जाएगी कंपोस्ट खाद

**● -नंदन वार्ड को बनाया गया आत्मनिर्भर वार्ड- संध्या मिश्रा**

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** 24 अक्टूबर नगर पंचायत बीकेटी तथा आईटीसी मिशन 'सुनहरा कल' के संयुक्त तत्वाधान में बृहस्पतिवार को आदर्श वार्ड के रूप में चयनित नंदना वार्ड 13 में नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत तथा अधिशासी अधिकारी श्रीमती संध्या मिश्रा के द्वारा एक सामुदायिक कंपोस्टर का शुभारंभ करके नंदना स्वच्छता समिति के सदस्यों की देखरेख में समर्पित किया गया। इस कंपोस्टर के माध्यम से वार्ड से निकले हुए गीले कचरे का समुचित प्रबंधन किया जा सकेगा इसमें तरल और ठोस दो तरह की कंपोस्ट तैयार होगी जिसका लाभ वार्ड के नागरिकों को मिलता रहेगा। निकाय के ब्रांड एंबेसडर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिस तरह से आज के परिवेश में जैविक खेती की आवश्यकता है सामुदायिक कंपोस्टर से निकाय के कचरे से ही जैविक खाद तैयार की जाएगी जिसका प्रयोग किचन गार्डन, बागवानी, फूल उत्पादन एवं सब्जी फसलों के लिए अधिक लाभकारी होगी।



कार्यक्रम के दौरान मोहल्ला स्वच्छता समिति के सदस्य शिव बहादुर सिंह चौहान, ब्रांड एंबेसडर योगेंद्र शुक्ला, वार्ड सभासद दिलीप कुमार यादव, आईटीसी से सुभाष द्विवेदी, साइट इंचार्ज जितेंद्र मिश्रा, सभासद विकास सिंह, अभिषेक सिंह, विमल कुमार सिंह अंकित सिंह अजीत सिंह आकाश सिंह, गौरव सिंह, शुभम सिंह, वार्ड सुपरवाइजर निर्भय सिंह एवं इतेंद्र सिंह कुलदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

# सार्थक टीवीएस एजेंसी का विधायक मनीष रावत ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**● - कमलापुर नहर चौराहे पर नया टीवीएस शोरूम खुला।**

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली/सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के कस्बा कमलापुर पर स्थित निकट पांडे धर्मकांट कमलापुर बृहस्पतिवार को सार्थक टीवीएस एजेन्सी का भव्य शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मनीष रावत विधायक विधानसभा सधौली ने फीता काटकर एजेंसी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आर डी वर्मा (गुरू जी) नरेंद्र कुमार सिंह गन्ना समिति डायरेक्टर रामगढ़, शिक्षक महेंद्र कुमार सिंह रहे। प्रबंधक राकेश कुमार संस्थापक आस्था स्किल डेवलपमेंट फाऊंडेशन ने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए उन्हें बेहतर सेवा देने का भरोसा दिलाया। प्रोपराइटर सरोजनी देवी ने बताया सभी ग्राहकों की सुविधा के लिए फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहारी लाल पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज मछरेहटा ने की इस मौके पर सुधीर रावत, दिनेश कुमर कर्मचारी बैंक ऑफ़ इंडिया, सुनील कुमर, पंकज सिंह संतोष कुमार विकास कुमार, अनूप कुमार, प्रदीप कुमार, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।



# डीएपी खाद न मिलने से किसान हुए परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**पिहानी हरदोई** आलू, सरसों, मटर व गेहूं की बोआई करने वाले किसान डीएपी न मिलने से परेशान हैं। पिहानी डीएपी करीब एक सप्ताह से नहीं है। ऐसे में किसानों को आसपास की मंसूर नगर करीमनगर समितियों में भेजा रहा है। वहां भी किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही है।इसे लेकर किसानों का आक्रोश फूटने लगा है। उधर, सहकारिता विभाग के अधिकारी खाद की कमी न होने की बात कर रहे हैं। अधिकारियों का तर्क है कि किसान जरूरत से अधिक खाद लेने का दबाव बनाते हैं, जिस कारण कुछ समितियों पर समस्या खड़ी हो रही है।

पिहानी व आसपास के इलाके में फसलों की बुवाई के दौरान डीएपी, एनपीके की अधिक खपत होती है। इस कारण प्रतिवर्ष इस दौरान खाद की कमी होती है। इसके बावजूद प्रशासन समय रहते डीएपी और एनपीके खाद की व्यवस्था नहीं करता है। जिसका परिणाम अब सामने आ रहा है। किसानों का आरोप है कि इनमें से अधिकतर समितियों पर डीएपी की कमी है। समितियों पर कम संख्या में खाद के बोरे आपूर्ति किए जाने के कारण किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पाता है। इस कारण फसलों की बुवाई में दिक्कत आती है।सहकारी समितियों पर 1350 रुपये प्रति बोरी मिलने वाली खाद निजी दुकानों पर 1500 रुपये प्रति बोरी तक दी जा रही है।




## बुजुर्ग को दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा, आई गंभीर चोटें, पुलिस ने नहीं कराया डॉक्टरी परीक्षण

**● - अपनी फरियाद लेकर थाने गए पीड़ित का पुलिस ने किया चालान**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोधनपुरवा गांव निवासी 66 वर्षीय विमल कुमार पुत्र वटेश्वर दयाल को उसके ही गांव के दबंग अंकुर तिवारी, अंकित तिवारी पुत्र मनोज तिवारी व विनोद तिवारी पुत्र कमलेश्वर नाथ व आकाश तिवारी पुत्र विनोद तिवारी आदि लोगों ने मिलकर बीते रविवार की सुबह लाठी- डंडों व लात-घूंसों से मारा-पीटा, शोर सुनकर दौड़कर मौके पर आए प्रदीप व अनिल तिवारी आदि आस-पास के लोगों ने पीड़ित विमल को बचाया।

आपको बता दें कि पीड़ित विमल कुमार एक बुजुर्ग व्यक्ति हैं, जिसके साथ उसके ही गांव के लोगों द्वारा उसके साथ लात-घूंसों व लाठी डंडों से मार-पीट की गई.. लेकिन स्थानीय पुलिस एक तरफ पीड़ित की शिकायत दर्ज करने के बजाय उसको हवालात में बंद कर देती है, तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस दबंगों को बुलाती है और पीड़ित के खिलाफ शिकायत लिखवाती है, ताकि दबंग अंकुर तिवारी व उसके परिवारीजनों का बचाव कर सके.. बाद में पुलिस ने गंभीर रूप से चोटिल पीड़ित विमल का कर दिया चालान।

पीड़ित विमल की मानें तो उसके गंभीर चोटें आई, जिसका डॉक्टरी परीक्षण कराया जाना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। स्थानीय पुलिस दबंगों के साथ मिली हुई है, जो दबंगों के खिलाफ़ कार्यवाही की बजाय, बचाव करती है।



अब देखना ये होगा कि क्या स्थानीय पुलिस की इस कार्यशैली को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की जाएगी या फिर पीड़ित यूं ही हरपालपुर पुलिस की मिलीभगत से दबंगों के अत्याचार का शिकार होता रहेगा?

# कृषक जागरूकता गोष्ठी/ प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** भरखनी विकास खण्ड में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेशन आत्मा योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू विधायक सवायजपुर द्वारा अधिकारियों के साथ गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिए अनेकों योजनायें चलायी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त फसलों के बीज निशुल्क मिनीकिट्स एवं अनुदान के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत किसानों के खाते प्रतिवर्ष छः हजार रूपये सीधे खाते में भेजे जा रहे है। किसान भाई कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, सोंलर पम्प योजना प्रमाणित बीज पर अनुदान योजना, कृषि यंत्रो पर अनुदान की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाये तथा अपनी आमदनी को बढ़ाये। उन्होने किसानों से फसल अवशेष/पराली न जलाने की भी अपील की। डा0 नन्द किशोर, उप कृषि निदेशक, ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना, 60 प्रतिशत अनुदान सोलर पम्प योजना 50 प्रतिशत अनुदान प्रमाणित बीज पर अनुदान योजना, 80 एवं 50 प्रतिशत पर सभी प्रकार के कृषि यंत्रो पर अनुदान की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने किसानों को एनपीके खाद के प्रयोग करने एवं अपनी फसलों में सन्तुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह दी। इसके अलावा उन्होने किसानों को जैविक खेती एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गयी। उन्होने किसानों से विशेष अपील की कि फसल अवशेष/पराली कदापि न जलाये। उन्होने पराली से खाद बनाने की विधि के बारे भी किसानों को विस्तृत जानकारी दी। किसान भाई अपने खेत के फसल अवशेष/पराली को नजदीकी गौशालओं में दो ट्राली दान देकर वहाँ से अपने खेत के लिए 01 ट्राली उपयोगी गोबर की खाद प्राप्त सकते है। खण्ड विकास अधिकारी, भरखनी द्वारा किसानों को ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानाकरी दी डा0 आर0डी0 तिवारी, वैज्ञानिक गन्ना शोध संस्थान, शाहजहाँपुर ने गन्ना की उन्नतशील खेती के बारे में बताया गया। उन्होने किसानों को जैविक खेती एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गयी। उपरोक्त की तरह विकास खण्ड सुरसा में आज विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें रजनीश कुमार, मण्डल अध्यक्ष, बीजेपी, कविता अवस्थी, खण्ड विकास अधिकारी, अन्य अधिकारी/कर्मचारी एवं भारी संख्या में किसानों द्वारा गोष्ठी में भाग लिया गया। उक्त गोष्ठी में किसानों को कृषि विभाग अन्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। किसानों को फसल अवशेष प्रबन्धन के बारे में बताया गया। किसान को फसलों से सम्बन्धित कीट एवं रोग नियंत्रण एवं आगामी रबी सीजन में उगाई जाने वाली फसलों के लिए खेत की तैयारी के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।



# श्रीराम जानकी मन्दिर चन्दीपुर में आयोजित हुआ भव्य दुर्गा जागरण

स्वतंत्र प्रभात

**माधौगंज हरदोई।** गांव चंदीपुर में श्री राम जानकी मन्दिर परिसर में मां भगवती का भव्य जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पंचायती राज्य मंत्री प्रतिनिधि धर्मसिंह अर्कवंशी व सुप्रसिद्ध चिकित्सक डाक्टर अरविन्द सिंह एवं संजीव यादव एडवोकेट ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मां दुर्गा का पूजन अर्चन कर जागरण का शुभारंभ कराया। शुभम? म्यूजिकल ग्रुप लखनऊ द्वारा प्रस्तुत मां भगवती जागरण के होनहार निपुण कलाकारों शुभम सिंह सूर्यवंशी, शिल्पा सरगम,व अमर हमराही ने बेहतरीन भव्य झांकी व मधुर वाणी के संगीतमय स्वरों में भक्ति गीतों का अद्भुत समां बांधा जिससे श्रोताओं ने तालियां बजाकर भक्ति गीतों का खूब आनंद लिया और गीतों की धुन पर तमाम श्रोता भक्त जमकर थिरके। श्रीराम जानकी मन्दिर के निर्माणकर्ता एवं मां भगवती जागरण कार्यक्रम के संयोजक ?श्रीपाल सिंह अर्कवंशी (सेवा निवृत्त चीफ फार्मासिस्ट) ने मंत्री प्रतिनिधि हरदोई धर्मसिंह अर्कवंशी, डाक्टर अरविन्द सिंह एवं संजीव यादव एडवोकेट को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मां भगवती जागरण के शुभारंभ से पूर्व विद्वान आचार्य ने श्री राम जानकी मन्दिर में पूजा अर्चना कराने के साथ ही पंडाल में श्री गणेश,मां दुर्गा, मां सरस्वती समेत विभिन्न देवी देवताओं का वैदिक मन्त्रोंचचारण कर जितेन्द्र सिंह एवं योगेन्द्र सिंह से पूजन अर्चन करवाया। जागरण में श्री गणेश, मां दुर्गा, शंकर पार्वती की सुन्दर मनमोहक झांकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस



अवसर पर प्रमुख रूप से डाक्टर बाबूराम आर्य, सुशील सिह, कन्हैयालाल, सुरेश कुमार, सत्यपाल अर्कवंशी, रामनरेश आर्य, कृष्ण कान्त अर्कवंशी, हरीराम अर्कवंशी, राजवीर सिंह, उज्जवल सिंह अर्कवंशी, मनीष तिवारी, संगीत कुमार, राकेश सिंह अर्कवंशी समेत सैकड़ों नागरिक महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

# सरकारी क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा, मंडियों में हो रहा धान का नगद भुगतान

**● - सरकारी केंद्रों पर किसानों की नहीं हो रही धान की तौल, नियमों के प्रपंच को लेकर किसानों ने भी सरकारी केंद्रों से मुंह मोड़ लिया**

स्वतंत्र प्रभात

**पिहानी** सरकारी क्रय केंद्रों की अपेक्षा नकदी भुगतान की वजह से किसान हरदोई शाहजहांपुर सीतापुर मंडियों में धान बेच रहे हैं। यहीं वजह है कि एक तरफ सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है तो वहीं, मंडी में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। इन प्राइवेट मंडियों में किसानों को जरूरत पड़ने पर लाख दो लाख प्राइवेट व्यापारी एडवांस भी दे देते हैं। पिहानी क्षेत्र में इस बार धान की बंपर फसल हुई है। त्योहार से पहले किसान धान बेचने में जुटे हुए हैं। ऐसे में मंडी में हाथों-हाथ भुगतान होने की वजह से किसान क्रय केंद्रों के बजाय सीधे मंडियों में धान बेच रहे हैं। सरकारी धन केदो पर नियमों के प्रपंच में न पड़कर किसान सीधे नगद भुगतान लेकर धान को बेच रहा है। किसानों का आरोप है कि सरकारी केंद्रों पर बगैर दलाल के तौल नहीं होती है उसमें भी एक ट्राली में तीन से चार दिन का समय और सैकड़ो नियमों का पालन करना पड़ता है।आलम यह है कि धान क्रय केंद्र पर जाने वाले किसानों को धान में नमी ज्यादा होने की बात कहकर लौटा दिया जाता है, जिससे वे बाजार में औने पौने दामों पर धान बेंचने को मजबूर है। दूसरी तरफ भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि किसानों के धान की खरीद सभी सरकारी केंद्रों पर नहीं हो रही है। किसानों के धान में नमी बताकर तौल नहीं की जाती। जबकि, व्यापारियों का धान खरीदा जा रहा है। इसकी जांच कर क्रय केंद्र संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।



## दुकानदार ने बालिका से किया दुष्कर्म।

**सकरन थाना क्षेत्र के एक गांव का है मामला,आरोपी गिरफ्तार**

**बिसवां/सीतापुर** दुकान पर सामान लेने गई बालिका के साथ एक किशोर द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया। दरिंदगी के बाद बिगड़ी हालत में पीड़िता को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।सकरन थाना क्षेत्र के एक गांव में सात वर्षीय बालिका बुधवार दोपहर गांव के ही एक परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। दुकान पर अन्य कोई न होने की वजह से दुकानदार चांदआलम ने टॉफी देने के बहाने बालिका को बुला लिया और पीछे कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बालिका लहूलुहान हो गई। दरिंदे के चंगुल से छूटकर किसी तरह बालिका अपने घर पहुंची। परिजन बालिका की हालत देखकर घबरा गए, पूँछने पर बालिका अपने साथ हुई घटना के बारे में परिजनों को बताया। परिजन उसे थाने लेकर पहुँचे। जिसके बाद पुलिस ने बालिका को आनन फानन उपचार के लिए सीएचसी सांडा भेजा। हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसओ कृष्ण कुमार ने बताया पीड़िता को इलाज के लिए भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गांव में पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जगदीशपुर पुलिस द्वारा 01 अवैध तमंचा व 04 कारतूस 12 बोर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार




**जगदीशपुर अमेठी ।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक शिवबक्श सिंह थाना जगदीशपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आदित्य सिंह पुत्र रणविजय सिंह उम्र करीब 22 वर्ष , सुशील कुमार तिवारी उर्फ लाल जी उम्र करीब 33 वर्ष निवासीगण रनकापुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को सिधियावा फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के आदित्य के कब्जे से 01 तमंचा 01 जिन्दा कारतूस व 01 मिस कारतूस 12 बोर एवं अभियुक्त सुशील कुमार तिवारी उर्फ लाल जी के कब्जे से 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## पूरे कालिका बक्स में स्वच्छता ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन



**लालगंज रायबरेली** –आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के कर्मिक विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत आरेडिका के आस-पास के गाँवों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुरुवार को चौथे ग्राम चौपाल का आयोजन पूरे कालिका बक्स गाँव में किया गया। जिसमें जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आरेडिका के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में आरेडिका द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों, एवं किसानों ने भाग लिया। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ग्राम वासियों का स्वस्थ्य परीक्षण भी आरेडिका के चिकित्सालय के डाक्टरों की टीम के द्वारा किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पति-पत्नी ने की आत्महत्या

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सातनपुर गांव में बुधवार की रात को संदिग्ध परिस्थितियों में पति-पत्नी ने आत्महत्या कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि 13 वर्ष पहले दोनों ने गांव में ही प्रेम विवाह किया था। बुधवार की देर रात को बउवा (30) वर्ष पत्नी अनिल पासवान ने घर में पंखे की हुक से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। मृतका के भाई राहुल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही सुबह करीब 7¬15 बजे मृतका के पति अनिल का शव मुबारकपुर गांव के रेलवे ट्रैक के पिलर नंबर 120/7 के निकट क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक के भाई पवन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई करते हुए शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे दो बेटियां नित्या (5) अंशिका (2) को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## आगामी त्यौहारों को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**लालगंज (रायबरेली)।** आगामी त्योहारों के ममद्देनजर बृहस्पतिवार की शाम को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी के बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों में शांति बनाए रखें। माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की नजर है। जिस किसी ने भी माहौल बिगड़ने का प्रयास किया उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपने आसपास नजर बनाए रखने और खुराफाती तत्वों के बारे में जानकारी देने का आग्रह किया। दीपावली पर पटाखा विक्री के लिए नियमानुसार लाइसेंस लेना जरूरी है। अवैधरूप से विक्री पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राहुल भदौरिया, राहुल गुप्ता, डॉ. राजू, अजय गुप्ता, शिवचरन वर्मा,चौघड़िया वर्मा, प्रधान विरेन्द्र यादव शिवम गुप्ता,आदि व्यापारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

● जनपद में 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक चलेगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता व समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष अभियान की तिथियों 09 नवम्बर 2024, 10 नवम्बर 2024, 23 नवम्बर 2024 एवं 24 नवम्बर 2024 को निर्धारित हैं जहां पर प्रत्येक मतदेय स्थल पर सम्बन्धित बीएलओ मतदाता सूची के साथ दावे/आपत्ति प्राप्त करने हेतु उपस्थित रहेंगें। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक समस्त मतदान केंद्रों पर देखने हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि समस्त मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह के अन्दर बीएलए (बूथ लेवल एजेण्ट) को नियुक्त कर इसकी एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय अमेठी में 26 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को दावे और आपत्तियों की सूची फॉर्म 9, 10, 11 इत्यादि साप्ताहिक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त पूरक सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://ecouttarpradesh.nic.in/ पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं जिसका किसी भी व्यक्ति द्वारा उनका अवलोकन किया जा सकता है। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण का कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल एजेंट द्वारा एक बार में 10 दावे और आपत्तियां एवं पूर्ण अवधि में कुल 30 फॉर्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वेबसाइट www.ceouttarpradesh.nic.in ÂÚU search your Name Electroal Roll बटन पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से संबंधित विवरण की पुष्टि की जा सकती है तथा अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके भी मतदाता सेवाएं प्राप्त कर सकतें हैं। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग के निर्देशानुसार 'कोई भी मतदाता छूटे ना 'के क्रम में समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं इसमें किसी भी प्रकार की अनियमित ना बरती जाए।

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे पूर्व प्रधान के प्रतिनिधि लगा रहे मनगढ़ंत आरोप अनुराग चौधरी

● ग्रामीणों ने एकात्रित होकर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि का खोला काला चिट्ठा



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** जमुरावां गांव के दलित बिरादरी के पूर्व में रहे प्रधान के नाम पर लाखों रुपए डकारने वाले व अपने को प्रधान प्रतिनिधि बताने वाले पहले खुद की गिरहबां झांक कर देखें की उनके कार्यकाल में ग्राम सभा में जितना भ्रष्टाचार हुआ है उतना आज तक किसी भी ग्राम पंचायत में नहीं हुआ और अपने को फंसता देख मुझ पर आरोप लगा रहे हैं यह उद्गार आज महराजगंज विकासखंड के जमुरावां ग्राम पंचायत भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए नवनियुक्त ग्राम प्रधान अनुराग चौधरी व्यक्त कर रहे थे। बताते चले कि, महराजगंज विकासखंड के जमुरावा ग्राम पंचायत में 2021 के पंचायत चुनाव में सुरक्षित सीट के चुनाव में रोशन लाल ग्राम प्रधानी का चुनाव जीता था जबकि अपने साक्ष्यों व अभिलेखों को छुपा कर नाबालिक से स्वत अपने आप को बालिक बढ़कर ग्राम प्रधान बन गया था जिसका वाद ग्रामीणों द्वारा उप जिलाधिकारी महराजगंज के न्यायालय में दायर किया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी ने 2024 में प्रधान को नाबालिक होने के चलते अयोग्य घोषित करते हुए पुनः चुनाव कराने के निर्देश दिए थे जिस पर चुनाव हुआ और अनुराग चौधरी प्रधान निर्वाचित हुए तथा पूर्व प्रधान रोशन लाल का प्रतिनिधि बनकर दीपू यादव ने विगत 3 वर्षों तक गांव में अनेक विकास कार्यो के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया व लोगों पर दबाव बनाकर आए दिन प्रताड़ित किया करते थे। वही पंचायत सहायक श्रीमती अंजू ने भी दीपू यादव पर आरोप लगाते हुए बताया कि शैक्षिक योग्यता व मेरिट के आधार पर मेरा चयन होना निश्चित था फिर भी मुझसे (120000)एक लाख बीस हजार रुपए लेकर मेरा चयन पंचायत सहायक के पद पर कराया गया जो जांच का विषय है तो वही शौचालय मनरेगा मजदूरी व इंटरलॉकिंग सहित अनेक कार्यों में धन निकालकर धन हड़पने का भी आरोप ग्रामीणों ने खुले तौर पर लगाया है इससे यह साफ जाहिर होता है कि दो माह पूर्व नव नियुक्त ग्राम प्रधान अनुराग चौधरी पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं तथा पूर्व प्रधान द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए प्रधान अनुराग चौधरी को बदनाम करने का काम किया जा रहा। इस मौके पर प्रधान अनुराग चौधरी,अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू, इंद्रपाल यादव, सरयू प्रसाद निर्मल, भजनी, रामलाल, पंचायत सहायक अंजू देवी, कमला, ज्ञानवती, सुशीला, नंदन, राजकुमार तिवारी, विनोद तिवारी, शीतला प्रसाद, धर्मपाल, रामलाल, भेला, सुरेंद्र,औसान शिवबरन, सुरेश मौर्य, रामसागर मौर्य, अरुण मौर्य, राजेश मौर्य, अनूप मौर्य, राम बहादुर पासवान, अंकित मिश्रा, कमलेश निर्मल, संदीप, कल्लू मौर्य, श्री राम शुक्ला, राकेश चौकीदार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

●जगदीशपुर में भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ सरकार की योजनाओं से जन-जन को जागरूक करने का महाअभियान



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी जगदीशपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आज जगदीशपुर में बूबूपुर मंगौली में एक अत्यंत महत्वपूर्ण तीन दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाना और जनता को जागरूक करना है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जगदीशपुर के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रहेगी। उद्घाटन समारोह में जगदीशपुर क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से ए एच इंटर कॉलेज, जगदीशपुर के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रधान संघ गौरव सिंह, रिटायर्ड वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिवकरण तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम उजागर तिवारी, प्रधानाचार्य राम मनोहर तिवारी, डॉ. भीमराव अंबेडकर विद्यालय बूबूपुर, प्रधान बलराम, शिवनाथ तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, प्रबंधक दीपक जन कल्याण संस्थान रानीगंज के महेंद्र उपाध्याय, और बृजेश पाठक, सुशील तिवारी, गया प्रसाद तिवारी, शामिल थे। सभी ने प्रदर्शनी में सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के प्रचार-प्रसार के इस प्रयास की सराहना की। यह प्रदर्शनी सरकार की प्रमुख योजनाओं, जैसे किसानों के हित के लिए चलाई जा रही योजनाएं, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों पर विशेष फोकस कर रही है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है, जिससे सभी नागरिक सशक्त हो सकें और विकास के इस महायज्ञ में अपना योगदान दे सकें।

# सेनानी मंगल बियार की मनाई गई पुण्यतिथि

● -कुसुम्हा गांव के प्रवेश द्वार पर बनेगा द्वार।

- मंगल बियार के जीवन वृत्त पर बन चुकी है डॉक्यूमेंट्री फिल्म।

- सेनानी परिजनों के सहयोग की अपील।



स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र** –जनपद के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार का 75 वा परिनिर्वाण दिवस 23 अक्टूबर को देर शाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार की जन्मस्थली स्मारक प्रांगण कुसुम्हां में मनाया गया।श्रद्धांजलि समारोह के मुख्य अतिथि सांसद मा0 छोटेलाल सिंह खरवार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि-"स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपना तन- मन- धन-न्योछावर कर दिया था, अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करने के जुर्म में उन्हें जेल, जुर्बाने की सजा हुई थी जेल से छूटने के बाद वह वह स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन एवं इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी ने कहा कि-"सोनभद्र में स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत सन 1921 से ही हो गई थी, महात्मा गांधी के आवाहन पर घोरावल क्षेत्र के कसुम्हा गांव के देशभक्त सेनानी मंगल बियार ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया था। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में वाराणसी दूरदर्शन केंद्र द्वारा मंगल बियार के जीवनवृत्त पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी निर्माण कराया जा चुका है, जो स्वतंत्रता आंदोलन के दीवानों की कहानी कहता है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि घोरावल विधानसभा के सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि-"शासन सत्ता देशभक्त, सेनानियों की सुधी ले रही है, मंगल बियार के नाम पर एक गेट का भी निर्माण कुसुम्हा जाने वाले मार्ग पर कराया जाएगा।कार्यक्रमके संयोजक सेनानी मंगल बियार के पौत्र मोहन लाल बियार ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि-"सेनानी मंगल बियार ने स्वतंत्रता आंदोलन में घोरावल क्षेत्र में स्वतंत्रता की अलख जगाया था और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़कर भारत माता को आजाद करने में योगदान दिया था, स्वतंत्रता के बाद एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने ग्रामीण जनों की सेवा किया, इनकी सेवाएं आज भी ग्रामीणों की जुबान पर हैं।सोन साहित्य संगम के संयोजक, साहित्यकार राकेश शरण मिश्र एडवोकेट ने सेनानी मंगल बियार के जीवन वृत्त पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सेनानी परिजनों के सहयोग की अपील किया।श्रद्धांजलि समारोह में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री रामनिहोर यादव,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव आदि विशिष्ट जनों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणो द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार के स्मारक व तस्वीर पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित किया गया।

तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, अंगवस्त्रम प्रदान कर कार्यक्रम के संयोजन मोहनलाल बियार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन ओमप्रकाश गोंड व राजकुमारी को माल्यार्पण, अंगस्तम प्रदान कर सम्मानित किया गया। ओमप्रकाश गोंड द्वारा लिखित सेनानी मंगल वियार पर आधारित कविता का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया।सास्कृतिक कार्यक्रम लोकगीत गायिका सरोज अनुरागी, गायक महेश कुमार बियार, रामलित आदिवासी जी द्वारा गीत के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कुसुम सिंह, उमेश कुमार बियार, देवेंद्र प्रताप सिंह, अनुज त्रिपाठी, तेज राम गंगवार, दीपक कुमार सिंह, विरेंद्र प्रताप मौर्य, बाबूलाल यादव, त्रिपुरी गोंड, बृजेश बियार,चंदन सोनकर, आशीष बियार, श्याम सुंदर बियार, गुलाब बियार, श्याम लाल बियार, मोहित लाल बियार, संत कुमार बियार, बिजय बियार, दशरथ पटेल, गुलाब पटेल, रघुबीर विश्वकर्मा शाहिद स्थानीय ग्रामीण जैन उपस्थित रहे।

# शिवद्वार धाम में सीएसआर फंड से बने शौचालय में ताला बंद

स्वतंत्र प्रभात




**घोरावल सोनभद्र**– तहसील में स्थित अति प्रसिद्ध लोकप्रिय मंदिर शिवद्वार धाम पर सीएसआर मद से शौचालय का निर्माण कराया और गया है जिसमे सुरेश नाम के व्यक्ति के द्वारा ताला भर दिया गया है जिसका शिकायत समाजसेवी सूर्यकांत दुबे द्वारा दिनांक 5/8/2024 को तहसील घोरावल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में मुख्य विकाश अधिकारी महोदय सोनभद्र को मामले में ज्ञापन देते हुए अवगत कराए कि सार्वजनिक दृष्टिकोण से श्रद्धालुओ एवं भक्तो के उपयोग हेतु सीएसआर फंड द्वारा शौचालय निर्माण किया गया परन्तु उसमे ताला बंद किया गया है देख रेख़ साफ सफाई आदि कार्य के लिए किसी कर्मचारी कि नियुक्ति भी नहीं हुई हैं जिसमे ग्राम पंचायत अधिकारी जावेद अख्तर द्वारा अपने जांच रिपोर्ट में तथ्यों का मौके पर जांच कर आख्या प्रस्तुत किया गया कि उक्त के संदर्भ अवगत कराना है कि में ग्राम पंचायत सत्तद्वारी के पास चार्ज नहीं है और मंदिर समिति द्वारा सामुदायिक शौचालय का देख रेख किया जाता हैं मंदिर समिति शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति के अध्यक्ष श्री रविंद्र कुमार मिश्र द्वारा कहा गया कि हमे इस बात कि कोई जानकारी नहीं है उक्त प्रकरण में लोगो द्वारा हमे अवगत कराया गया कि गांव के ही सुरेश नाम के व्यक्ति के शौचालय का चाभी है उक्त के संबंध में प्रशासन से मंदिर समिति कि ओर से आग्रह करना है कि प्रकरण में नियमानुसार जांच कराकर सीएसआर फंड के पदाधिकारियों द्वारा शौचालय के साफ सफाई प्रबंध आदि का चार्ज विकाश खंड घोरवाल के माध्यम से ग्राम प्रधान को चार्ज देने कि अपेक्षा है जिससे अव्यवस्था न होने पाए और संचालन हेतु नियमित रूप से कर्मचारी कि न्युक्ति कर समस्या का समाधान किया जाए समस्या को लेकर मंदिर समिति द्वारा जिलाधिकारी महोदय सोनभद्र को ज्ञापन सौंपकर आग्रह भी किया जायेगा कि उक्त के विषय में समस्या का समाधान कराया जाए।

# मानव तस्करी रोधी इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई व चाईल्ड लाईन के संयुक्त टीम द्वारा मानव तस्करी एवं बाल भिक्षा वृति की रोकथाम हेतु चलाया गया विशेष जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान

●मिशन शक्ति कार्यक्रम अन्तर्गत चलाया गया विशेष रेस्क्यू अभियान दो बच्चों को कराया गया बाल भिक्षा वृत्ति से मुक्त -शेषमणि दुबे

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र ।** जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद में मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 24 अक्टूबर2024 को थाना मानव तस्करी रोधी इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के संयुक्त टीम द्वारा थाना चोपन अन्तर्गत रेलवे स्टेशन, कस्बा सहित विभिन्न स्थानो पर मानव तस्करी एवं बाल भिक्षा वृत्ति रोकहेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत दो बच्चों को बाल भिक्षा वृत्ति से कराया गया मुक्त। इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि बाल भिक्षावृत्ति करते हुये पाए जाने वाले बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने हेतु प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रभावी कार्य योजना पर कार्य गतिमान है। वहीं जनपद में बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाते हुए कार्ययोजना तैयार किया जा रहा है। नीलू द्वारा बताया गया कि बच्चों के सुरक्षा एवं संरक्षण से सम्बंधित सूचना तत्काल चाईल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर (1098) पर सूचित कर सकते है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी पुनीत टण्डन द्वारा बताया गया की मिशन शक्ति 5.0के अंतर्गत यह विशेष जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान जनपद स्तर पर संयुक्त टीम द्वारा चलाई जा रही है।रेस्क्यू टीम मे जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ डब्ल्यू शेषमणि दुबे, चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट से नीलू यादव प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, थाना मानव तस्करी रोधी इकाई से मुख्य आरक्षी धनंजय यादव एवं आरक्षी पंकज कुमार उपस्थित रहे।

# एक बार फिर शुरू हुआ कोयले का काला कारोबार

स्वतंत्र प्रभात



**अनपरा सोनभद्र** –उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा से सटे जनपद सोनभद्र और सिंगरौली की एनसीएल खदानों से कोयला चोरी कोई नई बात नहीं है । परन्तु एक पखवाड़े से सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक के तबादले के साथ एनसीएल की खदानों से कोयला चोरी फिर बड़े पौमने पर शुरू हो गई है । कोयला की गाड़िया चंदासी मंडी रात के अँधेरे मे पहुंचने लगी है जिसकी चर्चाये आम हो गई है द्य बता दे कि एनसीएल की दुद्धीचुआ, खड़िया, बीना, कृष्णशीला, ककरी अमलोरी, झींगुरदाह, जयंत खदानो से आये दिन कोयला चोरी का खेल उजागर होता रहता है । सूत्रों की माने तो दुद्धीचुआ व झींगुरदाह, खड़िया कोयला खदान से डिओ के आड़ मे कोयला अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचकर शक्तिनगर, बीना, अनपरा पिपरी थाना होते हुए चंदासी मंडी पहुंच रहा है जिसमे एनसीएल सिक्योरिटी सहित वन विभाग व स्थानीय थानो की भूमिका अहम है । कही रिसिविंग का खेल तो कही ग्रेड का खेल कोयला चोरो के लिये अकूत कमाई का जरिया बन गया है । कोयला चोरी मे अनपरा निवासी एक कथित ट्रांसपोर्टर व उसके गुर्गो के शामिल होने की चर्चा आम है स्थानीय पुलिस मे सुविधा शुल्क के दम पर अपनी पकड़ बनाने वाले ट्रांसपोर्ट की आड़ मे कोयला चोरी को अंजाम दिया जा रहा है । जनपद सोनभद्र के पूर्व पुलिस अधीक्षक डॉ एसवीर सिंह के तबादले के बाद अवैध कारोबारी फिर से कोयला चोरी व कबाड़ सहित मादक पदार्थो के कार्यो मे लिप्त हो गए है । नागरिकों का कहना है कि निज़ाम बदले है तो असर तो दिखेगा ।

# हज यात्री अपना चिकित्सीय परीक्षण कराकर प्रमाण पत्र करें प्रस्तुत - महिला

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली**– जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने वर्ष 2025 में हज पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों से कहा है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली द्वारा हज यात्रियों का मेडिकल स्क्रीनिंग एवं मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय पुरुष रायबरेली को अपने स्तर से उक्त चिकित्सीय परीक्षण कराकर प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्री मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय पुरुष रायबरेली में अपना चिकित्सीय परीक्षण कराकर निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।

# छात्र नेताओं ने ओबरा इंटर कॉलेज को प्रांतिकरण को लेकर ओबरा मुख्य प्रबंधक से की मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात



**ओबरा सोनभद्र।** छात्र नेता अभिषेक अग्रहरी ने बताया कि ओबरा तापीय विद्युत परियोजना द्वारा विगत कई वर्षों से ओबरा इण्टर कॉलेज संचालित किया जा रखा था जिससे प्रमुख रूप से कार्यरथ चतुर्थ श्रेती कर्मचारी के बच्चों के साथ ओबरा के साथ आस पास के कई गांव के बच्चे कम पैसे में इंटर तक कि शिक्षा प्राप्त करके समाज के मुख्य धारा से जुड़ते थे विद्यालय को एकाएक निजीकरण कर देने के कारण क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक रूप के बच्चे शिक्षा से वहीत रह जा रहे हैं।विद्यालय के निजीकरण हो जाने के कारण सबसे बड़ी समस्या बढ़ी हुई हुई फीस छात्र छात्राओं के आर्थिक रूप से कमजोर होने पर साथ होने वाले दुर्व्यवहार विद्यालय द्वारा जबरन धन वसूली जेसी प्रमुख समस्या उत्पन हुई क्षेत्र के अधिकांश पारिवारिक पृष्ठभूमि अति पिछड़े क्षेत्र से आते हैं जो इतने महंगे फीस में अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा नहीं कर पाएंगे क्षेत्र की भलाई व उत्थान के लिए विद्यालय का प्रांतिकरण किया जाना चाहिए इस सन्दर्भ में पत्र सौंपा गया इस दौरान ऋषभ मिश्रा आनंद कुमार अंशु माथुर राहुल वर्मा अजय खरवार अनीश शर्मा छात्र उपस्थित रहे।

# कानपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ानें की धमकी देने वालों को बक्शा नहीं जाएगा - डीसीपी पूर्वी एस. के. सिंह

**● -चकेरी एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ी साइबर सेल, अपराधी का पता लगाने में जुटी।**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने कहा है कि कानपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ानें की धमकी देने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। हमारी साइबर सेल इस पर काम कर रही है और हम उस तक जल्द ही पहुंच जाएंगे। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कल सीआईएसएफ ने चकेरी थाने में एक मुकदमा लिखाया था और उसमें बताया गया है कि उनके पास एक मैसेज आया है कि कानपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। वैसे तो इस तरह की धमकियां सिरफिरे ही देते हैं लेकिन पूर्वी जोन की पुलिस एलर्ट हो गई है। एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई है। और यह पता किया जा रहा है कि इस तरह की धमकी देने बाला कौन है। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि साइबर सेल तथा अन्य सोर्सेज को कहा गया है कि इस शिकायत को ध्यान में रखकर यह पता लगाएं कि यह काम किसका है। और हम जल्द ही पता लगा लेंगे।



# सफ़ारी की रफ्तार का कहर एक की मौत पांच घायल

**● -तेज़ रफ़्तार कार में हैंड ब्रेक लगाने से हुआ हादसा, दूसरी खड़ी कार, मोटरसाइकिल व मंदिर से टकराकर पलटी।**





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला है। जब तेज रफ्तार कार चालक द्वारा हैंड ब्रेक लगाने के कारण वह कार एक खड़ी कार, मोटरसाइकिल से टकराती हुई मंदिर से टकराई और पलट गई इसमें सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आज दिनांक 24 अक्टूबर को समय सुबह करीब 03.10 बजे सफारी स्टोर्म नं. यूपी- 32 के.ऐस. 9567 तेज रफ्तार में हैंड ब्रेक लगाने के कारण खडी कार, मोटर साइकिल एवं मंदिर से टकराते हुए पलट गई, जिसमे 5 से 6 व्यक्ति सवार थे। स्थानीय पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया। जिसमें अभिषेक सेंगर पुत्र स्व. अरविन्द सिंह सेंगर निवासी लक्ष्मी अस्पताल के पीछे कल्याणपुर उम्र - 28 वर्ष की मृत्यु हो गई एवं कुंवर नाहर पुत्र बृजेन्द्र सिंह सेंगर गम्भीर रुप से घायल हैं, कुंवर का ईलाज रिजेंसी अस्पताल में चल रहा है, अन्य लोग मामूली रूप से घायल है जिनके परिजन मौके पर है। मौके पर लॉ एण्ड ऑर्डर की समस्या नहीं है, यातायात सुचारु रुप से चल रहा है।

# करहल उपचुनाव में भाजपा की चाल फूफा और भतीजे में मुकाबला

**● -भारतीय जनता पार्टी की चाल से सपा घराने में मची खलबली, धर्मेन्द्र यादव के बहनोई अनुजेश यादव को बनाया प्रत्याशी**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जितेन्द्र सिंह विशेष संवाददाता की रिपोर्ट- करहल विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने ऐसा प्रत्याशी घोषित कर दिया है जो कि अखिलेश यादव परिवार के रिश्तेदार हैं। और सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के फूफा लगते हैं। करहल सपा का अभेद किले के समान है भारतीय जनता पार्टी ने स्व. मुलायम सिंह यादव के दामाद और सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई अनुजेश यादव को भारतीय जनता पार्टी ने टिकट दिया है। टिकट की घोषणा होने के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। करहल उप चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है और यहां भाजपा का मुकाबला सीधे सपा प्रमुख के परिवार से होगा। ऐसे में सैफई परिवार के रिश्तेदार को ही भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने ने इस बार स्व. मुलायम सिंह यादव के दामाद भतीजी संध्या यादव के पति अनुजेश प्रताप यादव को चुनाव मैदान में उतारा है।

भारतीय जनता पार्टी पहले भी ऐसा करती आई है पिछले विधानसभा चुनाव में मुलायम सिंह यादव के समधी को सिरसागंज से टिकट दिया गया था। अनुजेश सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई और बहिन संध्या के पति हैं। धर्मेंद्र सिंह यादव की बहिन संध्या यादव 2015 से 2020 तक मैनपुरी से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। वहीं अनुजेश भी फिरोजाबाद से इसी कार्यकाल में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। हालांकि करहल सपा की अपराजेय सीट रही है। लेकिन अब मुकाबला दिलचस्प हो गया है। फ़िरोज़ाबाद क्षेत्र के गांव भारौल निवासी अनुजेश प्रताप यादव अब सपा प्रत्याशी स्व. मुलायम सिंह यादव के पौत्र तेजप्रताप यादव से करहल में आमने-सामने होंगे। ऐसे में अब यहां करहल में मुकाबला सैफई परिवार और रिश्तेदार के बीच होगा। अनुजेश यादव की टिकट की घोषणा के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। इस घोषणा से भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। करहल सपा के लिए गृह सीट मानी जाती है। पिछली बार अखिलेश यादव यहां से चुनाव जीते थे लेकिन कन्नौज से लोकसभा सांसद चुनने के बाद अखिलेश यादव ने करहल सीट से इस्तीफा दे दिया था।

# कैबिनेट मंत्री ने किया अघोर मूर्ति परम सन्त भईया जी को सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** जितेन्द्र सिंह विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने थनवापुर स्थित मोहन स्वरूप संस आईओसीएल फ्यूल पम्प के शिलापट का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए महान संत परमपूज्य अघोर मूर्ति भईया जी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। आयोजक मनोज सचान ने विधि विधान से पूजन कर देश एवं समाज के कल्याण की कामना करते हुए कहा कि सरलता ही मनुष्य के जीवन की पहली वो अहम बात है जिसके चलते वो समाज का बेहतर निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि आप सत्कर्मो को करते हुए नेक राह पर चले निश्चित ही आप अपने तथा परिवार के सदस्यों के जीवन को बदलने की अहम भूमिका में होंगे। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा मधुप दिवेदी को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंटकर मनोज सचान ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कैसे एक छोटे से गांव तथा परिवार के मनोज सचान ने अपना तथा गांव का नाम रोशन किया है। आज युवा पीढ़ी के लिए मनोज सचान एक आइडल है। अपनी सादगी की बदौलत ही मनोज सचान आज लाखो लाख दिलों पर राज कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भंडारे को हजारों भक्तों ने ग्रहण किया।



# युवाओं में खेल को बढ़ावा देने को आयोजित हुआ प्रीमियम लीग

**● -खेलकूद और एक्सरसाइज से शरीर होता है फिट -जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया**




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जितेन्द्र सिंह विशेष संवाददाता। श्री जोधा सिंह मेमोरियल नारी एवं बाल उत्थान समिति के द्वारा बिधनू स्थित छौकी प्रीमियम लीग का आयोजन धूमधाम से किया गया। हाड़हा एवं कठेरुवा टीम के खिलाड़ियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सात दिवसीय प्रीमियम लीग के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष मनोज भदौरिया के द्वारा शुभांरभ फीता काटकर किया गया। आयोजक सौरभ सिंह भदौरिया ने मुख्य अतिथि मनोज भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय लेते हुए बधाई देकर मनोबल बढ़ाया। मनोज भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा की जो भी टीमें इस प्रतियोगिता में विजेता टीम रहेंगी. उस टीम को नगद राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी. इसके साथ टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों खिलाड़ियों को बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, इमर्जिंग प्लेयर के अलावा मैन ऑफ द सीरीज और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच भी दिया जाएगा। मुख्य अतिथि मनोज भदौरिया ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए खेल संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत नवरंग सेंगर सुशील परिहार लाखन सिंह सूरज पाल सिंह भदौरिया राम औतार भदौरिया तथा आयोजन के समिति के धर्मेंद्र सिंह शिवा राणा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बैंकों से परेशान उद्यमी, व्यापारी, बैठक में फ्रेटरनिटी फंड की घोषणा




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जितेन्द्र सिंह विशेष संवाददाता। यहां लोन लेने में विभिन्न बैंकों द्वारा तरह - तरह की अड़चने पैदा करने से अधिकांश उद्यमी और व्यापारी बहुत परेशान हैं। यहां तक कि उनका किसी ना किसी बहाने उत्पीड़न करने में भी कसर नहीं रखी जाती। इन्हीं हालातों के खिलाफ व्यापारियों और उद्यमियों की हुई एक महत्व पूर्ण बैठक में कुछ बंधक किए बगैर ही बैंकों से बहुत कम व्याज दर पर पैसा उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इस दौरान उद्यमी व्यापारियों की हित में संस्था फ्रेटरनिटी फंड के स्पष्ट उद्देश्य का सहमति पूर्ण भरपूर समर्थन दीप जलाकर इस भव्य आयोजन का उद्घाटन करने वाले यूपी एमटीए के संरक्षक वरिष्ठतम उद्यमी व्यापारी नेता समाजसेवी गुलशन गांधी और यूपी एम टी ए अध्यक्ष अजय कपूर आदि ने भी किया।

व्यापारियों , उद्यमियों और ट्रांसपोर्टरों की इस महत्व पूर्ण बैठक में सह निदेशक मनीष जैन, रजत और सम्यक जैन के साथ ही संयोजक, संचालक और डायरेक्टर उद्यमी प्रवीण कुमार जैन ने बताया कि यूपी सरकार से अनुमति प्राप्त कर चिट फंड संस्था जैन संस फ्रेटरनिटी फंड प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया गया है, जिसकी वजह से अब किसी भी व्यापारी उद्यमी को अपनी जरूरत हेतु लोन लेने के लिए बैंकों के चक्कर नहीं काटने होंगे। उन्हें ज्यादा ब्याज नहीं देना होगा और लोन के लिए कोई प्रॉपर्टी भी गिरवी नहीं रखनी होगी और ना ही बैंकों के किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार होना पड़ेगा।

# सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में पीडीए मिशन मलिन बस्तियों में मतदाताओं के द्वार

**● -नगर की गलियों में टनों टन कूड़ा बज बजा रहा मेयर को फुर्सत नहीं जिसके कारण पर्यावरण दूषित हो रहा - हाजी फ़ज़ल महमूद**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** गुरुवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पीडीए मिशन की युवा टीम तथा युवा व्यापारियों व कार्यकर्ताओं ने दिन में 1:00 बजे दर्शनपुरवा नसीमाबाद जरीब चौकी नेहरू नगर आदि क्षेत्रो में व्यापक जनसंपर्क कर व सर्वेक्षण कर मलिन बस्तियों में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की आर्थिक नीतियों एवं पीडीए मिशन को लेकर मतदाताओं से संपर्क किया। संपर्क के दौरान सपा कानपुर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि अन्याय के विरुद्ध मतदाताओं में उत्साह बढ़ रहा है। जिसकी वजह से भाजपा के इरादे पूरे नहीं होंगे उपरोक्त बयान संपर्क के दौरान महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधन में कहा आपने संबोधन में आगे कहा कि पूरे शहर में गंदगी के कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है लेकिन भाजपा की मेयर को फुर्सत नहीं है कि वह जनता के हितों पर ध्यान दें बदलते मौसम के कारण शहर में जानलेवा मच्छरों का प्रकोप भी काफी बढ़ गया है मरीजों से अस्पताल भरे है।।

कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, सत्यनारायण गहरवार, हाजी अयूब आलम, रजत मिश्रा, राहुल यादव, संजय निषाद, सलमान शेख मंसूरी, इशरत इराकी जस्वेन्द्र निषाद, आसिफ क़ादरी, वरुण जयसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# मण्डल परिचालन प्रबन्धक चोपन को अनपरा रेलवे स्टेशन अधीक्षक द्वारा ज्ञापन सौंपा गया

स्वतंत्र प्रभात



**अनपरा सोनभद्र-** आज 24 अक्टूबर2024 दिन गुरुवार को महाप्रबंधक हाजीपुर (पुर्व मध्य रेलवे ) डी आर एम धनबाद को मण्डल परिचालन प्रबन्धक चोपन को अनपरा रेलवे स्टेशन अधीक्षक के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया और ज्ञापन के माध्यम से यात्री रेल सेवा विस्तार ( शक्तिनगर , चुनार /वाराणसी फास्ट मेमो ट्रेन तथा कोरोना काल से बंद पड़ी चोपन,कटनी , शक्तिनगर पैसेंजर ट्रेनों के संचालन की मांग की। उक्त ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के संरक्षक रविन्द्र कुमार जायसवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा मद्धेशिया, सचिव अखिलेश कुमार एवं संघ के सदस्य भारत पाल, शैलेश कुमार, विनय प्रकाश, राकेश मौर्य, नितेंद्र सिंह, कमलेश मौर्य दिलिप वर्मा , मनोज सिंह कुशवाहा, फिरोज अंसारी, सतीश प्रजापति इत्यादि लोग मौजूद रहे, साथ ही संघ के समर्थन में ठेका मजदुर यूनियन के संचालक इम्तियाज शेख मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सब इंस्पेक्टर को पड़ा दिल का दौरा कार्डियोलॉजी में मृत्यु



**कानपुर।** कानपुर के काकादेव थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर विष्णु शर्मा जिम से घर जाने पर दिल का दौरा पड़ने पर परिजनों और साथी पुलिस के कर्मचारियों द्वारा कार्डियोलॉजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई हुई। सब इंस्पेक्टर विष्णु शर्मा 2022 बैच के थे हाल ही में सीसामऊ थाना से स्थानांतरित कर उनको काकादेव थाना में नई तैनाती मिली थी। मौके पर डीसीपी सेंट्रल जोन दिनेश त्रिपाठी एवं उनकी सहयोगी पुलिस हैलेट चौकी प्रभारी इंदुकांत पांडेय,सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु,काकादेव थाना प्रभारी मनोज भदौरिया,काफी संख्या में पुलिस विभाग के कार्डियोलॉजी अस्पताल में उपस्थित।

### आजाद समाज पार्टी के चांद बाबू ने कराया नामांकन



**कानपुर।** 213-सीसामाऊ विधानसभा उप निर्वाचन से आज़ाद समाज पार्टी से चांद बाबू ने आज अपना नामांकन कराया। आजाद समाज पार्टी सांसद चन्द्रशेखर आजाद रावण की पार्टी है। कल सपा की नसीम सोलंकी ने अपना पर्चा दाखिल कर नामांकन कराया था।

### बसपा के वीरेंद्र कुमार ने कराया अपना नामांकन



**कानपुर।** 213-सीसामाऊ विधानसभा उप निर्वाचन में वीरेन्द्र कुमार ने बहुजन समाज पार्टी से अपना नामांकन करा दिया है। अभी तक सपा से नसीम सोलंकी आजाद समाज पार्टी से चांद बाबू ने भी नामांकन कराया है।

### सीसामऊ सीट से सपा की नसीम के विरुद्ध भाजपा के सुरेश अवस्थी



**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा सीट से उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सुरेश अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है। सुरेश अवस्थी 2017 में भी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रह चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से सुरेश अवस्थी पर विश्वास जताया है। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में अब सीधा मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच देखने को मिलेगा। समाजवादी पार्टी की तरफ से कल पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी ने नामांकन दाखिल किया था। सीसामऊ विधानसभा सीट काफी समय से समाजवादी पार्टी के पास है। हाल ही में वहां से विधायक इरफान सोलंकी को आगजनी मामले में सज़ा होने के बाद रिक्त हो गई थी।

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी हेल्पलाइन की जानकारी



**कानपुर ।** आज दिनांक 24 अक्टूबर को थाना स्वरूप नगर की एंटी रोमियो टीम द्वारा कानपुर विद्या मंदिर महिला इंटर कॉलेज स्वरूप नगर परिसर के अन्दर अध्यापिकाएं एवं छात्राओं की चौपाल लगाकर पंपलेट वितरण किए गए और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत विभिन्न हेल्पलाईन नम्बरों 1090, 112, 1098, 1930, 1076, 108,181 व यूपी काप ऐप से प्राप्त होने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने के लिए सुझाव दिए गए एवं महिला सशक्तिकरण अभियान व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवम उनकी सुरक्षा व समस्या का त्वरित निस्तारण का आश्वाशन दिया गया।

### जिलापूर्ति अधिकारी ने उज्ज्वला योजना की दी जानकारी

**कानपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी कानपुर ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जानकारी देते हुए बताया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसम्बर, 2024 तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2025 से मार्च, 2025 तक लाभार्थियों को पूर्णतया निःशुल्क 02 सिलेण्डर रिफिल का वितरण कराया जाएगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत जैसे-जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जायेगें उसी क्रम में उन्हें उक्त योजनान्तर्गत आच्छादित करते हुए निःशुल्क सिलेण्डर का वितरण किया जाएगा। योजनान्तर्गत लाभार्थी अपने स्तर से उपभोक्ता दर से भुगतान कर 14.2 किलो का सिलेण्डर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके 03 से 04 दिन के उपरान्त योजनान्तर्गत दिये जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कम्पनियों द्वारा अन्तरित की जायेगी।

### शिवद्वार धाम में लगे स्ट्रिटलाई हैं नदारत



**सोनभद्र/**घोरावल स्थानीय तहसील में स्थित इंडियन बैंक शिवद्वार से कोहरथा मार्ग सत्तद्वारी तक स्ट्रीट लाइट लगा जिसका नियमित संचालन श्रावण मास में 1 महीने तक ठीक ठाक चला परंतु जैसे ही मेला समाप्त हुआ वैसे ही स्ट्रिटलाइट के विद्युत संचालन रुका पड़ा है प्रकरण में एसडीओ घोरावल से जानकारी प्राप्त हुआ है स्ट्रीट लाइट हेतु केयर ट्रेकर कोई नियुक्त नहीं है जिसके वजह से विद्युत का संचालन ठप है संबंधित प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय के द्वारा इसके केयर ट्रेकर हेतु किसी विभाग को नियुक्त कर दिया जायेगा जिससे नियमित संचालन होता रहेगा।

# प्रभु जी आए हैं मेरे नाव पर सभी लोग देखना

**● श्री विंध्य प्राचीन रामलीला कमेटी का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल ।** दस दिवसीय रामलीला के पांचवे दिवस भावपूर्ण मंचन देखने को दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी बुधवार की रात को श्री राम और केवट संवाद प्रसंग का मनोहारी मंचन देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए इसी क्रम में सीता हरण सहित जटायु व मामा मारीच वध का मंचन किया गया श्रीराम के जयघोष से पंडाल गुंजायमान हो रहा था। श्री विंध्य प्राचीन रामलीला समिति की ओर से मोती झील मार्ग पर स्थित भंडारा स्थल प्रांगण में रामलीला का मंचन देखने देर रात तक दर्शक डटे रहे कलाकारों ने श्री राम व केवट संवाद प्रसंग का मनोहारी मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया रामलीला के क्रम में भगवान श्रीराम सरयू नदी के किनारे खड़े केवट से नदी पार करने के लिए नाव में बिठाने का आग्रह करने लगे प्रभु श्री राम ने कहा कि हमें नदी पार करा दो और आगे जाने दो इस पर केवट प्रभु राम के पास आया और बोला कि आप कौन हैं कहां से आए हैं और कहां जा रहे हैं अपना परिचय दीजिए तब प्रभु श्री राम ने केवट को अपना परिचय दिया तो केवट वहां से भाग कर कुछ दूर जाकर खड़ा हो गया और कहा कि आप वही राम है जिनके छूते ही पत्थर की शिला आसमान में उड़ गई मेरी नाव तो लकड़ी की है वह तो छूमंतर हो जाएगी मैं ऐसे अपने परिवार का पालन पोषण कैसे करूंगा मैं आपको नदी पार नहीं करा सकता इस पर प्रभु श्रीराम ने कहां की केवट ऐसा कोई उपाय है जिससे तू हमें नदी पार करा दो तो केवट ने कहा कि हां पहले आप चरण धूल भाव प्रभु के चरण धोने के बाद केवट ने राम को नदी पार कराई नदी के बीच नाउ हिचकोले लेने लगी तो केवट ने गीत गाया प्रभु जी आए हैं मेरे नाव पर सभी लोग देखना गीत गाया नदी पार कराने के बाद प्रभु श्री राम ने सीता के अंगूठी केवट को नाव उतराई दी केवट कहने लगा कि हे प्रभु आप यह क्या कर रहे हैं और नाव उतराई लेने से इनकार कर दिया केवट ने कहा कि मैं आपको बताता हूं मेरा घर तो यहां पर है और आपका बैकुंठधाम है जब मैं आपके धाम आओ तो मुझे पार लगा देना इतना सुनकर केवट को प्रभु श्री राम ने अपने गले से लगा लिया इसके पूर्व रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी लाल भट्ट ने प्रभु श्री राम लक्ष्मण और माता जानकी की पूजन अर्चन भव्य आरती कर किया। श्री राम की भूमिका में कमल मिश्रा ,लक्ष्मण का किरदार देवी दीक्षित , रावण की भूमिका में राज गिरी मन्त्री की भूमिका में मुन्ना बाबू मिश्रा,सीता की भूमिका अंजू प्रभा, केवट की भूमिका में राज गिरी व्यास की भूमिका में गोपी मिश्रा ने निभाई ,लीला मंचन के साथ ढोलक पर रंग नाथ,आगर्न पर राम प्रसाद ,शहनाई पर तौलन प्रसाद ने रामलीला मंचन के दौरान कुशल संगत किया। मंच का संचालन कार्यक्रम संयोजक आदर्श उपाध्याय ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के संरक्षक प्रकाश चन्द्र, अध्यक्ष संगम लाल त्रिपाठी , संरक्षक इंद्र प्रसाद मिश्र, उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ मिश्रा, उपाध्यक्ष रामेश्वर त्रिपाठी,कोषाध्यक्ष विक्रम मिश्रा निशु ,उपाध्यक्ष लव दूबे, व्यवस्थापक शिखर गिरी मीडिया प्रभारी संतोष कुमार तथा समिति के प्रमुख रूप से गिरिजेश द्विवेदी,शिखर गिरी, त्रिलोकी उपाध्याय, उन्नत पांडेय, उत्सव पांडेय,सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में जवान तैनात रहे। एवं सदस्यगण ने अपनी अपनी अहम भूमिका निभाई ।



## संक्षिप्त ख़बरें

### युवती को गांव का ही युवक ले गया रिपोर्ट दर्ज

**बरेली**/क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत 1 ग्राम में गांव का ही झझा लाल पुत्र मैकूलाल गांव की अविवाहित युवती को अपने मकड़ जाल में फंसा कर ले गया है पीड़िता के पिता क्यों लड़िया पुलिस को नाम जा तहरीर दी पुलिस ने तहरीर अनुसार झनझना लाल पुत्र मैकूलाल के विरोध लड़की को भाग कर ले जाने के आप में नाम जड़ रिपोर्ट दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है इस घटना से गांव में लोग तरह-तरह के अपवाद उत्पन्न कर रहे हैं पुलिस अब लड़की वह लड़के दोनों को तलाश करने में जुटी है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए पुलिस कर रही कैंप

**बरेली**/प्रदेश सरकार के निर्देशन में चलाया जा रहा महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत पुलिस गांव गांव जाकर महिलाओं लड़कियों को जागरूक करने का कार्य कर रही है साथ ही विद्यालयों में वह कैंप लगाकर महिलाओं को सचेत रहने के साथ ही उनको उनके मूल अधिकारों से अवगत कराने का कार्य कर रही है इसके तहत क्यों लड़िया पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर उप निरीक्षक दिनकर महिला कांस्टेबल बीना सिंह और कांस्टेबल निशा ने विकास खंड भदपुरा की ग्राम पंचायत नगमा भगवंतपुर में पहुंचकर वहां के प्राथमिक विद्यालय में कैंप लगाकर गांव की महिलाओं को उनके अधिकारों के साथ उन्हें मिलने वाली सुविधाओं से भी अवगत कराया ताकि किसी भी तरह का उनका उत्पीड़न ना हो सके ऐसी स्थिति आने पर वह कानून का सहारा लें जिससे उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान होगी।

### विवाद के बाद दबंगों ने घर में घुसकर दादी-पोते को पीटा, पोता गंभीर घायल

**पीलीभीत** में कहासुनी के बाद दबंगों ने एक महिला को पीट-पीटकर मार डाला। घटना हबीबगंज गोटिया की है। जहां बुधवार देर रात महिला गंगा देवी (पत्नी जयपाल) और उनके पोते अंकित पासवान के साथ मारपीट की गई। मारपीट के दौरान गंगा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। बता दें कि गंगा देवी के पोते अंकित पासवान की पड़ोसी राजू राठौर से कहासुनी हो गई। इस विवाद से नाराज होकर राजू राठौर अपने साथी रामकृष्ण राठौर के साथ गंगा देवी के घर में घुस गया और जाति सूचक गालियां देते हुए हुए मारपीट शुरू कर दी। गंगा देवी और अंकित दोनों को बुरी तरह पीटा गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन गंगा देवी की हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने राजू राठौर और रामकृष्ण राठौर पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरनपुर थाना अध्यक्ष नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि मारपीट की घटना में बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सिंगाही में सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा का जोरदार स्वागत



**सिंगाही खीरी।** समाजवादी पार्टी के सांसद उत्कर्ष वर्मा का नगर पंचायत के मैरिज हाल में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद उत्कर्ष वर्मा ने क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं पर चर्चा की और लोगों को संबोधित किया। कस्बे के मैरिज हाल में राहूल गुप्ता मसरुर खान ऋषभ जैन व स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार हैं। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने लोगों को आश्वस्त किया कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार हैं। इस कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के निघासन प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल सांसद उत्कर्ष वर्मा के द्वारा बाढ़ पीड़ितों 44 करोड़ रुपये दिलाए जाने की प्रशंसा की। इस दौरान पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि अशोक वर्मा, डॉ बेनजीर उमर, मनोज वर्मा, जलीस अहमद, सभासद रामजी गुप्ता, अशफाक हुसैन, सलाउद्दीन अंसारी, सूरज कनौजिया, मक्खन सिंह, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आखिर जनपद खीरी में हो रही स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूली कांड का मुख्य जिम्मेदार कौन?

● विभाग के जिम्मेदार बोले....प्राथमिकता के आधार पर पहले सरकारी भवनों और कार्यालयों में लगने थे स्मार्ट मीटर




**विभाग के जिम्मेदार बोले....प्राथमिकता के आधार पर पहले सरकारी भवनों और कार्यालयों में लगने थे स्मार्ट मीटर**

विद्युत विभाग के अधिकारी बताते हैं कि स्मार्ट मीटर लगाने की सबसे पहली प्राथमिकता सरकारी भवनों और कार्यालयों में थी। हालांकि मीटर लगाने वाली कंपनी से वेंडरों द्वारा लिए गए मीटर अब अपने कर्मचारी रख शहर से लेकर गांव तक लगवाए जा रहें हैं।

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर-खीरी।** इन दिनों जिले में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर खेला खेला जा रहा है। कभी सूचनाएं लीक हो जाती है। तो कभी साम-दाम के चलते दब जाती हैं। हाल फिलहाल चर्चाओं का बाजार गर्म है। बात करते हैं शहर से सटी ग्राम पंचायत मिदनिया में गत रविवार को स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर किसी उपभोक्ता से तीन सौ रूपये, किसी से दो सौ और किसी से सौ यहाँ तक कि पचास रूपये भी मीटर लगाने वाले कर्मचारियों ने वसूली की। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही आनन फानन में जिम्मेदारों ने एक प्राइवेट कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। हालांकि यह मामला अभी शांत भी नहीं हो पाया था कि बीते कल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर से सटे एक और क्षेत्र में ऐसा ही प्रकरण हो गया। लेकिन उसकी जानकारी दबा दी गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्मार्ट मीटर का काम पोलारिस कंपनी का है। इसी कंपनी से मेराकी फर्म को काम मिला है। इसके बाद मेराकी से वेंडर लोग क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगवा रहें। सबसे अहम बात यह है कि इतना लंबा प्रोसेस आम जनता को नहीं पता। हां जब कोई कर्मचारी उसके दरवाजे पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचता है, तो उपभोक्ता यहीं समझता है कि यह कर्मचारी विद्युत विभाग का है। उपभोक्ता को यह नहीं पता कि जो मीटर लगाने आया है वह किसी कंपनी का कर्मचारी है न कि बिजली विभाग का। हालांकि मिदनिया गांव में भी कुछ ऐसा ही हुआ। लेकिन सवाल यह है कि सिर्फ उसको काम से हटा देना ही पर्याप्त था, कल को यहीं कर्मचारी दूसरे वेंडर के पास काम करने लगा, और फिर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न हुआ, इसका जिम्मेदार कौन होगा?

## आप पार्टी ने पीलीभीत माधोटांडा सड़क पर कोंबेक्स मिरर एवं सड़क के दोनों ओर झाड़ियों को साफ कराने की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात



**पीलीभीत** आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा जी के नेतृत्व में जिलाधिकारी महोदय को सम्बोधित ज्ञापन एक कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी महोदया को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि कलीनगर तहसील क्षेत्र में माधोटांडा-पूरनपुर मार्ग पर पड़ने वाली तीव्र मोड़ों एवं चौराहों/तिराहों पर आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में कलीनगर तिराहे के निकट नहर के पास हुए एक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इन जगहों पर तीव्र मोड़, तिराहे होने एवं झाड़ियों की वजह से दूसरी ओर वाहन नही दिख पाते और आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, इसलिए माधोटांडा- पीलीभीत मार्ग, माधोटांडा-पूरनपुर मार्ग, माधोटांडा-खटीमा मार्ग एवं पूरनपुर कलीनगर मार्ग के दोनों तरफ उगी झाड़ियों को साफ करवाने एवं निम्नलिखित जगहों पर साइड देखने हेतु कोंबैक्स मिरर लगना अति आवश्यक है। आम आदमी पार्टी ने पिछले वर्ष फरवरी 2023 में उक्त विषय मे कलीनगर तहसील में एकदिवसीय धरना रखकर तत्कालीन जिलाधिकारी जी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी कलीनगर तहसील को सौंपा था।

इन जगहों पर कोंबेक्स मिरर लगाना अति आवश्यक है। जल्द ही कोंबेक्स मिरर लगवाने एव सड़क के दोनों ओर झाड़ियां साफ करवाने के लिए सम्बंधित विभाग को आदेशित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव एड. संजय कुमार, जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ, पूर्व प्रत्याशी पूरनपुर विधानसभा मौजूद रहे।

## पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हड़कंप- ओपीडी ब्लॉक में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सुरक्षा कर्मियों ने संभाली स्थिति

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** के मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के समय ओपीडी में मरीजों की भीड़ थी, जब लगभग 10ः00 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़क उठी। आग लगने से कई तार जल गए और देखते ही देखते ओपीडी ब्लॉक में धुआं फैल गया, जिससे मरीजों में भगदड़ मच गई। घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और मरीजों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया। उन्होंने अग्निशामक यंत्रों का प्रयोग कर आग पर नियंत्रण पा लिया। ओपीडी ब्लॉक के एक हिस्से को तुरंत खाली करा दिया गया ताकि और कोई दुर्घटना न हो। आग लगने की जानकारी मिलते ही अस्पताल के सीएमएस और अन्य जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सभी ने मिलकर आग को काबू में करने के लिए काम किया। इसके साथ ही, विद्युत विभाग की टीम को भी बुलाकर आग की चपेट में आए तारों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया गया।

मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या संगीता अनेजा ने बताया कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट थी। उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट के कारण प्रभावित तारों को ठीक कराने का काम किया जा रहा है और सुरक्षा के सभी उपायों को ध्यान में रखा जा रहा है हालांकि आग पर नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है। मरीजों और उनके परिजनों को इस घटना के बारे में सूचित किया गया है, और उन्हें राहत दी गई है।

## जेटीसी परिवार के नवीन प्रतिष्ठान जीवन टोयोटा का भव्य शुभारंभ

● श्री रामकथा के अंतरराष्ट्रीय सरस गायक प्रेमभूषण जी महाराज ने किया प्रतिष्ठान का शुभारंभ



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** सीतापुर रोड पर स्थित जेटीसी परिवार के नवीन प्रतिष्ठान जीवन टोयोटा का शुभारंभ श्री रामकथा के अंतरराष्ट्रीय सरस गायक प्रेमभूषण जी महाराज द्वारा विधि विधान से गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 को किया गया।टोयोटा कम्पनी ने लखीमपुर खीरी जिले में एक नई डीलरशिप का उद्घाटन करके भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है।नई डीलरशिप जीवन टोयोटा लखीमपुर हरदोई और शाहजहाँपुर जिलों के निवासियों के लिए टोयोटा की कारों की पूरी श्रृंखला पेश करेगी।नई डीलरशिप के साथ टोयोटा अब देश भर में 700 से अधिक ग्राहक टचप्वाइंट प्रदान करती है।शोरूम का भव्य शुभारंभ श्री रामकथा के अंतरराष्ट्रीय सरस गायक प्रेमभूषण जी महाराज के कर कमलों से संपन्न हुआ।यह शोरूम लखीमपुर शहर के सीतापुर रोड पर 7 वें मील निकट मनु लॉ कालेज के पास स्थित है।6000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र को कवर करने वाली जीवन टोयोटा की प्रभावशाली बिक्री सुविधा एक विशिष्ट और स्वतंत्र ग्राहक संपर्क बिंदु है जो ग्राहकों को एक स्वागत योग्य और गर्मजोशी भरा माहौल प्रदान करती है साथ ही 10 हजार वर्ग फुट में फैला सर्विस क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र के बाहरी इलाके में वाहन देखभाल के उच्चतम मानकों के साथ एक सुखद ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।उद्घाटन समारोह के इस अवसर पर टोयोटा कम्पनी के जनरल मैनेजर वी कृष्णन एवं रिजनल मैनेजर राजीव कुमार,जीवन टोयोटा से ज्ञानस्वरूप शुक्ला, इन्द्रेश गुप्ता,जगदीश गुप्ता,अंकित शुक्ला,रिषभ गुप्ता,हरी प्रसाद दुबे मजीठिया संगठन के सी शर्मा,आलोक गुप्ता,हरि शंकर दुबे,आई इंडिया चैनल के चीफ डा पंकज सिंह गौर, जेडीसी समूह के सदस्य मौजूद रहे।जीवन टोयोटा के उद्घाटन पर डीलर अंकित शुक्ला ने बताया कि जीवन टोयोटा के उद्घाटन के दिन कंपनी ने 11 गाड़ियों की बिक्री एवं 34 गाड़ियों की बुकिंग की गयी।उन्होंने बताया कि हम एक नई यात्रा शुरू करने के लिए उत्साहित हैं जो हमारे ग्राहकों को टोयोटा के उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला तक आसान पहुंच प्रदान करेगी।इस नवीन प्रतिष्ठान से सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर और लखीमपुर खीरी के टोयोटा ग्राहकों को सेल्स, सर्विस एवं असली स्पेयर्स का लाभ तो मिलेगा ही साथ ही साथ जनमानस को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा सरकारी राजस्व में भी वृद्धि होगी।

## सदर कोतवाली के सिपाहियों पर दर्ज होगी एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों पर न्यायालय ने एक पुराने मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। यह मामला जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व संयुक्त मंत्री से जुड़ा हुआ है। शहर के मोहल्ला कमलापुर के निवासी पूर्व संयुक्त मंत्री जेके राज उर्फ जसकरण राज ने एससी/एसटी अदालत में अर्जी दाखिल करते हुए बताया 21 जून 2024 को उनके बड़े भाई राम अवतार राज को ब्रेन हेमरेज हुआ था। इस दौरान दवा को लेकर उनके बड़े भाई शिव रतन राज से विवाद हो गया। शिव रतन ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली सदर के सिपाही विकास, अमरजीत और बृजेश पांडे ने मारपीट की और जाति सूचक गालियां देते हुए उन्हें बुरी तरह पीटा। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने जेके राज की गले से सोने की चेन छीनकर उन्हें लॉकअप में डाल दिया और 2000 रुपये भी छीन लिए। इसके अलावा, पुलिस ने 151 सीआरपीसी के तहत दोनों पक्षों का चालान कर दिया। इस मामले की सुनवाई अदालत में हुई, तो कोतवाली पुलिस ने अपनी अलग कहानी प्रस्तुत कर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया। इस मामले की सुनवाई कई महीनों तक चली, जिसके बाद एडीजे गुलाम मुस्तफा ने कोतवाली पुलिस को आदेश दिया कि वे नामजद रिपोर्ट दर्ज करें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## बजाज चीनी मिल का क्रय केंद्र लगाने और भुगतान न मिलने को लेकर किसानों ने प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**घुंघचाई।** गांव में फिर से बजाज चीनी मिल का क्रय केंद्र लगाने और भुगतान न मिलने को लेकर किसानों ने प्रदर्शन कर विरोध किया है किसानों ने उनके गांव मे एलएच सूगर फैक्ट्री और भुगतान दिलाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव केशोपुर में पिछले वर्ष किसने की बिना अनुमति के ही गांव में पीलीभीत की एलएच सूगर फक्ट्री का क्रय केंद्र हटाकर मकसूदापुर की बजाज चीनी मिल का केंद्र स्थापित कर दिया गया था जानकारी पर किसानों ने जमकर विरोध किया था लेकिन गन्ना विभाग के अधिकारियों ने भुगतान जल्द दिलाने और अगली बार फिर से एलएच का केंद्र लगवाने का कोरा आश्वासन पर किसानों को शान्त करा कर बजाज मिल का केंद्र स्थापित कर किसानों ग्रामीणों का कहना है कि बजाज मिल ने किसानों को भुगतान नहीं दिया है जिससे किसान आर्थिक तंगी से जुझ रहें किसानों को अब तक मात्र नौ जनवरी तक ही दिया गया है। किसानों का कहना है कि केशोपुर में किसानों की बजाज मिल सेंटर लगने कई किसानों ने गन्ने की फसल करनी बंद कर दी है। और इस बार भी अधिकारियों ने फिर से उनके गांव में बजाज चीनी मिल का ही केंद्र स्थापित कर दिया जिसको लेकर गांव सिमरिया के किसानों ने एकत्र होकर बजाज चीनी मिल के विरोध प्रदर्शन कर विरोध जताया है। किसानों ने बजाज चीनी केंद्र हटवाकर पीलीभीत की एलएच सूगर फैक्ट्री का सेंटर लगवाने की मांग की है। ऐसा न करने पर किसानों ने इस बार बजाज चीनी गन्ना ना देने की बात कही हैं। प्रदर्शन करने वालों में मिश्रीलाल, जगदीश राकेश,



मुकेश, मैंकूलाल, आत्माराम, सत्यपाल, राजेंद्र, हरिराम, संजीव, संतोष, ओंकार, सुनील, सुरेश जगदीश, हरपाल लालाराम, कालीचरन, सर्वेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। गांव केशोपुर में किसाने की मांग को उच्च स्तर पर भेजा गया है लेकिन अभी तक कोई भी आदेश नहीं आया है अगर आदेश आता है तो केंद्र को बदलवाया जाएगा भुगतान के लिए मिल को पत्र भेजा गया है।

खुशीराम जिला गन्ना अधिकारी

## पूरनपुर घुंघचाई एक माह बीत जाने के बाद भी सेंटरों पर पसरा सन्नाटा

स्वतंत्र प्रभात

**घुंघचाई।** क्षेत्र में लगे क्रय केंद्रो अभी तक धान की खरीद शुरू नहीं हो सकी है। जबकि राइस मिलो किसानों धान की फसल औने-पौने दामों में खरीदी है। क्रय केंद्रों पर एक अक्टूबर खरीद शुरू करने आदेश दिए गए थे। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी सेंटरों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सरकार ने इस बार किसानों धान की फसल का समर्थन मूल्य 2300 रुपए निर्धारित किया है। और खरीद के लिए मंडी से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक दर्जनों क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिनपर एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू करने के आदेश दिए गए थे।

लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों मे स्थापित क्रय केंद्रो पर एक महीना बीतने वाला है लेकिन इसके बाद भी केन्द्रो अभी तक धान का एक दाना भी खरीद नहीं की गई है। खरीद शुरू न होने से सेंटरों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। वही राइस मिलों पर जमकर औने-पौने दामो धान की सीधी खरीद की जा रही है। राइस मिलो पर मनमाने तरीके से खरीद कर किसानों से जमकर कटौती की जा रही है जबकि जिलाधिकारी ने द्वारा अवैध सीडी कटौती पर रोक लगाने के बाद भी राइस मिलों फर्सी बिल देकर किसानों से सीडी कटौती की जा रही है। क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू न होने से किसानों समर्थन मूल्य कालाभ नहीं मिल पा रहा किसानों को धान औने-पौने दामों में बिक्री करना पड़ रहा है। राइस मिलों के पर मनमानी के चलते 1700 से लेकर 1800 में धान की खरीद की जा रही है।

क्षेत्र में घुंघचाई, नारायणपुर, बिलंदपुर अशोक, बलरामपुर, सिकराहना, लुखटिहाई टांडा मैं धान खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। लेकिन किसी भी केंद्र पर अभी तक खरीद शुरू नहीं हो सकती है।

ग्रामीण क्षेत्रों मे लगे क्रय केंद्रो पर किसान धान लेकर नहीं पहुंच रहे हैं। और अभी धान में 22 से 24प्रतिशत नमी आ रही है। केंद्रो पर 17 प्रतिशत नमी वाले धान की खरीद होगी हालांकि जांच कराकर केंद्रो खरीद शुरू नहीं हुई है उन पर खरीद शुरू कराई जाएगी।- विजय कुमार शुक्ला जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

गांव सेंटर लगा हुआ है लेकिन अभी खरीद शुरू नहीं हुई है। केंद्र पर 17 प्रतिशत नमी वाले धान खरीद के आदेश हैं और अभी धान में नमी अधिक आ रही है। इसी लिए किसान धान राइस मिलों पर बिक्री कर रहे हैं। - राम प्रकाश यादव



हमारे गांव नारायनपुर के नाम से धान क्रय केंद्र स्वीकृत हुआ है लेकिन केंद्र गांव में नहीं लगा है। जिससे मजबूरन राइस मिलों पर औने-पौने दमों में धान बिक्री कर रहा है। मिलन पर कटौती की जा रही है।-दयाराम

हर साल ग्रामीण क्षेत्र में क्रय केंद्रों की संख्या कम होती जा रही है। इस बार भी बेहद कम संख्या में केंद्र स्थापित किए गए हैं और उन पर भी धान की खरीद अभी शुरू नहीं हुई है राइस मिलों पर मनमाने रेट और कटौती कर धान की खरीद की जा रही है।- रविंद्र सिंह केंद्र पर खरीद न होने से धन राइस मिल पर बिक्री करना पड़ा मिल पर मुद्दत क्विंटल पर एक और कांटे के नाम पर विभिन्न प्रकार की कटौती की गई और बिल भी सादा कागज पर बना कर दे दिया गया जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ा है। - अनिल दिक्षित

## थारू समाज से मिलकर हो रही बेहद खुशी की अनुभूति- सावित्री ठाकुर

● पारंपरिक वेशभूषा में थारू जनजाति की युवतियों ने किया जोरदार स्वागत

केंद्रीय मंत्री ने किया स्वयं सहायता समूह की थारू जनजाति की महिलाओं से संवाद



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी 24 अक्टूबर।** गुरुवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सावित्री ठाकुर, उश्प्रश्र इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एण्ड रिसर्च की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला संग तहसील व ब्लॉक पलिया के थारू जनजाति क्षेत्र चंदन चौकी के ग्राम गोबरौला में श्रीमती आरती राना के आवास पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करने पहुंची, जहा पारंपरिक वेशभूषा में थारू जनजाति की युवतियों ने उनका पुष्पवर्षा कर स्वागत, अभिनंदन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सावित्री ठाकुर ने जनजातीय क्षेत्र के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर थारू हस्तशिल्प उत्पादों के निर्माण, विपणन की जानकारी ली और थारू हस्तशिल्प उत्पाद का निर्माण देखा। उन्होंने जाना कि इन उत्पादों के जरिये उनके समूह को कितनी आमदनी हो जाती है। कहा कि उन्हें थारू समाज से मिलकर बेहद खुशी की अनुभूति हो रही है। आपके बीच आकर संवाद करना हमारा सौभाग्य है। थारु क्षेत्र की बालिकाओं व महिलाओं में भी अपार कौशल व कुशलता है।सरकार की ओर से जनजातियों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रस्तुत किए जाने वाली कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन एंड रिसर्च की अध्यक्ष क्षिप्रा शुक्ला ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन योजना क्षेत्र में संचालित योजनाओं के संबंध में परियोजना अधिकारी यूके सिंह ने विस्तृत रूप से अवगत कराया। कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्र की उद्यमी महिलाएं, परियोजना अधिकारी यूके सिंह, डीपीओ भारत प्रसाद, जॉइंट बीडीओ, इंस्पेक्टर चंदनचौकी, प्रभारी निरीक्षक गौरीफटा, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि नई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

**गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, शिशुओं को कराया अन्नप्राशन**

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार सावित्री ठाकुर चेयरपर्सन, उप्र इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन एंड रिसर्च शिप्रा शुक्ला संग पांच गर्भवती महिलाओं को पोषण किट देकर गोद भराई कार्यक्रम एवं छह माह के तीन शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। इस गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम का संयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने किया।

## प्रतियोगिताओं की विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

● पुरस्कार पाकर उत्साहित हुए खिलाड़ी

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मशताब्दी के अवसर पर जिला खेल कार्यालय लखीमपुर के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर में हैंडबॉल बालिका जूनियर वर्ग व फुटबॉल बालक जूनियर वर्ग तथा हॉकी बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, इसी क्रम में हैंडबाल बालिका जूनियर वर्ग व फुटबॉल जूनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 23 अक्टूबर को किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव शारीफ तारा द्वारा किया गया, हैंडबॉल जूनियर बालिका वर्ग प्रतियोगिता में विजेता स्टेडियम ए की टीम तथा उप विजेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (सी बी एस सी) की टीम रही,वही दूसरी तरफ फुटबॉल जूनियर बालक वर्ग में विजेता स्टेडियम ए की टीम व उप विजेता कृषक समाज इंटर कालेज की टीम रही। दोनो प्रतियोगिताओं की विजेता व उप विजेता टीम को नक़द पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में हैंडबॉल खेल के



निर्णायक मंडल में विपनेश मिश्रा,रमेश कुमार,विशाल,विवेक,संजय,विजय सिंह,अरुण कुमार,मिथलेश सिंह तथा फुटबॉल खेल के निर्णायक मंडल में संजय राणा,चिराग, आदिल व ओमप्रकाश की विशेष भूमिका रही,इस दौरान समस्त स्टाफ के साथ साथ बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## इंस्टा की दोस्ती पड़ी भारी, अपनी अश्लील वीडियो जिस लड़के को भेजी, उसे ढूंढ रही गुजरात पुलिस

**लखीमपुर खीरी।**इंस्ट्राग्राम के जरिए गुजरात निवासी एक किशोरी से लखीमपुर के युवक की हुई दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों ने एक-दूसरे को कुछ अश्लील वीडियो भी व्हाट्सएप पर साझा किए। युवक ने जब किशोरी पर शादी करने का जबरन दबाव बनाया तो किशोरी के परिवार वालों को जानकारी हुई। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर खीरी पहुंची गुजरात पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक शहर के मोहल्ला महराजनगर निवासी एक युवक की इंस्टाग्राम के माध्यम से सूरत (गुजरात) की एक 16 साल की किशोरी से दोस्ती हो गई। दोनों के बीच बातचीत होती रही। कुछ दिनों के बाद दोनों का प्यार परवान चढ़ गया। दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर साझा कर लिए और व्हाट्सएप पर बातचीत होने लगी।

बताते हैं कि दोनों घंटों बात करने लगे। किशोरी ने उसके वीडियो मांगे तो उसने व्हाट्सएप पर अश्लील वीडियो भेज दिए। पुलिस के मुताबिक इधर काफी दिनों से युवक किशोरी पर शादी करने का दबाव बना रहा है। इससे मानसिक रूप से परेशान किशोरी ने मामले की जानकारी परिवार वालों को दी। परिवार के लोगों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। सूरत पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आईटी एक्ट, पाक्सो और यौन उत्पीड़न के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस अब उसकी तलाश में गुरुवार को लखीमपुर खीरी पहुंची। उसने सदर कोतवाली पहुंचकर अपराध इंस्पेक्टर हरि प्रकाश से मदद मांगी। सूरत और खीरी पुलिस ने संयुक्त दबिश देकर युवक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि गुजरात पुलिस टीम का पूरा सहयोग किया जा रहा है।

# संक्षिप्त ख़बरें

### कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बेईमानी से भूमि अपने नाम कराने के अपराध में संलिप्त लेखपाल गिरफ्तार

दिनांक 29.03.2024 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमवांमाफी स्थित वादी मुकदमा श्री आशीष पाण्डेय पुत्र गंगाधर पाण्डेय निवासी अमवा माफी थाना गोपीगंज जनपद भदोही की भूमि का आरोपीगण द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जीवित व्यक्ति को मृत दर्शाते हुए बेईमानी से 10 हिस्सेदारों के नाम की भूमि को दो लोगों में वरासत करा कर अपने नाम रजिस्ट्री कराने के संबंध में प्राप्त सूचना पर आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-82/2024 धारा- 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। पंजीकृत अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान तहसील औराई में तैनात क्षेत्रीय लेखपाल की संलिप्तता प्रकाश में आई है। आज दिनांक 24.10.2024 को स्थानीय पुलिस द्वारा उपरोक्त अपराध में संलिप्त क्षेत्रीय लेखपाल चन्द्रभान पुत्र स्व0 शिवशंकर निवासी दरवासी थाना कोईरौना जनपद भदोही उम्र करीब 38 वर्ष को थाना परिसर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

### भाजपा सीखड़ मण्डल मे बने 13 सक्रिय सदस्य

**सीखड़, मीरजापुर ।** वृहस्पतिवार को स्मृति सभागार कक्ष मगरहां मे भाजपा सीखड़ मण्डल के अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय की अध्यक्षता मे सक्रिय सदस्य बनाए गए। 2 सितम्बर से 25 सितम्बर तक पहला टर्म 1अक्टबर से 15 अक्टूबर तक दूसरे टर्म मे प्राथमिक सदस्य बनाए गए! 16अक्टूबर से सक्रिय सदस्य बनाना प्रारम्भ हुआ! इसी सदस्यता हेतु आज मगरहां मे सक्रिय सदस्य बनाए गए! कुल तेरह सक्रिय सदस्य बनाए गए! जगजीतन सिंह, ज्ञानधर शुक्ल, रामनरेश सोनकर, सर्वेश सिंह,गौरव पाण्डेय, रणवीर प्रताप सिंह, राजेश्वर त्रिपाठी, शीतलेश्वर पाठक, संजय मिश्रा, दिनेश साहनी, मनोज सरोज, रामदयाल पाण्डेय, बृजमोहन जायसवाल, अध्यक्ष ने बताया कि सीखड़ मण्डल मे कुल 50 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य है जो 30 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलसा युवक

**चुनार, मीरजापुर ।** कोतवाली क्षेत्र के बहरामगंज मुहल्ले में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक झुलसा।जानकारी के अनुसार टेकौर निवासी 18 वर्षीय भंडारी मिश्रा पुत्र स्व.अशोक कुमार मिश्रा वृहष्पतिवार को लगभग सुबह लगभग नौ बजे हाइट टेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। जिसके बाद सूचना पर पहुचीं पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चेचरीमोड पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर भंडारी के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।मुहल्ले वासियों ने बताया कि वह एक मकान मे मजदुरी का कार्य कर रहा था लेकिन एचटी लाइन की चपेट में कैसे आया इसकी जानकारी नहीं है। वही भवन स्वामी ने बताया कि हमारे यहा दो दिन से काम बन्द है घटना कैसे घटी इसकी जानकारी मुझे नही है।

### सोबिष्को कप क्रिकेट में आदर्श विवेक क्रिकेट अकादमी और जे सी ए क्रिकेट अकादमी ने जीते अपने अपने मैच

**चुनार, मीरजापुर।** पुर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन मिर्जापुर के तत्वाधान में सोबिस्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता, का आयोजन मिनी स्टेडियम मेड़िया चुनार मिर्जापुर के ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा हैं । गुरुवार को खेले गए पहले मैच में विमल क्रिकेट अकादमी को आदर्श विवेक क्रिकेट अकादमी ने चार विकेट से हरा दिया। वही दूसरे मैच में जे सी ए क्रिकेट अकादमी ने भारतीय स्पोर्टस क्रिकेट अकादमी को 98 रन से हराया। इस दौरान प्रवीन सिंह "किट्टू"भईया, रजत सिंह, गौतम सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, हेमंत पाण्डेय, अमित चतुर्वेदी, संजय सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।वही अंपायर छोटू यादव, अंशु यादव स्कोरर सौर्य सिंह, उपमा सिंह रहे।

## सूचना

**श्याम होम्यो क्लीनिक**

पथरी बवासीर पेट की समस्या गठिया व जोड़ों का दर्द बच्चेदानी की गांठ अनियमित माहवारी लिकोरिया कमर का दर्द साइटिका दमा स्वप्नदोष दाद खाज खुजली सफेद दाग पैरालिसिस इत्यादि जटिल एव पुराने रोगों का होम्योपैथिक से सफल इलाज के लिए संपर्क करें पता। जी,आई,सी हॉस्टल के पिछे महुअरिया मिर्जापुर। संपर्क का नंबर 8299 3450 29

# नव-नियुक्त 12 ग्राम पंचायत अधिकारियों को जि0पं0अ0, डीएम, सीडीओ, एडीएम ने किया नियुक्ति पत्र वितरित

**● मोदी-योगी राज में हो रही है, निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया- जि0पं0अ0**

**जिलाधिकारी ने नवनियुक्ति ग्राम पंचायत अधिकारियों को कराया पदीय दायित्व व कर्तव्य बोध**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-**उ0प्र0 के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज लोकभवन लखनऊ में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किया। जिसका लाइव प्रसारण कलेक्टेऊट सभागार में उपस्थित लोगों द्वारा देखा गया। उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपद भदोही में कुल 12 चयनित अभ्यर्थियों यथा-अशोक कुमार सिंह, शिवकुमार भारती, नीरज मौर्या, आशुतोष सिंह, प्रभाशंकर, राहुल यादव, रामधनी बिन्द, राहुल पाल, प्रदीप कुमार, अजित यादव, अभिषेक यादव को मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, जिलाधिकारी विशाल सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी ने नव-नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को बधाई/शुभाकॉमनायें देते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने पद पर ईमानदारी से कार्य करते हुए जनपद के विकास कार्य में सहयोग करेंगे। मा0 प्रधानमंत्री व मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उ0प्र0 में निष्पक्ष एवं पारदर्शी



तरीके से भर्तियॉ की जा रही हैं, लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, प्रदेश निरन्तर आगे बढ़ रहा हैं। उन्हांने कहा कि मुझे पूर्ण आशा है कि आप सभी लोग उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं को जन-जन तक पहॅुचाने में सहयोग करेंगे। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने नवागत ग्राम विकास अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन आपके व आपके परिवार के लिए किसी पर्व से कम नही है। प्रत्येक माता-पिता व परिवार की इच्छा होती है कि बच्चें पढ़ लिखकर उच्चतम मुकाम पाये। डीएम ने सभी को उनके दायित्व व कर्तव्य का पाठ पढ़ाते हुए ईमानदारी पूर्वक जनहित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी व डीपीआरओ संजय मिश्रा ने भी बधाई देते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी के पदेन कर्तव्यों व दायित्वों से परिचय कराते हुए ग्राम पंचायत पर विकास पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार, एडीपीआरओ, जिला स्वच्छता समन्वयक डॉ0 सरोज पाण्डेय सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# मलाईदार थाने का आनंद ले रहे हैं थाने पर लगे दलाल

**●चोरी से लेकर छेड़खानी तक का समझौता कराने का लेते हैं ठेका**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया।** ड्रमडगज थाने पर दलालों की कट रही है प्रतिदिन चांदी थाने पर लगे दलालो के द्वारा हर मामले मे कराया जाता है सुलह समझौता सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में थाने के तमाम दलाल लगे हुए हैं जो की चोरी से लेकर छेड़खानी जैसे मामले में सुलह समझौता कराकर अपने आप को एक सम्मानित व्यक्ति बनाने का प्रयास करते हैं क्षेत्र में 1 वर्ष के अंतर्गत दर्जनों चोरियां हुई एक भी चोरी में मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ ना तो एक भी चोरी का खुलासा हुआ छेड़खानी जैसे मामले में दलालों के द्वारा समझौता करा दिया जाता है उसके बाद थाने से यह रिपोर्ट निकाल कर सामने आता है कि पीड़िता के द्वारा फर्जी आरोप लगाया गया था जिसे समझौता कर



दिया गया जिससे ग्रामीणों ने तंग आकर कहां की ड्रमडगज थाने को सिर्फ दलाल चला रहे हैं बहुत मामला थाने तक पहुंच भी नहीं पाता है रास्ते से ही हो जाता है समझौता कभी-कभी ऐसा मामला सामने निकल कर आता है कि कोई धमकी का प्रार्थना पत्र देता है उसमें भी समझौता कराकर खत्म कर दिया जाता है कहीं न कहीं यह अपने आप में खतरनाक साबित करता है कि थाना किसी बड़ी घटना का इंतजार करता रहता है ऐसे में ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि ड्रमडगज थाने को दलालों से मुक्त कराया जाए जिससे पीड़ित को सही न्याय मिल सके।

## सुरियावां पत्रकार प्रेस क्लब के जिला महासचिव राजकुमार सरोज के छोटे भाई सर्जन डॉक्टर जितेंद्र सरोज को अमेरिका द्वारा फेलोशिप की उपाधि से सम्मानित किया गया है

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** सुरियावां मनापुर निवासी डॉ जितेंद्र कुमार सरोज को अमेरिका में अमेरिकन कॉलेज ऑफ सर्जन की तरफ से 19 से 22 अक्तूबर तक आयोजित दीक्षान्त समारोह में वीजा में देर होने की वजह से वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फेलोशिप (FACS) प्रदान की डॉ जितेंद्र सरोज, जिनका बचपन बहुत ही गरीबी में रहा है पांच भाइयों में चौथे नंबर के हैं पचपन में पिता का साया सर से उठ गया और पचपन से ही शिक्षा की लगन लग गई शिक्षा के क्षेत्र मे मेहनत करके जो मुकाम हासिल किया वो



अविश्वसनीय है इन्होने MBBS और रूस जनरल सर्जरी से दोनों डिग्री चत्तरू से प्राप्त किया है अब डा जितेंद्र भदोही जिले के पहले सर्जन बन गये है जिन्हें इस फेलोशिप से सम्मानित किया गया रिसर्च के क्षेत्र मे कई राष्ट्रीय एव अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके लेख प्रकाशित हो चुके है पूर्व में उन्हें फेलोशिप ऑफ एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया (FAIS), फेलोशिप ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ गैसट्रो इंटेस्टनल सर्जन (FIAGES), उनके सर्जरी के क्षेत्र मे इतनी कम उम्र में कार्यो को देखते हुए सम्मान के रूप मे डॉक्टर ऑफ द्वठु साइंस (D.Sc.) से भी नवाजा जा चुका है वर्तमान में आयुष्मान हॉस्पिटल बिलारि मुरादाबाद में कार्यरत है इस सफलता से लोगों ने खुशी का इज़हार किया ग्राम प्रधान चंद्रेश यादव, धर्मेन्द्र सरोज,वीरेंद्र सरोज, परमेंद्र सरोज, राकेश सरोज, राजेंद्र आदि।

## ड्रमंडगंज वनरेंज में नही रूक रहा हरे पेड़ों का कटान, धड़ल्ले से काटे जा रहे पेड़, विभाग मौन

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया।** ड्रमंडगंज वनरेंज में विभागीय उदासीनता के चलते हरे पेड़ों के कटान का मामला नही रूक पा रहा है। गुरुवार को अहुगी कलां प्लांटेशन के बगल में अहुगी सुखड़ा सम्पर्क मार्ग के किनारे लगाए गए यूकेलिप्टस के पेड़ो पर वन माफिया धड़ल्ले से कुल्हाड़ी चलवा रहे हैं। जानकारी होने के बाद भी वनविभाग कार्रवाई की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। यूकेलिप्टस के पेड़ को काटे जाने का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं वीडियो बनाने के लिए गए एक दैनिक समाचार पत्र के क्षेत्रीय संवाददाता आशीष तिवारी को पेड़ कटान का वीडियो बनाने पर पेड़ कटान में में शामिल एक युवक डंडा लेकर मारने के लिए दौड़ाया और धमकी दी। जिसपर क्षेत्रीय संवाददाता ने हलिया थाने में युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



वनविभाग की लापरवाही से क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है लेकिन विभाग पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही कर रहा है। जबकि ग्रामीणों ने पेड़ काटे जाने की सूचना वनविभाग को सुबह ही दे दिया था लेकिन देर शाम तक वनविभाग की टीम मौके पर नही पहुंची। वहीं इस संबंध में रेंजर ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है यदि वनकर्मी पेड़ कटान में शामिल नही है तो पेड़ को जब्त कर पेड़ काटने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक पर किशोरी की मां ने गुरूवार को मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि बीते एक अक्टूबर की रात में सोलह वर्षीया पुत्री शौच के लिए घर से बाहर गई थी उसी दौरान बगल के गांव का युवक बेटी को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि महिला की तहरीर पर किशोरी को भगाकर ले जाने वाले आरोपी कृष्णा पाल निवासी इंद्रवार के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137(2) व 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## कपड़ा लादकर जा रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक खलासी जख्मी



स्वतंत्र प्रभात

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर गुरुवार सुबह आठ बजे के करीब कपड़ा लादकर जा रहे कंटेनर का ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर बड़का मोड़ घुमान पर पलट गया। हादसे में चालक खलासी को मामूली चोटें आई हैं मध्यप्रदेश के भोपाल से कपड़ा लादकर कोलकाता जा रहा कंटेनर जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा कि अचानक ब्रेक फेल हो गया ट्रक अनियंत्रित होकर बड़का मोड़ पर पलट गया। हादसे में 23 वर्षीय कंटेनर चालक ओसामा व 25 वर्षीय खलासी शिवशंकर निवासी पड़रिया चेत सिंह थाना रूधौली जिला बस्ती को हल्की फुल्की चोटें आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक व खलासी का नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में उपचार करवाया । थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मध्यप्रदेश के भोपाल से कपड़ा लादकर कोलकाता जा रहे कंटेनर का ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर पलट गया । चालक खलासी को मामूली चोटें आई हैं जिनका उपचार करवाया गया है।

## न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**सीखड़, मीरजापुर।** वृहस्पतिवार को न्याय पंचायत स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय पचराव सेकंड के मैदान पर किया गया। जिसमें बालिका कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय खैरा प्रथम खो खो बालिका में प्राथमिक विद्यालय बटौवा प्रथम खो खो बालक प्राथमिक विद्यालय पचराव प्रथम विजेता रहा कबड्डी बालक कंपोजिट विद्यालय मगरहा प्रथम द्वितीय पूर्व मध्य विद्यालय खैरा खो खो बालक में पूर्व मध्य विद्यालय बटौवा प्रथम पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा सेकंड व बालिका खो-खो में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बटौवा प्रथम पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा सेकंड रहा उक्त अवसर पर नोडल शिक्षक संकुल संजीव कुमार प्रदीप कुमार सिंह संतोष सिंह शशिकांत सिंह अमरेंद्र सिंह सुजीत सिंह विकास रत्नेश्वर बिनोद आकाश गिरी मनीष दुबे बंदना रुचि सिंह आराधना ममता अंजू सिंह कंचन पाठक आदि शिक्षक एवं शिक्षिका सहित ग्रामीण जनता एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थिति रही।

## राजकीय महाविद्यालय चुनार का निरीक्षण एवं मूल्यांकन करने पहुंची नैक पीयर टीम

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर ।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार मीरजापुर में उपलब्ध सुविधाओं का भौतिक सत्यापन करने हेतु तीन सदस्यीय नैक पीयर टीम गुरुवार को प्रातः महाविद्यालय पहुंची। टीम की अध्यक्षता डॉ जगदीशकुमार जोशी, गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद कर रहे हैं तथा डॉ0 इलेनबाम नेक्सन सिंह प्रोफेसर मिजोरम विश्वविद्यालय एवं डॉ0 जेनेट ऑगस्टीन डायरेक्टर लॉयला कॉलेज ऑफ़ सोशल साइंसेज केरल सदस्य के रूप में सम्मिलित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम निहोर ने महाविद्यालय की आधारभूत संरचना, विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित समस्त जानकारी नैक पीयर टीम को उपलब्ध कराया। तत्पश्चात नैक पीयर टीम ने महाविद्यालय के समस्त विभाग प्रभारियों



एवं सहायक प्राध्यापकों के साथ बैठक कर शिक्षण-अधिगम, पाठ्यक्रम एवं परीक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में रसायन विज्ञान विभाग, गणित विभाग, जंतु विज्ञान विभाग, भौतिकी एवं वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला एवं कक्षाओं का अवलोकन किया। कला संकाय के अंतर्गत समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास,शारीरिक शिक्षा, अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृति विभाग तथा वाणिज्य संख्या का निरीक्षण किया एवं विभागीय प्रस्तुतीकरण का परीक्षण किया। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स-रेंजर्स, एन सी सी, कौशल विकास, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, वानस्पतिक उद्यान, खेल मैदान एवं सामग्री का सूक्ष्मता से सत्यापन किया। निरीक्षण के अगले क्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं पुरातन छात्र-छात्राओं से अलग से वार्तालाप किया। अध्यनरत छात्र-छात्राओं से महाविद्यालय की प्रतिपुष्टि प्राप्त किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश के नॉमिनी के रूप में डॉ0 पी0एन0 डोंगरे, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय औराई,भदोही, आई क्यू ए सी प्रभारी प्रोफेसर माधवी शुक्ला महाविद्यालय के नैक प्रभारी डॉ चंदन साहू के साथ महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण, प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। नैक पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय के निरीक्षण एवं मूल्यांकन का क्रम 25 अक्टूबर को भी चलेगा ।

## भारतीय किसान मोर्चा ने झोला छाप डॉक्टर की जांच कर उचित कार्यवाही करने हेतु चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर ।** भारतीय किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राकेश कुमार पटेल को ज्ञापन देकर मांग किया है कि ग्राम समसपुर में रामनिवास पांडेय द्वारा फर्जी ढंग से नर्सिंग होम चलाया जा रहा है साथ मरीजों का उपचार कर सामूहिक रास्ते पर गंदगी फैलाने से संक्रमण फैलने की संभावना है।।मना करने पर मारपीट करने पर आमादा हो जाते है। अतः प्रकरण की जांच कर




न्यायोचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना चौबे, जनार्दन त्रिपाठी, शकील राइन, शिवानी साहनी, भानु यादव, समीर दत्ता, गौतम वर्मा,मु जुबैर, राजकुमार, पारस आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किसी ने गुमटी फूंका

**जिगना, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के नरोइयां बाजार में कसधना गांव के मदनपुर मजरा निवासी छोटेलाल उर्फ बल्ला बिन्द की गुमटी बीती रात किसी ने फूंक दिया। गुरुवार की सुबह सूचना पर जब दुकान पर पहुंचे तो एक लकड़ी की तख्त व गुमटी के काउंटर में रखा 1200 नगद व तीस हजार से अधिक का सामान जलकर राख हो गया था। तहरीर देकर अज्ञात लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुशील त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## भारतीय किसान मोर्चा ने जनसमस्याओं के निराकरण हेतु उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** भारतीय किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा जिसमे मांग कीयूयू गई है कि चुनार दुर्गा जी मोड़ स्थित खोवा मंडी में मिलावटी खोवा की बिक्री पर रोक,केमिकल युक्त फल,सब्जी की बिक्री पर रोक, नकली दवाओं की गुणवत्ता ,झोला छाप डॉक्टर की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही,दुर्गा जी मोड़ पर सर्विस लेन को हाइवे से अलग कर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक,नगर में सड़क किनारे पटरियों पर अतिक्रमण को दूर करने की मांग की है। इस दौरान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना चौबे,जनार्दन त्रिपाठी,शकील राइन,शिवानी साहनी,भानु यादव,समीर दत्ता,गौतम वर्मा,मु जुबैर,राजकुमार,पारस सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांग भरण पोषण अनुदान दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में द्वितीय त्रैमासिक किस्त का अक्टूबर में एकाउण्ट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** -प्रभारी जिला दिव्यांजन अधिकारी दिनेश त्रिपाठी ने पत्र के माध्यम अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांग भरण पोषण अनुदान दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में द्वितीय त्रैमासिक किस्त का प्रेषण माह अक्टूबर 2024 से एकाउण्ट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रणाली द्वारा योजनान्तर्गत अनुदान प्राप्त करने हेतु दिव्यांग पेंशनरों को अपने बैंक खाते में NPCI (National Payment Corporation Of India) Mapper की प्रक्रिया पूर्ण कराना अनिवार्य होगा, क्योंकि आधार बेस्ड पेमेंट में



भुगतान मात्र NPCI Mapped Aadhar में ही किया जा सकता है। पेंशनरों द्वारा NPCI की कार्यवाही पूर्ण नहीं कराने पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना संभव नहीं होगा। जनपद में 851 दिव्यांगजनों का NPCI की कार्यवाही पूर्ण नहीं करायी गयी है। जनपद में दिव्यांग भरण पोषण अनुदान दिव्यांग पेंशन), कुष्ठावस्था पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे, समस्त दिव्यांग पेंशनरों को अवगत कराना है कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने बैंक से सम्पर्क कर NPCI (National Payment Corporation Of India) Mapper की प्रक्रिया पूर्ण कराकर कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास भवन कंसापुर ज्ञानपुर में उसकी प्रति प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

# भदोही में अज्ञात बदमाशों ने डीघ ब्लॉक के त्रिस्तरीय समिति के आवास पर फेका बम, कोई हताहत नहीं

**● गोपीगंज थाना क्षेत्र महुआरी धनीपुर का मामला**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** एक तरफ सरकार जहां कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है वही दूसरी तरफ अपराधी अपने आदतों से बाज नही आते है और वारदात को अंजाम दे देते है। अब इसके पीछे अपराधियों की मनबढी कही जाये या पुलिस की नाकामी। जहां आये दिन अपराधी घटना को अंजाम दे देते है। एक ऐसा ही मामला कालीन नगरी में देखने को मिला जहां बुधवार की रात में मनबढ बाइक सवार



बदमाशों ने डीघ ब्लाक के त्रिस्तरीय समिति के अध्यक्ष मनोज मिश्र के आवास पर बम फेंक कर दहशत फैलाने और एक बड़ी घटना को अंजाम देने की नाकाम कोशिश की। यह तो गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नही हुआ। लेकिन बम फटने की आवाज से पूरे गांव में हडकंप मच गया। मनोज मिश्र ने इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी है। पुलिस भी सूचना पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली है। मनोज मिश्र ने कहा कि पुलिस को सूचना दे दी है पुलिस अपने स्तर से जांच करेगी। कहा कि मुझे किसी पर शंका नही है अज्ञात बाइक सवार बिना नंबर की बाइक से आये थे। त्रिस्तरीय समिति के अध्यक्ष मनोज मिश्र के आवास पर बदमाशों ने बम फेंककर दहशत फैलाने का प्रयास किया जो पूरे क्षेत्र में चर्चा है। त्रिस्तरीय समिति के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया है कि उनकी दुश्मनी ज्ञानपुर के पूर्व विधायक विजय मिश्र से है जिसमें मनोज मिश्रा गवाह भी है। हालांकि इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### धर्मा देवी इण्टर कॉलेज की शकुन भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुई चयनित



**अझुवा कौशाम्बी।** जनपद को एक और उपलब्धि प्रयागराज में आयोजित 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी की छात्रा शकुन का राष्ट्रीय स्तर के लिये चयन होने से नाम रोशन हुआ है प्रयागराज स्थित सी. ए. वी. इण्टर कॉलेज प्रयागराज में आयोजित हो रही 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छात्रा शकुन ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में सबसे अधिक 151 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल अर्जित कर अपने मण्डल, जनपद एवं विद्यालय का नाम रोशन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित हुयी। सुखद समाचार प्राप्त होते ही धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के सम्पूर्ण विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानन्द यादव, खेल सचिव श्याम लाल,विद्यालय के प्रबन्धक रामसुभग त्रिपाठी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 रामकिरण त्रिपाठी ने छात्रा को बधाई दी। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया।

### परियोजना निदेशक ने विकास कार्यो की समीक्षा किया।

**प्रतापपुर प्रयागराज।** विकास खंड प्रतापपुर प्रयागराज में दिनांक 23,10,24 को पी डी नेविकास कार्यो की समीक्षा किया जिसके अंतर्गत तालाब सौंदर्यीकरण इंटरलॉकिंग पक्की नाली इत्यादि कार्यो पर गहन वार्ता कौर सभी अधीनस्थ कर्मियों को सख्तहिदायत दी की विकास कार्यो में लापरवाही बरतनेवाले वाले कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कारवाही की जा सकती है साथ ही साथ कराए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें बैठक में खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्र कुमार यादव ए डी ओ पंचायत सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### आठ महीने पहले हुई बाईक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज




**गोंडा।** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति की आठ माह पूर्व चोरी हुई बाईक की घटना के संबंध में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित दिलीप तिवारी पुत्र स्व0 रघुनाथ निवासी चाँदपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा ने दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा है कि वह अपने काम से बेलवा चौराहे पर गये थे और अपनी मोटर साईकिल गाडी नंबर यूपी 43 ए.जेड. 3816 खड़ी किये, जो कि दिनांक 7.2.2024 को सांय 5 बजे बेलवा चौराहे से गायब हो गयी। उसने अज्ञात में अप्लीकेशन दिया था लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसको अभी जानकारी हुई कि मोटर साईकिल का नंबर प्लेट निकालकर विपक्षी मोहित मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा निवासी ग्राम चाँदपुर टेपरा, थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा द्वारा उक्त गाड़ी को चलाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उसने बाइक बरामद कर विपक्षी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किये जाने की मांग करते हुए बताया कि उसके पास गाड़ी कागज भी उपलब्ध है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मोहित मिश्रा पुत्र विनोद मिश्रा निवासी ग्राम चाँदपुर टेपरा, थाना कोतवाली देहात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय ़अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी की बस को जिला कृषि अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कौशाम्बी।** जनपद में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत 64 कृषकों का दल दिनांक- 24.10.2024 से 25.10.2024 तक चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय "अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी" में शामिल होने वाली बस को जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सन्तराम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह दल दो दिवसों तक विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में शामिल होकर फसल सुरक्षा तकनीक, प्राकृतिक खेती, फसलों की उन्नतशील प्रजातियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के साथ पशु पालन, मत्स्य पालन एवं दुग्ध उत्पादन की नवीन जानकारी प्राप्त करेंगे तथा जनपद वापस आने पर अपने ग्राम एवं आस-पास के अन्य कृषकों में भी नयी तकनीकी का प्रचार-प्रसार करेंगे।

## मेरठ के होटल में रईसजादों के लिए चल रहा था कसीनो, सूरा सुन्दरी का बी इंतजाम

स्वतंत्र प्रभात



**मेरठ** जिले से तीन दिन पहले एक सनसनीखेज खबर सामने आई ह। भाजपा का दावा है कि वह पार्टी विद डिफरेंस है और वह चाल चरित्र और चेहरे की पार्टी है .लेकिन उसका एक नेता जो पूर्व पार्टी पदाधिकारी भी रहा है। उसके होटल से थ्री डी यानि ड्रिंक डिनर और डांस से आगे जुएँ के बहुत बड़े कसीनो का भी मामला पकड़ा गया है। मेरठ के गढ़ रोड स्थित होटल हारमनी इन में एक गुप्त कसीनो चल रहा था, जहां बड़े पैमाने पर करोड़ों रुपये के जुए की बाजी लगाई जा रही थी। सूचना मिलने के बाद एसएसपी के आदेश पर तीन सीओ की टीम ने सोमवार रात लगभग 1:45 बजे होटल में छापेमारी की. छापेमारी के दौरान होटल के प्रथम फ्लोर पर कसीनो चलते हुए पाया गया, जहां शहर के कई रईसजादे जुआ खेलते हुए मिले. पुलिस ने होटल मालिक और भाजपा के पूर्व महानगर कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा समेत कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए लोगों में कुछ लड़कियां भी शामिल बताई जा रही हैं। ये लड़कियां इस दौरान वैट्रेस का काम कर रही थीं। उत्तर प्रदेश के मेरठ में सबसे लग्जरी होटल हार्मोनी में पुलिस की इस छापे से हड़कंप मच गया. करीब डेढ़ करोड़ की कसीनो कॉइन बरामद किए गए हैं। वहीं दिल्ली और मुंबई समेत शहर के करीब 21 से ज्यादा रईसजादे जुआ खेलते हुए पकड़े गए. जिनमें से आठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी के स्पेशल टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया. होटल हार्मोनी के मालिक सत्ताधारी दल से जुड़े हैं, इसलिए अब राजनीतिक गलियारे में हड़कंप पर मचा हुआ है।

दरअसल, एसएसपी मेरठ को गोपनीय सूचना मिली थी कि हारमनी इन में कसीनो संचालित हो रहा है. इसमें शहर के बड़े-बड़े लोग दाव लगा रहे हैं. इस सूचना पर तीन सीओ की टीम बनाई गई. जब पुलिस टीम ने छापा मारा तब कसीनो में दाव लगा रहे लोगों में भगदड़ मच गई. पुलिस ने बड़ी तादाद में यहां से कसीनो खेलने का सामान और पैसा बरामद किया। पुलिस अब कसीनो में दाव लगाने वाले लोगों की जानकारी जुटा जा रही है।. होटल की सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ली गई है। पुलिस का कहना है कि बड़ी मात्रा में कॉइन पकड़े गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 1.5 करोड़ की बताई जा रही है। इस मामले में मेरठ के एसपी सिटी आयुष विक्रम ने बताया कि 'नौचंदी थाना क्षेत्र में होटल हारमनी इन में भारी एंट्री फीस लेकर अवैध कसीनो चलाए जाने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर इसमें तीन सीओ की टीम बनाई गई. वहां पर जब छापेमारी की गई तो सूचना सही पाई गई. इसमें होटल मालिक और संचालक सहित आठ लोग गिरफ्तार किए गए हैं. होटल में अवैध रूप से कसीनो खिलाए जाने और गैंबलिंग व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है. होटल की सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने जब्त की है। यह सुचना भी मिल रही है कि छापे के दौरान दस नेपाली लड़कियों सहित 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया।इसके साथ ही आरोपियों के पास से लाखों रुपये बरामद किए गए।

कसीनो के पीछे अब कई राज फाश हो रहे सबसे अधिक चर्चा भाजपाइयों की आपसी गुटबाजी को लेकर है। बताया जाता है कि भाजपाइयों की इसी गुटबाजी के चलने होटल हारमनी इन में चल रहे कसीनो की पोल खुली है। होटल हारमनी इन में पिछले छह महीने से कसीनो संचालित हो रहा है। बताया जात है कि थाना पुलिस को इसकी एवज मे लाखो रुपये महीना जाता था। जिसके चलते थाना पुलिस ने होटल हारमनी इन में चलने वाले अवैध कसीनो को नजरअंदाज किया हुआ था। यहीं कारण रहा कि जब एसएसपी की स्पेशल टीम ने होटल हारमनी इन में छापेमारी के दौरान थाना पुलिस को दूर रखा गया।

मेरठ में इन दिनों भाजपा के भीतर गुटबाजी पूरी तरह से चरम पर है। भाजपा के जिस गुट से होटल मालिक नवीन अरोड़ा जुड़ा है। उस गुट को भाजपा का एक दूसरा बड़ा गुट नीचा दिखाने के लिए भीतर खाने कुछ ना कुछ करता रहता है। लिहाजा एक-दूसरे को नीचा दिखाने की खींचतान में कसीनो की पोल खुल गई। बताया जाता है कि भाजपा के इसी गुट ने पूरी रेकी कर एसएसपी को सटीक सूचना दी थी।

यही वजह रही कि नवीन अरोडा भी वहां पर मौजूद था। कसीनो संचालन की सूचना सीधे बड़े अधिकारियों को दी गई थी। इसलिए स्थानीय नौचंदी पुलिस को इसकी भनक नहीं लगी। भाजपा के मेरठ महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज का कहना है कि नवीन अरोड़ा व्यापारी हैं और वो भाजपा समर्थक हैं। नवीन अरोड़ा भाजपा के कोषाध्यक्ष कब रहे इसकी जानकारी उनको नहीं है। पुलिस ने अवैध कसीनो संचालन मामले में जिन आठ लोगों को गिरफ्तार किया था उनको कोर्ट से ही जमानत मिल गई। जिन लोगों को गिरफ्तार किया उनके नाम नवीन अरोड़ा, निवासी शास्त्रीनगर सेक्टर छह होटल स्वामी। राकेश सहगल, निवासी वेस्टर्न कचहरी रोड, धागा व्यापारी। राजकुमार, निवासी बेगमबाग, हेंडलूम कारोबारी। संजय अरोड़ा,निवासी शास्त्रीनगर नई सड़क, अधिवक्ता। राजीव गुलाठी, निवासी बेगमबाग, कपड़ा व्यापारी। गौरव कंसल, निवासी वेस्टर्न कचहरी रोड स्पेयर पार्ट्स व्यापारी, मोहित टंडन, निवासी जागृति विहार हेंडलूम व्यापारी और देवेंद्र कुमार सेठी, निवासी कल्याणी सिविल लाइंस, आढ़ती हैं। इन सभी को कोर्ट से जमानत दे दी गई थी।

## यूपी उपचुनाव में 'इंडिया' के प्रत्याशी भी सपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार देर रात ऐलान किया है कि यूपी की 9 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार साइकिल चिन्ह पर उतरेंगे। इस ऐलान से पहले कयासबाजी लगाई जा रही थी कि सपा और कांग्रेस के बीच में सीट शेयरिंग को लेकर कोई सहमति नहीं बन पा रही है। सपा और कांग्रेस की स्टेट लीडरशिप की तरफ से भी अलग-अलग संख्या में सीटों पर दावेदारी के दावे-प्रतिदावे किए जा रहे थे. हालात ऐसे बन रहे थे कि यूपी में विपक्ष के इंडिया गठबंधन के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे थे।

यूपी की नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अब इंडिया गठबंधन में सीटों का बँटवारा नहीं होगा। अखिलेश यादव ने घोषणा कर दी है कि सभी सीटों पर अब समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार उतारे जाएंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि सभी उम्मीदवार समाजवादी पार्टी से ही होंगे। अखिलेश ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार होंगे, लेकिन चुनाव चिह्न सपा का होगा। अखिलेश यादव ने इस पर देर रात को बयान जारी किया है, "'बात सीट की नहीं जीत की है' इस रणनीति के तहत 'इंडिया गठबंधन' के संयुक्त प्रत्याशी सभी 9 सीटों पर समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न 'साइकिल' के निशान पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी एक बड़ी जीत के लिए एकजुट होकर, कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है। इंडिया गठबंधन इस उपचुनाव में, जीत का एक नया अध्याय लिखने जा रहा है।" सपा प्रमुख ने आगे कहा, "कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ आने से समाजवादी पार्टी की शक्ति कई गुना बढ़ गयी है। इस अभूतपूर्व सहयोग और समर्थन से सभी 9 विधानसभा सीटों पर 'इंडिया गठबंधन' का एक-एक कार्यकर्ता जीत का संकल्प लेकर नयी ऊर्जा से भर गया है। ये देश का संविधान, सौहार्द और पीडीए का मान-सम्मान बचाने का चुनाव है। इसीलिए हमारी सबसे अपील है ~एक भी वोट न घटने पाए, एक भी वोट न बँटने पाए। देशहित में 'इंडिया गठबंधन' की सद्भाव भरी ये एकता और एकजुटता आज भी नया इतिहास लिखेगी और कल भी।" हालाँकि, पहले ऐसी रिपोर्टें आई थीं कि कांग्रेस ने मूल रूप से 10 विधानसभा सीटों (मिल्कीपुर सहित) में से पांच की मांग की थी। हालांकि, समाजवादी पार्टी ने पिछले हफ्ते कहा था कि कांग्रेस गाजियाबाद और खैर की दो सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सहमत हो गई है और बाकी सीटें अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी के लिए छोड़ दी हैं।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार को बहन प्रियंका गांधी के नॉमिनेशन के लिए वायनाड पहुंचे थे. वायनाड सीट राहुल गांधी ने खाली की है और यहां भी उपचुनाव होना है। राहुल गांधी जब वायनाड से लौटे तो सूत्रों के मुताबिक देर रात अखिलेश यादव की उनसे बातचीत हुई है. राहुल गांधी इस सपा की ओर से मिल रहे 2 सीटों के ऑफर की बजाय किसी भी सीट पर नहीं लड़ने की बात कही। दरअसल कांग्रेस मीरापुर और फूलपुर की सीट मांग रही थी।अखिलेश ने इसपर पहले ही दो मुस्लिम उम्मीदवार उतार दिए हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी को चुनाव में ना लड़ना ही बेहतर विकल्प लगने लगा। राहुल गांधी से बातचीत के बाद अखिलेश यादव ने ङ्क पर पोस्ट कर इस नए फॉर्म्युले की जानकारी दी है।

यूपी की सभी नौ सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होंगे और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।25 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है. समाजवादी पार्टी ने नौ में से छह सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। अब बाकी की तीन सीटों पर भी जल्द ऐलान हो सकता है। इन नौ सीटों में यूं तो हर सीट महत्वपूर्ण है, लेकिन राजनैतिक प्रतिस्पर्धा को देखें तो महत्वपूर्ण सीटों में पहला नाम करहल का आता है। मैनपुरी ज़िले की करहल वो सीट है, जहां से अखिलेश यादव विधायक थे. इस साल हुए लोकसभा चुनाव में सांसद बनने के बाद अखिलेश ने करहल से इस्तीफ़ा देकर अपने परिवार के तेज प्रताप यादव को यहां से टिकट देकर प्रत्याशी बनाया है।



दूसरी महत्वपूर्ण सीट कानपुर की सीतामऊ है। इरफ़ान सोलंकी के सज़ायाफ़्ता होने की वजह से वो अयोग्य क़रार दिए गए।समाजवादी पार्टी ने सीसामऊ से इरफ़ान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को टिकट दिया है। नसीम सोलंकी ने यहां से नामांकन भी दाखिल कर दिया है। दरअसल, यूपी की 10 सीटों पर उपचुनाव होना था, उनमें मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी, मिर्जापुर की मझवां, अयोध्या की मिल्कीपुर, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुजफ्फरनगर की मीरापुर और मुरादाबाद की कुंदरकी सीट शामिल हैं। हालांकि अभी सिर्फ 9 सीटों पर उपचुनाव घोषित हुए हैं। मिल्कीपुर सीट पर तारीख का ऐलान नहीं हुआ है। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की जंग में बसपा भी दमखम दिखाने को तैयार है. बीएसपी ने सभी 9 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से पार्टी उपचुनाव में पूरी ताकत झोंकने को तैयार है. बसपा लंबे समय बाद उपचुनाव लड़ रही है, ऐसे में उपचुनाव का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। बसपा उपचुनाव में भले ही अकेले मैदान में उतरी हो, लेकिन सीट के जातीय समीकरण के लिहाज से उम्मीदवार उतारे हैं।यूपी के उपचुनाव में बसपा की स्थिति करो या मरो वाली है। बसपा उपचुनाव में अगर एक भी सीट जीतना चाहती है तो उसे एक तरफ से सपा के नेतृत्व वाले गठबंधन से मुकाबला करना है, तो दूसरी तरफ बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए से दो-दो हाथ करना होगा। इसीलिए उपचुनाव में बसपा के सामने सिर्फ खाता खोलने की ही नहीं बल्कि दलित समुदाय के वोटों को भी वापस लाने की चुनौती है। ऐसे में देखना है कि मायावती का दांव कितना कारगर रहता है।

## एसडीएम के ट्रांसफर के बाद ही खत्म होगी हड़ताल- अधिवक्ता संघ

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव प्रयागराज।** तहसील कोराव में बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के तहसील पहुंचने के पहले ही अधिवक्ताओं ने लामबंद होकर उनके न्यायालय के सामने धरने पर बैठ गए और कहा कि जब तक इनका यहां से ट्रांसफर नहीं होता तब तक हम लोगों की हड़ताल जारी रहेगी। ज्ञात हो कि तहसील कोराव में उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के खिलाफ अधिवक्ताओं की पखवारे भर से हड़ताल चल रही है उनके मनमानी रवैए समय से फाइलों का निपटारा न करना निर्विवादित फाइलों में आदेश न करना साथ ही साथ समय से न्यायालय का संचालन न करना के विरोध में अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी न्यायालय के सामने धरने पर बैठ गए और एक के बाद एक एक कर सभी अधिवक्ताओ ने अपने संबोधन मे यही कहा कि इनका रवैया नहीं सुधरेगा जब तक इनका यहां से ट्रांसफर नहीं होगा।

इस दौरान मुख्य रूप से बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह रामेश्वर प्रसाद तिवारी रोहणी प्रसाद दादा जीके सिंह ललन तिवारी उमाकांत तिवारी विजय शंकर मिश्रा राम बहादुर सिंह कैलाशनाथ सिंह भगवत प्रसाद शिवकुमार प्रजापति योगेंद्र नाथ द्विवेदी राजू शेखर द्विवेदी विनीत मिश्रा सुनील कुमार पांडे भास्कर यादव मणि शंकर शर्मा विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला राजेश शुक्ला अभिषेक तिवारी के अलावा सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अध्यक्षा जिला पंचायत ने नव-नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को किया नियुक्ति-पत्र वितरित

**- जनपद को मिलें कुल 26 ग्राम पंचायत अधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकभवन लखनऊ में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किया। जिसका लाइव प्रसारण उदयन सभागार में उपस्थित लोगों द्वारा देखा गया। उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपद के चयनित अभ्यर्थियों यथा- मनोज कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, महेश चन्द्र शुक्ला, गौरव कुमार पटेल, भावेश कुमार शुक्ला, जीवेश कुमार सोनी, पीयूष कुमार, पंकज कुमार सोनकर, अनुज पटेल, बाल कृष्ण, राजेन्द्र कमार, शिवशंकर कुशवाहा, राजकरन पाल, गया प्रसाद यादव, कुमारी किरन पटेल, शशांक श्रीवास्तव, जनमेजय यादव, रजनीश शर्मा, खुश्बू गुप्ता, अरविन्द कुमार, महेन्द्र प्रताप,अनिल चौधरी, महेन्द्र प्रताप, अंकिता गुप्ता,स्वागत अग्रहरि एवं मनीष कुमार को जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस प्रकार जनपद में कुल 26 नव-नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों का चयन किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा कल्पना सोनकर ने नव-नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों को बधाई/शुभाकॉमनायें देते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने पद पर ईमानदारी से कार्य करते हुए जनपद के विकास कार्य में सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उ0प्र0 में निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से भर्तियॉ की जा रही हैं, लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, प्रदेश निरन्तर आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि मुझे पूर्ण आशा है कि आप सभी लोग उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर नगर भाजपा जिलाध्यक्ष धरमराज मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कार्यालय कक्ष में अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, बूथ लेबिल अधिकारियों की नियुक्ति कर उनकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में दिनांक 26 नवम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मा0 आयोग के निर्देशानुसार जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों से विधानसभावार बूथ लेबिल एजेन्ट की नियुक्ति कर उनकी सूची विधानसभावार कार्यालय में उपलब्ध करायें।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्याक्रमानुसार मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को किया जायेगा। इसी प्रकार दावे/आपत्तियॉ प्राप्त करने की अवधि दिनांक 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक है। विशेष अभियान की तिथियॉ-09, 10, 23 एवं 24 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई हैं। दावे/आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर 2024 तक किया जायेंगा एवं मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेंगा। बैठक में अपर जिलाधिका अरूण कुमार गोंड, प्रबुद्ध सिंह, मुख्य कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## बाबा टीवीएस में एक लाख से कम कीमत पर बाबा में मिल रही न्यू रेडर बाइक

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में बाबा टीवीएस बाइक एजेंसी बाबा चौराहा रसूलपुर गिरसा भरवारी व ओसा रोड मंझनपुर में बुधवार को न्यू रेडर बाइक की लॉन्चिंग एजेंसी मालिक और कम्पनी के अधिकारियों द्वारा की गई है इस मौके पर धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर में बाबा टीवीएस से बाइक खरीदने पर ढेर सारे उपहार देने की घोषणा एजेंसी मालिक द्वारा की गई है 99 हजार 999 रुपए की कीमत पर बाबा टीवीएस में न्यू रेडर बाइक मिलेगी न्यू रेडर बाइक इस समय युवाओं की पहली पसन्द बनी हुई है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असिस्टेंट जनरल मैनेजर रेडर ब्रान्ड्स गौतम नारायण एरिया मैनेजर सेल्स उग्रेस क्षेत्रीय प्रबन्धक सेल्स प्रतीक राय बाबा टीवीएस के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित केसरवानी साथ में उनके छोटे भाई कपिल केसरवानी अमर कुशवाहा पीयूष वर्मा सचिन पाण्डेय धीरज केसरवानी अंश केसरवानी सहित समस्त स्टाफ ने मिलकर बाबा टीवीएस में न्यू रेडर बाइक की लांचिंग में भाग लिया।

धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर टीवीएस की कोई भी बाइक लेने पर बाबा टीवीएस अपने ग्राहकों को अरिस्टोकेट का वीआईपी सूटकेस इनाम में दे रहा है



इनाम में दिए जाने वाले वीआईपी सूटकेस की कीमत लगभग 7300 रुपए है इसके अलावा और बहुत ढेर सारे इनाम भी बाबा टीवीएस अपने ग्राहकों को धनतेरस और दीपावली के शुभ अवसर पर बाइक की खरीद में दे रहा है।

## दयानन्द इण्टर कॉलेज में सदगुरू सेवा संघ चित्रकूट द्वारा लगाया गया नेत्र शिविर

स्वतंत्र प्रभात

**अजुहा कौशाम्बी।** जनपद में दयानन्द सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कॉलेज अझुवा कौशाम्बी में सद्गुरु सेवा संस्थान जानकी कुण्ड चित्रकूट के द्वारा प्रधानाचार्य डॉ0 रमेश चन्द्र आचार्य के नेतृत्व में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा में प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश चन्द्र व रमेश प्रसाद केसरवानी अध्यक्ष व्यापार मण्डल अजुहा के द्वारा माल्यार्पण करके नेत्र शिविर का शुभारम्भ किया गया शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड के डॉक्टर विनायक मिश्रा डॉक्टर पुष्पेश मौर्य एवं जगतनारायण ने पूरे टीम के साथ 125 मरीजों का परीक्षण किया जिसमें 25 मोतिया बिन्द के मरीज पाए गए जिन्हें अपने निजी वाहन से विद्यालय प्रांगण से चित्रकूट ले जाएंगे जिस शिविर में निम्न लोगों ने सहयोग किया फूलचन्द्र सभासद, रामबाबू सभासद, रामदास साहू सभासद शेर बहादुर सिंह,राम प्रसाद, अश्वनी कुमार, देवेश कुमार अरविंद केसरवानी पत्रकार, नीलम सरला पाल व सोनम कुछ छात्राओं ने



पूर्ण लगन के साथ सहयोग किया प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र द्वारा सभी सहयोगियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया गया

## जल जीवन मिशन की लापरवाही से गावो के मार्ग बर्बाद

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापपुर। प्रयागराज।** विकास खंड प्रतापपुर प्रयागराज के अंतर्गत जल जीवन मिशन द्वारासवच्छ जल मुहैया कराने के नाम पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओंको अधिकारियों द्वारा उपेक्षित किया जा रहा है।इस जन कल्याणकारी। योजना पर सरकार पानी की तरह पैसा बह रही है किंतु जल जीवन मिशन के अधिकारी ।लुट खसोट एवं बदर बाट में मस्त है परिणाम स्वरुपसमय पर अभी तक पानी सप्लाई का कार्य नहीं हो पा रहा हैं।मिशन द्वारा पाइप बिछाने के नाम पर गांव में बिछाए गए खड़ंजा एवं इंटरलॉकिंग को खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दी गई है किंतुगढो की मरम्मत नहीं कराई गई जबकि सरकार द्वारा मेंटेनेंस तक का पैसा उपलब्ध कराया जाता है सड़के आज भी गड्ढे में तब्दील है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है कई बार इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की गई किंतु आज तक कोई भी अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दिया ग्राम पंचायत ह्वस्त्रड्डद्दद्ध पूरे बिक्रम शाह वा भोगवारा सहित कई गांव इस समस्या से जूझ रहे हैं।

## कंपोजिट विद्यालय महादेवा कला में अनुपस्थित अध्यापकों की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात



**रुपईडीह गोण्डा।** विद्यालय के परिसर में इधर उधर घूम रहे बच्चों को देखकर प्रधान प्रतिनिधि ने उच्च अधिकारियों से की शिकायत कर जांच कर कार्रवाई की मांग की ।मामला शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के कम्पोजिट विद्यालय महादेवा कला से जुडा हुआ है प्रधान प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद वर्मा ने बताया कि विद्यालय परिसर में बच्चे इधर उधर घूम रहे थे तो विद्यालय में पहुंचकर जानकारी ली गई तो पता चला कि कोई अध्यापक नहीं आएं हुए हैं।

कम्पोजिट विद्यालय महादेवा कला में नामांकित138 छात्र छात्राएं के सापेक्ष 87छात्र छात्राए उपस्थित था। अध्यापन कार्य करा रहे शिक्षा मित्र बृज बिहारी ने बताया कि विद्यालय में छः अध्यापकों का स्टाफ हैं जिसमें आनन्द मोहन पांडेय अवकाश पर हैं तथा अन्य अध्यापक नहीं आए हैं मैं अकेले हूं प्रधान प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद वर्मा ने बताया कि आए दिन विद्यालय थे अध्यापक गायब रहते हैं। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे बच्चों के समुचित शिक्षा का ज्ञान नहीं हो पा रहा है अध्यापकों की कार्यशैली चिंता जनक बनीं हुई है जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए जांच की मांग की गई हैं। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है महिला अध्यापिकाओं का अवकाश है तथा अन्य की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जयराम महतो ने डुमरी से भरा नामांकन पर्चा



**गिरिडीह-** झारखंड लोकतान्त्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जयराम कुमार महतो ने डुमरी सीट से नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। गुरुवार को जयराम ने डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष पर्चा दाखिल किया। इससे पहले भारी भीड़ के साथ जयराम डुमरी पहुंचे। बता दें कि जयराम महतो दो वर्ष के दौरान तेजी से उभरे युवा नेता हैं। इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट से जयराम प्रत्याशी थे। इस चुनाव में उन्हें भारी मत मिला था. डुमरी विधानसभा क्षेत्र से जयराम को 90541 मत मिला था जबकि आजसू को 55421 और 52193 मत मिला था. ऐसे में जयराम के नामांकन से झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ-साथ आजसू की परेशानी भी बढ़ गयी है। बता दें कि डुमरी विधानसभा सीट झामुमो का गढ़ रहा है. यहां लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा जीतता रहा है।।अभी वर्तमान में यहां की विधायक बेबी देवी हैं, जो हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री भी हैं। जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने अभी तक 58 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। डूमरी से जहां स्वयं जयराम चुनावी मैदान में हैं।

## हजारीबाग में चुनावी बिगुल, भैया बांके बिहारी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर किया नामांकन



**कहा बदलाव की लहर में है जनता**

**हजारीबाग, झारखंड-** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भैया बांके बिहारी ने गुरुवार को अपने दर्जनों समर्थकों के साथ हजारीबाग सदर विधानसभा चुनाव के लिए बड़ा अखाड़ा में पूजा-अर्चना कर चुनावी अभियान की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने समर्थकों के विशाल जनसमूह के साथ हजारीबाग समाहरणालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद भैया बांके बिहारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस बार हजारीबाग की जनता बदलाव के मूड में है। लोग विकास, रोजगार और पारदर्शिता चाहते हैं, और मैं उन्हें यही देने का वादा करता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि उनके चुनावी एजेंडे में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का विकास सबसे ऊपर है। हजारीबाग की जनता का समर्थन देखकर यह साफ है कि इस बार बदलाव की लहर है और जनता एक नया नेतृत्व चाहती है। आपको बता दें कि भैया बांके बिहारी के नामांकन के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। नारेबाजी और जयकारों के बीच उन्होंने नामांकन फॉर्म जमा किया। इस मौके पर हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों से आए समर्थकों ने उनके प्रति अपना समर्थन जताया और चुनाव में जीत का विश्वास व्यक्त किया।

## सीएम हेमंत सोरेन ने बरहेट विधानसभा से दाखिल किया नामांकन, कहा- झारखंड में बनेगी महागठबंधन की सरकार




**साहिबगंज, झारखंड-** सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को बरहेट विधानसभा से अपना नामांकन दाखिल किया। करीब एक घंटे तक मुख्यमंत्री निर्वाचित पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत के साथ बैठे. इस दौरान उन्होंने दो सेट में नामांकन दाखिल किया. मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री समाहरणालय भवन के मुख्य द्वार पर पहुंचे और मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे बरहेट विधानसभा से प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल करने आये हैं। नामांकन के दौरान की कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हमें जनता का विश्वास मिला है, साहिबगंज में राजमहल, बोरियो और बरहेट तीनों विधानसभा क्षेत्र में झामुमो फिर अपना परचम लहराने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री भाजपा का प्रचार करने आ रहे हैं। चुनाव के बाद सब अपने काम में लग जाएंगे, यहां कोई नजर नहीं आएगा।

# भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव व अमित यादव ने किया नामांकन प्रपत्र दाखिल, उमड़ा जनसैलाब

**● भाजपा हीं करेगी राज्य का सम्पूर्ण विकास - मनीष जायसवाल**

**भाजपा को वोट देकर करें राज्य के विकास में करें सहयोग - मनोज यादव**



स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही इंटर कॉलेज के खेल मैदान में बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव व बरकट्ठा से भाजपा प्रत्याशी अमित यादव के नामांकन रैली को लेकर जनसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बरही इंटर कॉलेज के खेल मैदान में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी की अध्यक्षता में किया गया। संचालन मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। रैली में बिहार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व मोतिहारी सांसद संजय जायसवाल, हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल थे। इसके अलावा बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव, बरकट्ठा से अमित यादव भी जनसभा में उपस्थित रहे। जनसभा के दौरान स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े जोश और गर्मजोशी से सभी अतिथियों का स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव और अमित यादव को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ही राज्य और देश का समुचित विकास कर सकती है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास को लेकर भाजपा दृढ़संकल्पित है।

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने संबोधन में पार्टी की उपलब्धियों की सराहना की और जनता से अपील की कि वे भाजपा प्रत्याशियों को अपना समर्थन दें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य खनिज संपदाओं से परिपूर्ण होने के बावजूद काफी पीछे है, इसके पीछे का मुख्य कारण जेएमएम, कांग्रेस व राजद की वर्तमान सरकार है। हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने पूरे देश के विकास में पार्टी के योगदान का हवाला देते हुए कहा कि अगर झारखण्ड राज्य में भाजपा की सरकार सत्ता में आती है, तो विकास की गति तेज़ होगी। उन्होंने पार्टी की विचारधारा और नीतियों की तारीफ की। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की और कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। श्री जायसवाल ने कहा कि भाजपा का मकसद केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि राज्य और देश का सर्वांगीण विकास करना है। बरही से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने अपनी पार्टी की उपलब्धियों और विकास योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि भाजपा ही क्षेत्र का समुचित विकास कर सकती है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि बरही की जनता ने हमेशा विकास और प्रगति का समर्थन किया है, और इस बार भी उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता भाजपा का साथ देगी। श्री यादव ने अपने भाषण में कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वे बरही को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करेंगे, जहां बुनियादी सुविधाएं हर व्यक्ति को सुलभ होंगी। रैली के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी प्रकाश डाला और जनता को भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनने पर इनका समाधान किया जाएगा। कहा कि राज्य की जनता विकास की उम्मीद कर रही थी, लेकिन मौजूदा सरकार ने सिर्फ भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को बढ़ावा दिया है। उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से अपील की कि वे इस भ्रष्ट सरकार को सत्ता से बाहर करने में भाजपा का साथ दें। भाजपा प्रत्याशी सह बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अमित यादव ने अपने नामांकन रैली के दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार पर तीखा हमला किया। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार की आकंठ में डूबी हुई है, जिससे जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां सिर्फ अपनी जेब भरने के लिए बनाई जा रही हैं, जबकि आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रही है। राज्य के विकास के लिए राज्य में एनडीए की सरकार जरूरी है। इस रैली में उमड़े जनसैलाब ने स्पष्ट कर दिया कि भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव और अमित यादव को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। पार्टी नेताओं ने जनता को भरोसा दिलाया कि भाजपा ही वह पार्टी है जो राज्य और देश को विकास की राह पर अग्रसर कर सकती है। रैली में उपस्थित लोगों के उत्साह और समर्थन ने इस बात को प्रमाणित किया कि भाजपा की जड़ें अब और भी मजबूत हो चुकी हैं।इस नामांकन रैली के साथ ही आगामी चुनावों के लिए भाजपा ने अपना दमखम दिखा दिया है।और पार्टी के समर्थकों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। मौके पर विस प्रभारी विनय सिंह, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, राजेंद्र चंद्रवंशी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों ने दिखाया दमखम, किया नामांकन

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों ने आगामी चुनाव में अपनी ताकत दिखाने और जनता के बीच अपनी योजनाओं को प्रस्तुत करने के लिए जोर-शोर से चुनावी प्रचार किया। इस दौरान कई उम्मीदवारों ने अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर अपने नामांकन पत्र जमा किए।

**बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से हुआ नामांकन प्रपत्र दाखिल**

बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के अमित कुमार यादव, जेएमएम के जानकी यादव, निर्दलीय उम्मीदवार चंद्रकांत पांडे, बटेश्वर प्रसाद मेहता और राजकुमार ने अपने नामांकन दाखिल किए। इसके अलावा, आजाद समाज पार्टी से उमेश कुमार यादव, सीपीएम से महादेव राम, निर्दलीय शमशाद आलम, पीपीआईडी से बसंत नारायण मेहता और निर्दलीय सुरेंद्र प्रसाद मोदी ने भी अपना नामांकन दर्ज कराया। सभी उम्मीदवार अपनी-अपनी पार्टी की नीतियों और भविष्य की योजनाओं को लेकर जनता के बीच प्रचार कर रहे हैं। हर उम्मीदवार ने अपनी जनसभाओं में ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन, और शिक्षा के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है।

**बरही विधानसभा क्षेत्र से हुआ नामांकन प्रपत्र दाखिल**

बरही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से मनोज कुमार यादव, निर्दलीय उम्मीदवार अविनाश कुमार, मो. सेराज और सुनील कुमार साव ने नामांकन प्रपत्र भरा। इनके अलावा एनसीपी से महेश ठाकुर, पीपीआईडी से राजकुमार पासवान और बहुजन शक्ति पार्टी से शिव कुमार राम ने भी अपनी उम्मीदवारी के तहत नामांकन दाखिल किया। इन उम्मीदवारों ने अपने चुनाव प्रचार में खास तौर पर बरही के ग्रामीण इलाकों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय बुनियादी ढांचे के विकास पर अपने विचार साझा किया।

**बरही से 21 व बरकट्ठा से 30 प्रत्याशियों ने अब तक खरीदा है नामांकन प्रपत्र**

नामांकन प्रपत्र जमा करने से एक दिन पहले तक बरही विधानसभा से कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। गुरुवार को बरही से निर्दलीय, डॉ निजामुद्दीन अंसारी निर्दलीय, केदार यादव निर्दलीय, बिरजू पासवान निर्दलीय शामिल है। वहीं बरकट्ठा विधानसभा से कुल 30 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। गुरुवार को राम प्रसाद राष्ट्रीय लोक दाल, मो याशीद निर्दलीय, बीरेंद्र यादव समता पार्टी, नदीम खान एआईएमआईएम, अनूप कुमार अटल विचार मंच से प्रपत्र खरीदा है।

# आजसू कार्यकर्ताओं का एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन में भारी समर्थन, 28 अक्टूबर को नामांकन में हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

स्वतंत्र प्रभात



**देवघर, झारखंड-** आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक देवघर वार्ड-18 स्थित जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनडीए गठबंधन धर्म का पालन करते हुए आजसू पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता देवघर जिले के चारों विधानसभा - देवघर, मधुपुर, सारठ और जरमुंडी - के एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में 28 अक्टूबर को भारी संख्या में शामिल होंगे। नामांकन कार्यक्रम में आजसू कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से प्रत्याशियों का उत्साहवर्धन होगा। इस अवसर पर आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने महागठबंधन सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में जनता बेहाल हो चुकी है, और राज्य में लूट-खसोट, बेरोजगारी, और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित गंभीर मुद्दे उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार केवल सत्ता के लालच में काम कर रही है, और जनता उन्हें आगामी चुनाव में कड़ा सबक सिखाएगी। आदर्श लक्ष्य ने यह भी कहा कि एनडीए गठबंधन प्रत्याशी नारायण दास (देवघर), गंगा नारायण सिंह (मधुपुर), रणधीर सिंह (सारठ), और देवेंद्र कुंवर (जरमुंडी) को आजसू पार्टी का पूर्ण समर्थन प्राप्त है, और आजसू कार्यकर्ता एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रचार कर रहे हैं। बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने भी गठबंधन धर्म के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और आगामी चुनाव में एनडीए को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला उपाध्यक्ष मुरारी प्रसाद केसरी, मनोज कुमार विजय, अनुसूचित जाति महासभा जिला अध्यक्ष आनंद तुरी, महिला संघ जिला अध्यक्ष जया देवी, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अनिल झा, छात्र संघ जिला अध्यक्ष कुणाल किशोर ठाकुर और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में सक्रिय रूप से काम करने का आश्वासन दिया।

# भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के नामांकन आशीर्वाद सभा में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुई शामिल, चुनावी कार्यक्रमों में दिया अपना समर्थन

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग-** सदर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के कर्जन ग्राउंड में दिन गुरूवार को आयोजित नामांकन आशिर्वाद सभा में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई। उपस्थित क्षेत्र के देवतुल्य जनता- जनार्दन के जनसैलाब में भाजपा की पुनः रिकॉर्ड मतों जीत दिलाने एवं झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का गजब का उत्साह दिखा। इस दौरान भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को पूर्ण समर्थन दिया तथा चुनावी कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र में जमकर प्रचार- प्रसार में सहयोग करने समर्थन एवं भरोसा दिया। साथ ही रिकॉर्ड एवं ऐतिहासिक जीत के साथ कमल खिलाने एवं झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पत्रकार बंधुओं का प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि सदर विधानसभा की देवतुल्य जनता- जनार्दन फिर से कमल खिलाने का मन बना लिया है। क्षेत्र की देवतुल्य जनता- जनार्दन रिकॉर्ड मतो से जीत दिलाकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाने हेतु कृतसंकल्पित है। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला प्रवासी प्रभारी सह छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, धनबाद के पूर्व सांसद पी. एन. सिंह, चुनाव प्रभारी सह राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह, चुनाव प्रभारी आरती कूजूर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, मांडू विधानसभा प्रत्याशी तिवारी महतो, भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला एवं सुमन कुमार उर्फ पप्पू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो का बूथ कमेटी गठन को लेकर पाकुडिया में बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुडिया –** प्रखंड मे बुथ के मजबूती प्रदान करने हेतु कलम मुर्मू के घर में बीते गुरुवार को झामुमो प्रखंड पंचायत कमेटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महेशपुर के विधायक सह झामुमो प्रत्याशी प्रो.स्टीफन मरांडी शामिल हुए। बैठक में पर्यवेक्षक नियुक्त कर महिला मोर्चा का बूथ कमिटी का गठन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया गया। पंचायत अध्यक्ष /सचिव को कहा गया कि बुथ कमेटी के सदस्य और बी.एल.ए. को पहले से ज्यादा सशक्त और मजबूत करें और इन सब की सुचना प्रखंड कमेटी को जरूर दें। विधायक ने कहा कि हमें एक बड़ा निर्णय लेने की जरूरत है। इंडिया गठबंधन की लहर पुरे राज्य में चल है। बीजेपी वालों का चेहरा मुरझाया हुआ है। झारखण्ड की हेमंत सोरेन सरकार कम समय यानि की दो साल कोरोना के चलते कोई काम नहीं हो पाया और योजनाओं को धरातल पर नहीं उतार पाए। लेकिन तीन साल के अल्प अवधि में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य हित एवं आम जनता के लिए रफ़्तार के साथ बेहतरीन काम किया है। महिलाओं तथा सभी वर्गो के लिए सोच समझ कर एक से एक जनहित के योजनाओं को धरातल पर उतारा है ताकि सभी लोंगो को लाभ मिल सके जैसे मईया सम्मान योजना, बिजली बिल माफ़ी योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री योजना, क़ृषि ऋण माफ़ी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, ग्रीन राशन कार्ड, सार्वजन पेंशन योजना,इन सब योजनाओं के बारे में आप सब घर घर गाँव गाँव जाकर कर आम जान को समझाये और झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का अपील करें। ताकि 2024 में दोबारा से गरीब वंचित के बारे में सोचने वाली हेमंत सोरेन की सरकार झारखण्ड की सत्ता पर आ सके और झारखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों के कतार में खड़ा कर सके।आपके लिए सफल निर्णय लेने का समय है। आप सब झामुमो के बेहतरीन सिपाही है आप सब आज से ही डोर-टू-डोर संपर्क कर महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी को भारी से भारी मतो से जिताने के लिए लग जाए। बैठक में केन्द्रीय कमेटी सदस्य हरिवंश चौबे,केन्द्रिय कमेटी सदस्य देबीलाल हाँसदाक, प्रखंड सचिव माईनुद्दीन अंसारी, शिबधन हेमब्रम, महेन्द्र टुडू,अशोक भगत,निवारण मरांडी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुबाषिनी मुर्मू,अल्पसंख्यक अध्यक्ष नजरुल इस्लाम, कलम मुर्मू, कोषाध्यक्ष कालीदास टुडू,झा.यु.मो. अध्यक्ष मुनीराम मरांडी, मुखिया सुशीला मरांडी , मुखिया अंनीता हेमब्रम , मुखिया अरविन्द टुडू, छोटू भगत, कुबराज मरांडी, शिबलाल टुडू ,परमेश्वर मरांडी, दिनेश जायसवाल, मेतलाल टुडू, रिमा रविदास, सूरज रविदास, रिफाइल मुर्मू, बिश्वजीत दास ,लालबाबु शेख, मंटू भगत, लालबाबू अंसारी, आबेद अंसारी, परवेज़ आलम , मुसारफ हुसैन, तोहिदुल शेख, सलीम शेख, मोइन आलम, ऐनोस मुर्मू, सिकंदर आलम,मंजुर अंसारी,नरेश हाँसदा सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष/सचिव एवंअन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवा नेता हर्ष अजमेरा कल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करेंगे नामांकन, शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**●हजारीबाग का मन, परिवर्तन सकारात्मक बदलाव के लिए, तीसरा विकल्प चुनिए**

**यह नामांकन केवल एक व्यक्ति का नामांकन नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की जनता की भावनाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है : हर्ष अजमेरा**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** हज़ारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा नेता हर्ष अजमेरा शुक्रवार 25 अक्टूबर को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। यह महत्वपूर्ण क्षण क्षेत्र की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ेगा, जिसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। हर्ष अजमेरा के समर्थकों द्वारा इस मौके पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा सुबह 09.30 बजे कंचन ग्राउंड से प्रारंभ होगी। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों, ताशों और बैंड-बाजों की धुन पर जोश और उत्साह का माहौल रहेगा। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें प्रमुख चौक-चौराहे भी शामिल होंगे।

**शोभा यात्रा का मार्ग**

शोभायात्रा का प्रारंभ कंचन ग्राउंड से होगा, जो बुढ़वा महादेव, आनंद चौक, छठ तालाब, मैन रोड, झंडा चौक, बंगाली दुर्गा स्थान कुआं चौक,महावीर स्थान, महेश सोनी चौक, गोला रोड, बजरंगी चौक, ग्वालटोली चौक, पंच मंदिर चौक, झंडा चौक, भगत सिंह चौक,बंशीलाल चौक होते हुए कचहरी चौक एवं डिस्टिक मोड पहुंचकर समाप्त होगी। इस भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। समर्थक हर्ष अजमेरा के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। हर्ष अजमेरा ने अपील करते हुए कहा कि इस अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन से अनुरोध किया है कि वे इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हों और उनका समर्थन करें। उन्होंने कहा,यह नामांकन केवल एक व्यक्ति का नामांकन नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की जनता की भावनाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस महत्वपूर्ण दिन पर मेरी शक्ति बनकर इस यात्रा का हिस्सा बनें और सदर विधानसभा के विकास के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ें। हर्ष अजमेरा ने अपने चुनावी एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सदर विधानसभा क्षेत्र की जनता की भलाई के लिए समर्पित हैं और जनसेवा को ही अपना मुख्य उद्देश्य मानते हैं। उनका लक्ष्य है क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाना। उन्होंने कहा, मैं राजनीति में बदलाव लाने और जनता की समस्याओं को हल करने के लिए मैदान में उतरा हूं। मेरा विश्वास है कि जनता का आशीर्वाद मेरे साथ रहेगा और हम मिलकर सदर विधानसभा को एक आदर्श क्षेत्र बनाएंगे। साथ ही कहा कि हजारीबाग का मन परिवर्तन की ओर केंद्रित हो चुका है। सकारात्मक बदलाव के लिए तीसरा विकल्प चुनिए।

# लिटिपाड़ा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन, भाजपा के बाबुधन मुर्मू को जिताने को लेकर किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात




**पाकुड़ –** लीटीपाड़ा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता का मिलन समारोह हिरणपुर स्थित एक विवाह भवन में किया गया, जिसमें लिटिपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बाबूधन मुर्मू को सभी कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में मालदा से आए हुए संसद खगेन मुर्मू ने बताया कि लूट का सरकार को राज्य से हटकर भारतीय जनता पार्टी का सरकार बनाना है, तभी झारखंडवासी लिट्टीपाड़ा का जनता को कल्याण होगा यह विधानसभा आदिवासी एवं यूगवासी पहाड़िया जनजाति का बहुल क्षेत्र है, पर राज्य सरकार इन लोगों का हित में कोई कार्य नहीं किया है क्षेत्र में विकास का लाभ नहीं मिला है भाजपा प्रत्याशी बबुधन मुर्मू ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 45 साल से विधानसभा जीत-ते रहे हैं लेकिन यह क्षेत्र सबसे पिछड़ा हुआ है कुछ भी विकास नजर नहीं आ रहा है ऐसा कब तक चलेगा। सभी, मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जनता झेल रहे हैं यह सभी समस्याओं का विकास के लिए बाबुधन मुर्मू को सभी मिलकर कमल छाप में वोट देकर जिताने का काम करने पर लीटीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ विकास ही विकास नजर आएगा! आप सभी इस मौका को वोट देकर ही कर सकते हैं जो आप सभी के नजर के सामने विकास का लहर दिखाई पड़ेंगे! इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, विवेकानंद तिवारी , हिसाबी राय ,किस्टो मरांडी , हिरणपुर मंडल अध्यक्ष कुमार मंडल एवं एवं साथ में सभी मंडल अध्यक्ष, कैलाश प्रसाद सिंह, एवं नए पुराने सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फिलहाल वर्षा की आवश्यकता नहीं, वर्षा से धान फसल को होगी क्षति- कृषक मित्र

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** बीते बुधवार व गुरुवार को हुई वर्षा से धान फसल को कुछ नुकसान होगा। बताया जाता है कि सामुद्रिक तुफान का असर झारखण्ड राज्य में भी पड़ने से हल्की बारिश का अनुमान मौसम विभाग को है।इसका असर पाकुड़िया प्रखण्ड में भी देखा गया। कृषक बंधुओं ने कहा कि विगत 2 वर्षो के पश्चात् इस साल पाकुड़िया प्रखण्ड में धान की फसल लगी है। हालांकि इस साल धान रोपनी का काम देर से किया गया। किसानों का मानना है कि इन दिनों बारिश होने तथा हवा चलने से धान का फूल नष्ट होगा और अच्छी फसल नहीं होगी। वहीं भदई धान निकल गया पर हवा-पानी से क्षति होगी। प्रखण्ड के किसान उत्तम साहु, कार्तिक भगत, नरेन मंडल, रफिक अंसारी, कालीदास टुडू, बुद्दिन हेम्बरम, सोदा किस्कू आदि ने बताया कि फिलहाल वर्षा की आवश्यकता नहीं है। यदि इन दिनों अधिक बारिश होगी तो धान फसलों को नुकसान होगा।समाचार सम्प्रेषण करने तक पाकुड़िया के आकाश में बादल तैरते दिखे। वहीं खिली धूप भी देखी गई। बहरहाल प्रकृति पर किसी का नियंत्रण नहीं है। तथापि इन दिनों वर्षा नहीं हो तो कृषकों का हित होगी।

# टोनी जैन ने बगावत की खत्म, भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के समर्थन में आए आगे

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा टोनी जैन ने अपनी बगावती रुख को समाप्त कर पार्टी के प्रति वफादारी दिखाई है। दो दिन पूर्व, नाराजगी के चलते उन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र खरीदा था, लेकिन अब उन्होंने पार्टी हित में निर्णय बदलते हुए भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को समर्थन देने का ऐलान किया है। भाजपा की टिकट वितरण नीति से असंतुष्ट होकर टोनी जैन ने पहले बगावती तेवर अपनाए थे, लेकिन प्रदेश नेतृत्व द्वारा लगातार समझाने और दबाव बनाने के बाद उन्होंने अपनी स्थिति पर पुनर्विचार किया। पार्टी की एकता और राज्य के हित को ध्यान में रखते हुए श्री जैन ने अपने सभी समर्थकों से अपील की है कि वे भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को विजयी बनाएं। जैन ने कहा, भाजपा हमारी मां के समान है और हम सभी को पूरी निष्ठा से पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन करना चाहिए। हेमंत सरकार ने राज्य में लूट और भ्रष्टाचार की राजनीति को बढ़ावा दिया है, और इसे रोकने के लिए भाजपा की सरकार को सत्ता में लाना जरूरी है। टोनी जैन का यह निर्णय निश्चित रूप से हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की स्थिति को मजबूत करेगा और चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव लाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जैन के इस फैसले का स्वागत किया है, जिससे पार्टी की एकता और मजबूत होगी।

# बिश्नोई समाज और काला हिरण

आज भारतीय मीडिया में तीन नाम सबसे अधिक चर्चा में हैं लॉरेंस बिश्नोई, सलमान खान और काला हिरण, पिछले दिनों मुम्बई में पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इस हत्या की जिम्मेदारी सोशल मीडिया पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने लेते हुए अपनी पोस्ट में लिखा कि बाबा सिद्दीकी को सलमान खान का बेहद करीबी होने के कारण मारा गया है और साथ ही सलमान को फिर से कहा गया गया कि या तो वो बिश्नोई समाज के मन्दिर में जा के माफी मांगे अन्यथा उसका भी यही हाल होगा।सलमान ने 1998 में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान राजस्थान में काले हिरण को मार दिया था। इस घटना से बिश्नोई समुदाय में व्यापक रोष फैल गया था जो कि काले हिरणों की पूजा करते हैं और उस समय इस समुदाय के सदस्यों ने सलमान खान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार 1998 में फिल्म हम साथ-साथ है कि शूटिंग राजस्थान के एक गांव में हो रही थी। शूटिंग से फ्री हो सलमान खान फिल्म के अन्य को-स्टारस के साथ गांव के पास के जंगलों में जिप्सी मे सवार हो बंदूक ले कर गए और काले हिरण का शिकार किया। गांव के लोगों को बंदूक चलने की आवाज आई गोली की आवाज से आस-पास के स्थानीय लोग जिस तरफ से आवाज आई थी उस तरफ गये। इन्हीं में से एक शख्स छोगा राम ने अपने बयान में बताया कि उसने जिप्सी के अंदर सलमान खान समेत कुछ लोग को देखा था। लोगों ने स्थानीय थाने में एफआईआर करवाई। ये वो मौका था जब इस केस में सलमान खान का नाम सामने आया और इस केस में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के लोगों ने सलमान को गिरफ्तार किया। मुकद्दमा दायर हुआ इस केस में सलमान को दोषी करार देते हुए निचली अदालत ने 5 साल जेल और 50000 जुर्माने की सजा सुनाई। इसके बाद से इस मामले में सलमान खान से कई बार पूछताछ की जा चुकी है और इस सिलसिले में वे कई दफा जोधपुर जा चुके हैं। वे 20 साल के अंतराल में 4 बार अलग-अलग मौकों पर जेल जा चुके हैं। 5 साल की सजा को सलमान खान की अपील के बाद हाई कोर्ट द्वारा सस्पेंड कर दिया गया था। लेकिन इसके बाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ बिश्नोई समाज द्वारा सुप्रिम कोर्ट में अपील की गई। फिलहाल अभी तक इस मामले में सुप्रिम कोर्ट की तरफ से कोई फैसला नहीं सुनाया गया है। इस मामले में देरी की वजह इस केस का हाई प्रोफाइल होना और बीच में कोरोना काल का आना बताया जा रहा है। बिश्नोई समाज सिर्फ काले हिरण या चिंकारा से ही नहीं अन्य जीवों और वनस्पतियों से बेहद प्यार करता है। यह समुदाय शिकारियों और लकड़हारों से वन्यजीवों और वनस्पतियों की रक्षा के करने के लिए जाना जाता है। बिश्नोई समाज सनातन धर्म को ही मानने वाले हैं और इस समाज की स्थापना लगभग 550 साल पहले हुई थी। बिश्नोई समाज का नाम भगवान विष्णु के नाम पर पड़ा। यह लोग पर्यावरण की पूजा करते हैं। इस समाज के ज्यादातर लोग जंगल और राजस्थान के रेगिस्तान के पास रहते हैं। कुछ लोग पंजाब हरियाणा में भी बसे हुए हैं। ये लोग हिंदू गुरू श्री जम्भेश्वर भगवान को मानते हैं। वे बीकानेर से थे। जम्भेश्वर भगवान को प्रकृति बहुत प्रिय थी। वे हमेशा पेड़ पौधों और जानवरों की रक्षा करने का संदेश देते थे। इन्होंने ही 1485 में बिश्नोई पंथ की स्थापना की थी। बिश्नोई शब्द की उत्पति वैष्णवी शब्द से हुई है जिसका अर्थ है विष्णु के अनुयायी। बिश्नोई समुदाय, जिसकी स्थापना गुरु जम्भेश्वर (जिन्हें जंबाजी के नाम से भी जाना जाता है) ने 15वीं शताब्दी के आसपास की थी, जो 29 सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है। उनकी शिक्षाएं वन्यजीवों और वनस्पतियों की सुरक्षा और संरक्षण पर जोर देती हैं। बिश्नोई दर्शन के मूल सिद्धांतों में से एक है काले हिरण की पूजा उनके आध्यात्मिक गुरु जम्भेश्वर के पुनर्जन्म के रूप में करना है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई सलमान खान के



काला हिरण शिकार कांड के समय पांच साल से ज्यादा का नहीं रहा होगा। कहते हैं उसने सलमान खान से बदला लेने की कसम खाई थी। इस बात पर बहस हो सकती है कि क्या काले हिरण की हत्या सलमान के प्रति लॉरेंस की दुश्मनी का मूल कारण है या गैंगस्टर इस दिखावे के जरिए अपनी छवि बनाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन सच्चाई यह है कि बिश्नोई समुदाय का काले हिरणों और चिंकाराओं से गहरा रिश्ता है। समुदाय के एक सदस्य राम स्वरूप ने 2018 में इंडिया टुडे को बताया था कि बिश्नोई कोई धर्म नहीं है बल्कि गुरु जम्भेश्वर के 29 सिद्धांतों पर आधारित जीवन जीने का एक तरीका है। इन्हीं 20+9 सिद्धांतों पर इस समाज का नाम बीस+नौ बिश्नोई पड़ा। समाज के सिद्धांतों में से एक सिद्धांत पेड़ों और जानवरों की सुरक्षा की वकालत करता है। हम जानवरों की रक्षा के लिए मरने के लिए भी तैयार हैं। हमारे समुदाय ने सलमान खान मामले में एक बेहतरीन मिसाल कायम की है। हमारी महिलाएं काले हिरणों को अपने बच्चों की तरह पालती हैं। जिस काले हिरण के नवजात शिशु की मां मर जाती है उसे समाज की महिलाएं एक संतान की तरह स्तनपान तक करवाती हैं। बिश्नोई लोककथाओं में ऐसा माना जाता है कि जांबाजी ने अपने अनुयायियों को काले हिरण को अपना अवतार मानकर उसका आदर करने का निर्देश दिया था।

बिश्नोई मानते हैं कि उनका पुनर्जन्म हिरण के रूप में होगा। यह आध्यात्मिक संबंध इतना गहरा है कि बिश्नोई इन जानवरों की रक्षा के लिए अपनी जान तक दांव पर लगाने के लिए जाने जाते हैं। राजस्थान के एक किसान और कार्यकर्ता अनिल बिश्नोई जिन्हें 10,000 काले हिरणों और चिंकारा को बचाने का श्रेय दिया जाता है। एक बार एक जानलेवा स्थिति का सामना कर चुके हैं। जब एक शिकारी ने पांच काले हिरणों को मारने के बाद उनके सिर पर बंदूक तान दी थी। यह समाज पर्यावरण प्रेमी माना जाता है। 1730 में जोधपुर के पास खेजड़ली गांव में पेड़ों को कटने से बचाने के दौरान 362 बिश्नोई मारे गए थे। यह नरसंहार जोधपुर के महाराजा अभय सिंह के आदेश पर हुआ था। उनके सैनिकों को एक नया महल बनाने के लिए लकड़ी लाने के लिए खेजड़ी के पेड़ों को काटने के लिए भेजा गया था लेकिन अमृता देवी नामक एक महिला के नेतृत्व में बिश्नोई समुदाय ने इसका विरोध किया।अमृता देवी और अन्य लोगों ने पेड़ों की रक्षा के लिए उनसे लिपटकर प्रतिरोध का साहसी कार्य किया। इसी घटना से प्रेरित हो 1973 में तत्कालीन उत्तर प्रदेश के चमोली जिले से पेड़ों को कटने से बचाने के लिए चिपको आंदोलन प्रारम्भ हुआ था। 1998 से चली आ रही सलमान के खिलाफ कानूनी लड़ाई वास्तव में अपने आदर्शों की खोज में समुदाय के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। लंबी और कठिन कानूनी देरी के बावजूद समुदाय द्वारा इस मामले में न्याय के लिए दबाव बनाए रखना एक प्रशंसनीय कार्य है।

(नीरज शर्मा भरथल)

# भारत चीन सीमा विवाद : क्या भरोसा करने लायक है चीन?

भारत चीन के बीच सीमा पर पैट्रोलिंग को लेकर जो समझौता हुआ है वह सिर्फ एक तत्कालिक उपचार है इस को बड़ी उपलब्धि बतौर प्रचार करना धोखा होगा। बेशक अब उम्मीद जताई जा रही है किभारत और चीन के बीच अब पर गलवान जैसा टकराव अब नहीं होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रिक्स समिट में जाने से पहले इस बड़ा कदम बताया जा रहा है। भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए सहमति होने से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझ सकता है और टकराव में भी कमी आ सकती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय और चीनी सैनिक मई 2020 में सीमा पर गतिरोध शुरू होने से पहले की तरह गश्त फिर से शुरू कर सकेंगे। इससे पहले आज, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने घोषणा की कि भारत और चीन हिमालय में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर पहुंच गए हैं और इससे सैनिकों की वापसी और तनाव का समाधान हो सकता है।लेकिन सवाल फिर मौजूद है कि क्या भारत चीन की सहमति पर विश्वास कर सकता है? क्या चीन की पिछली हरकतें भरोसा करने लायक आधार देती है? शायद नहीं यही वजह है कि भारत को इस समझौते के बाबजूद पल पल जागरूक रहना होगा। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिक्स समिट में शिरकत से पहले भारत और चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने पर समहति एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, क्योंकि पिछले करीब साढ़े चार सालों से पूर्वी लद्दाख में सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ था। दोनों देशों के बीच सीमा पर शांति और यथास्थिति बनाए रखने को लेकर इन सालों में कई दौर की सैन्य अधिकारियों की बैठकें हो चुकी है, लेकिन चीन के अड़ियल और धूर्ततापूर्ण रवैये के कारण बात नहीं बन पा रही थी। । मगर अच्छी बात है कि पूर्वी लद्दाख में 52 महीनों से चल रहा सीमा तनाव सुलझ गया है। दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव विक्रम मिली के अनुसार दी गई जानकारी के अनुसार दोनों ही देश 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है। आखिरकार वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोचों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है। हालांकि अभी भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी हैं। देखा जाए तो चीन से सीमा विवाद पर यह सहमति पीएम मोदी की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के शहर कजान के दौरे से एक दिन पहले आई है। इससे यह उम्मीद थोड़ी पक्की होती दिख रही है कि रूस के कजान शहर में मोदी जिनपिंग की मुलाकात सम्मेलन के इतर भी हो सकती है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि एलएसी पर गश्त को लेकर समझौते पर पहुंचना एक बड़ी कामयाबी है क्योंकि भारत और चीन के बीच 2020 से शुरू हुआ सीमा विवाद बेहद भयंकर रूप ले चुका है। ताजा समौझते से इससे सीमा पर तैनात सेनाओं की वापसी हो सकती है और तनाव कम हो सकता है। इस समझौते को क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे दोनों देशों के बीच रिश्तों में जारी खटास कम हुई है, इसलिए मोदी और जिनपिंग के बीच मुलाकात की संभावना बनती दिख रही है। हालांकि बैठक को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेता नई व्यवस्था और सीमा विवाद को सुलझाने के अन्य राजनयिक प्रयासों पर चर्चा कर सकते हैं। भारत-चीन सीमा विवाद मई 2020 में चरम पर पहुंच गया था, जब एलएसी पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़पें हुई थीं। जून 2020 में गलवान घाटी में सबसे गंभीर टकराव हुआ था। इस झड़प में 20 भारतीय सैनिक और



40 से अधिक चीनी सैनिक मारे गए थे या गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लद्दाख के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हुई यह घटना, दशकों में दो परमाणु हथियारों से लैस देशों के बीच सबसे गंभीर सैन्य टकराव थी। तब से, दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने अपने सैनिकों के बारे में कभी आधिकारिक आंकड़े नहीं जारी किए। गलवान झड़प ने दोनों देशों को एक बड़े सैन्य संघर्ष के कगार पर धकेल दिया था। गतिरोध ने न केवल उनके राजनयिक संबंधों को बल्कि आर्थिक संबंधों को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसके बाद से भारत ने चीनी निवेशों की जांच कड़ी कर दी है और चीनी फर्मों से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं को रोक दिया है। दूसरी तरफ चीन के तरफ से भी अरुणाचल को लेकर हमेशा विवादास्पद बयान दिए जाते हैं। इसके साथ ही सीमा पर गांव बसाने लेकर तमाम ऐसी गतिविधियां चीन के तरफ से की गई है, जिसके कारण दोनों देशों के रिश्तो में खटास आयी है। इस सीमा संघर्ष ने राजनयिक संबंधों को बुरी तरह प्रभावित किया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर समझौतों का उम्बंधन करने और स्थिति को भड़काने का आरोप लगाया। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को भी झटका लगा। भारत ने चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने के लिए कदम उठाए। संघर्ष के बाद चीनी निवेश पर जांच कड़ी कर दी गई और कई चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि बीच-बीच में दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकों का सिलसिल चलता रहा और कई मुद्दों पर सहमति भी बनी, लेकिन सीमा पर तनाव कायम था, क्योंकि दोनों ही देशों के सैनिक पूर्वी लद्दाख में तैनात थे। ऐसे में एलएसी पर शांति और सामान्य स्थिति की बहाली को व्यापक द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए एक शर्त के रूप में देखा जाता है। भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की रिपोर्टों के अनुसार, दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि संबंधों को सामान्य करने के लिए एलएसी का सम्मान और शांति की बहाली जरूरी है। तथ्य यह है कि दोनों देशों ने धीमी प्रगति के बावजूद राजनयिक संवाद जारी रखा है, यह एक सकारात्मक संकेत है कि दोनों सीमा विवाद का दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें अच्छी बात हो हो नहीं सकती है कि भारत और चीन के बीच सीमा पर शांति कायम रहे, क्योंकि पड़ोसी कभी भी बदले नहीं जा सकते हैं। हालांकि भारत और चीन के बीच जब भी रिश्ते खराब हुए हैं, तो इसका कारण चीन की विस्तारवादी और धूर्ततापूर्ण रवैया रहा है। पाकिस्तान से मिलकर वह हमेशा ही भारत के विरोध में साजिश रचने की कोशिश करता है। इसलिए ताजा समझौता एक सकारात्मक कदम तो है, लेकिन इसे जमीन पर लागू करने में काफी सावधानी बरतनी होगी। यह सुनिश्चित करने में दोनों पक्षों के सैन्य कमांडर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि वापसी सुचारू रूप से हो और तनाव फिर से न भड़के। अगर सही मायने में चीन को भारत के साथ रिश्तों में सुधार लाना है, तो उसको अपनी कुटिलतापूर्ण नीति में परिवर्तन लाना होगा। केवल दिखावे के लिए अथवा कूटनीतिक स्तर पर समन्वय का आदर्श पेश करने के बजाय जब तक वह व्यावहारिक धरातल पर भारत के मामले में विस्तारवादी नीतियों का त्याग नहीं करेगा, इसके सकारात्मक नतीजे निकलने मुश्किल बने रहेंगे। जरूरत है कि इसके लिए चीन अपनी विस्तारवादी नीति में परिवर्तन लाए। लेकन इन सबके बावजूद एलएसी पर समझौते से दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार की एक राह जरूर खुली है।देखना है कि चीन अपनी वचन बद्धता पर कितना खरा उतरता है?

मनोज कुमार अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संपादकीय

## अंधविश्वास से आर्थिक, मानसिक, सामाजिक नुकसान

### अंधविश्वास की वैश्विक जड़ें।

आश्चर्य की बात है कि आज के प्रगतिशील वैज्ञानिक युग में विज्ञान और टेक्नोलॉजी से शिक्षित जनमानस भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता का अंधभक्त या अनुयाई हो गया है। अंधविश्वास का आलम भारत में नहीं ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, रूस, इसराइल और तमाम अन्य यूरोपीय देशों में व्याप्त है। अमेरिका तथा ब्रिटेन में 13 नंबर को अत्यंत अशुभ माना जाता है। भारत में यदि बिल्ली रास्ता काट जाए तो व्यक्ति उस तरफ न जाकर दूसरे रास्ते से जाना पसंद करता है। मकान में वास्तु दोष दूर करने के लिए अनावश्यक तोड़फोड़ और सुधार के लिए लाखों खर्च किए जाते हैं। यह अंधविश्वास का एक जीता जागता प्रमाण है। वास्तु दोष तथा अंधविश्वास को मानने वाले 90% शिक्षित युवा इस मकड़ जाल में फंसे हुए हैं। अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैद्य यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जो पद्धति आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा, इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है। उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है, पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है, किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत, राहु केतु, काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।

संजीव ठाकुर

# भारतीय ज्योतिषियों की बलिहारी

मेरा ज्योतिष में किंचित क्या रत्ती भर विश्वास नहीं है , लेकिन मेरे विश्वास करने और न करने से क्या फर्क पड़ता है। देश की बहुसंख्यक जनता का विश्वास तो है ज्योतिष पर। और इसी विश्वास के सहारे देश का कारोबार, बाजार चलता आ रहा है। ज्योतिषी जब बताते हैं तब हमारे यहां नेता चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करते है। हम खुद ज्योतिषी के बताये मुहूर्त पर गृह प्रवेश करते है। और तो और भाँवरें डालते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण ये है कि हम खरीद-फरोख्त भी ज्योतिषियों द्वारा बताये गए महूर्त के हिसाब से ही करते हैं।

मैंने जब से होश सम्हाला है तब से देखता आ रहा हूँ कि हमारे भारतीय ज्योतिषी मुहूर्तों के बारे में पूछने पर ही बताते हैं और वो भी दक्षिणा लेने के बाद। वे पत्रा /पंचांग तभी खोलते हैं जब चढ़ौती चढ़ा दी जाय। लेकिन खरीद-फरोख्त के लिए शुभ मुहूर्त बताते हुए ज्योतिषी किसी से कोई दक्षिणा नहीं मांगते । बस बता देते हैं कि कब मकान खरीदना है, कब सोना-चांदी खरीदना है, कब वाहन खरीदना है। त्यौहार के मौसम में ज्योतिषी ऐसे -ऐसे दुर्लभ मुहूर्त बताते हैं की जनता बावली हो जाती है। जनता को बाबला कर ये ज्योतिषी बाजार की बल्ले-बल्ले करा देते हैं। एक ही दिन में साल-छह महीने का कारोबार हो जाता है। लगता है कि बाजार कि और ज्योतिषियों कि कोई दुरभि संधि है।

हम उन लोगों में से हैं जो अपना हर काम ' अबूझ मुहूर्त ' में करते है। ज्योतिषियों के बताये मुहूर्त के फेर में नहीं पड़ते, इसीलिए चाहे जितना दुर्लभ मुहूर्त हो हम बाजार की और रुख नहीं करते । हालाँकि हमारे घर में दूसरे लोग नजर बचाकर बाजार से खरीदारी कर लेते हैं लें हम धनतेरस को भी चम्मच/ घंटी से ज्यादा कुछ नहीं खरीदते। खरीदना भी नहीं है क्योंकि ज्योतिषी तो साल में दस बार दुर्लभ मुहूर्त बताते है। यदि उनके हिसाब से खरीदारी करने लगे तो घर का बजट ही फेल हो जाये। अब इस साल ही देख लीजिये। ज्योतिषियों ने कहा है की इस साल 24 अक्टूबर को जो दुर्लभ मुहूर्त बना है वो आज से 752 साल पहले बाना था। कमाल की बात है न कि जब दुनिया में कम्प्यूटर नहीं जन्मा था तब भी हमारे ज्योतिषियों का गुणा-भाग चलता था और उन्हें आज भी कम्प्यूटर नहीं बल्कि उनका अपना पत्रा/ पंचांग ही सैकड़ों साल पुराने मुहूर्त के बारे में बता देता है। मुझे कभी-कभी लगता है कि देश की असली सेवा हमारे ज्योतिषी ही करते हैं, लेकिन कभी-कभी इनके ऊपर शक भी होता है, क्योंकि ये ज्योतिषी आजतक ये नहीं बताये कि देश के 'अच्छे दिन कब आएंगे ?

आपको बता दूँ कि मै जिस शहर में रहता हूँ वो एक बड़े गांव जैसा ही ह। महाराजाओं




का शहर है। यहां न सिटी बस है और न मेट्रो रेल। लेकिन वहां भी इस मुहूर्त के फेर में एक दिन में एक हजार वाहनों की खरीद हो गयी । मकान खरीदने वालों को मुहूर्त के हिसाब से रजिस्ट्री करने के लिए मुंह-मांगी रिश्वत देने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्या पता कि मुहूर्त निकलने के बाद खरीदारी लाभप्रद हो या न हो। हमारे यहां आदमी धर्मभीरु ही नहीं ज्योतिष-भीरु भी है। ज्योतिषी नट की तरह देश की सीधीसादी जनता को अपने इशारे पर नचाते हैं। जनता कभी नहीं सोचती कि ये दुष्ट ज्योतिषी उनके भले के लिए नहीं बल्कि बाजार के भले के लिए ख़ास मुहूर्त निकलकर अखबारों में, टीवी चैनलों पर दिखाते हैं। जनता तो ठहरी आँख की अंधी और नाम नयनसुख वाली। अपने दिमाग की खिड़कियां और दरवाजे कभी खोलती ही नहीं।चाहे चुनाव हो या भागवत कथा। देश की जनता कभी इन ज्योतिषियों से पूछती ही नहीं कि दुर्लभ योग में उन्होंने अपने लिए क्या खरीदा ?

ज्योतिषी बड़े चतुर -सुजान होते हैं। जनता को किश्तों में उलूक बनाते हैं। इस साल उन्होंने वृषभ, कन्या और तुला राशि के जातकों को चुना। कहा कि इन राशियों के लोग यदि 752 साल बाद पड़ने वाले दुर्लभ योग का लाभ उठाना चाहते हैं जो हनकर यानि जमकर दरियादीली से खरीद-फरोख्त करें । ईडी, सीबीईआई की फ़िक्र न करें। चूंकि ये मुहूर्त केवल हिन्दू पंचांगों में से निकलते हैं इसीलिए ये हिन्दुओं के लिए ही शुभ होते है। मुसलमान,ईसाई या दूसरे धर्मों के लोगों के लिए नहीं। हामिद को तो आज भी अपनी अम्मी के लिए बाजार से चिमटा ही खरीदना पड़ता है। देश के 85 करोड़ लोग तो उस मुहूर्त को ही शुभ मानते हैं जिस दिन उन्हें पांच किलो मुफ्त का अन्न मिलता है। लाड़ली बहिनों के लिए तो केवल वो मुहूर्त शुभ होता है जिस दिन उनके खाते में सरकार 1250 रूपये राखी बंधन के नेग के रूप में डाल देती है।

हमारा दुर्भाग्य ये है कि हम लोग चाहकर भी इन ज्योतिषियों की भविष्यवाणीयों को चुनौती देने देश की किसी छोटी या बड़ी अदालत नहीं जा सकता । जैसे-तैसे पहुँच भी जाएँ तो वहां हमें सुनेगा कौन ? अदालतों में भी तो आखिर धर्मभीरु/ मुहूर्त प्रेमी लोग ही विराजते हैं। हमारे देश के मुख्यन्यायाधीश ने खुद रहस्योद्घाटन किया कि वे जब भी किसी बड़े मामले में फैसला करने वाले होते हैं भगवान की शरण में चले जाते हैं। देश का कोई ज्योतिषी वही गुरु, अल्लाह या जीसस की शरण में कभी गया हो तो हमें पता नहीं। कहने का आशय ये है कि जिस देश में कार्यपालिका,विधायिका और न्यायपालीका तक भगवान के भरोसे काम करती हो उस देश में आखिर ज्योतिषियों का तम्बू कौन उखाड़ सकता है ? इन्हें तो सर्वदलीय समर्थन हासिल होता है। किसी भी दल की सरकार हो कोई इनके खिलाफ जाने वाला नहीं है। क्योंकि सभी की दुकानदारी में ज्योतिष की अहम भूमिका है।

आप मुझे ज्योतिष शास्त्र कहें या विज्ञान कहें का विरोधी न माने । निंदक न मानें। मुझे तो अपने सनातन ज्ञान पर गर्व है। इसी के चलते सहमत न होते हुए मै जिस अखबार में काम करता था उसके पंडित जी यदि किसी दिन भविष्यफल भेजने में आलस करते थे तो मैं खुद उनकी और से भविष्यफल लिखकर छाप लेता था ।पाठकों का मन जो रखना होता था। मैने जिस स्थानीय न्यूज चैनल में काम किया उसके दर्शकों के लिए खुद कंठीमाला पहनकर ज्योतिषी की भूमिका अदा की।आजकल चैनलों में अभिनय ही तो प्रधान है। आखिर जनता की आँखों में धूल ही तो झोंकना है नेताओं की तरह। जनता की आँखों में धूल झोंकना सबसे आसान काम और सबसे अधिक ललितकला है। इसलिए आप भी मेरे कहने से 752 साल बाद बने इस सौभग्यशाली मुहूर्त की अनदेख न करें। खरीदारी करे। क्रेडिट कार्ड से करें ,परसनल लोन लेकर करें, कढ्ढुआ[ कर्ज लेकर ] काढ़कर करें। खरीदारी जरूर करें, क्योंकि इसी से तो आपका भाग्य चमकने वाला है। जय श्री राम

राकेश अचल

## संक्षिप्त ख़बरें

### कलेक्ट बार एसोसिएशन गोला के सदस्य पद से किया गया निष्कासित



**गोलाबाजार, गोरखपुर।** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन तहसील गोला की पूर्व सूचना के अनुसार आम सभा की एक आवश्यक बैठक आहूत किया गया।जिसकी अध्यक्षता कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन गोला के अध्यक्ष एडवोकेट गिरिजेश शाही व संचालन महामंत्री एडवोकेट शंकरानन्द शुक्ला ने किया। बैठक में कोरम पूर्ण रहा। बार के सदस्य विवेकानन्द मिश्र एडवोकेट के विधिविरुद्ध कार्य करने तथा असंसदीय भाषा का प्रयोग करने पर आमसभा ने निर्णय लिया कि उन्हें कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन गोला की सदस्यता से निष्कासित किया जाता है। बैठक में बार के सम्मानित सदस्य हरिकेश यादव, राम लखन राय, शम्भूनाथ मिश्रा,एड्वोकेट श्रीनिवास पाण्डेय , पूर्व अध्यक्ष रन्तिदेव मिश्रा, पूर्व महामंत्री हरिवंशमणि शर्मा , अमित सिंह, कपिलमुनि मिश्रा, आमोद गौड़, आनन्द मिश्रा, जवाहरलाल शर्मा,बब्बन सिंह, रविन्द्र नाथ दूबे, भारतेन्दू दूबे, मनोज कुमार दूबे तथा बार के अन्य सम्मानित अधिवक्तागण शामिल रहे ।

### बिहार निवासी दिव्यांग युवक को मिले 12 हजार वापस

**कानपुर।** नौकरी के नाम पर ऑनलाइन लिए थे 12 हजार रूपए। दिव्यांग युवक ने साइबर थाना कानपुर में दर्ज की थी शिकायत शिकायत दर्ज होने के 24 घण्टे के अन्दर पूरे पैसे हुए वापस टास्क बेस्ड जॉब के नाम लिए गए पैसे। पुलिस ने बताया कि साइबर क्राइम थाना कानपुर में बिहार निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा नौकरी देने के नाम पर 12 हजार रूपए लेने से सम्बन्धित शिकायत की गयी, युवक ने बताया कि मुझे टास्क बेस्ड जाब देने के लिए कहा गया था घटना का उच्चाधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लिया और शिकायत दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाते हुए पीड़ित के पूरे पैसे वापस कराया जिसके बाद युवक ने साइबर क्राइम थाने की टीम को धन्यवाद किया।

### अरौल पुलिस ने गाड़ी में भैंस भरकर ले जाते पकड़ा



**कानपुर।** थाना अरौल पुलिस ने वाहन संख्या यूपी 82 एटी 4716 (टाटा अल्ट्रा) में क्रूरतापूर्ण तरीके से 10 राशि पडिया (भैंसे) को इटावा पशु बाजार से अलसफर स्लाटर हाउस उन्नाव ले जाया जा रहा था । मुखबिर की सूचना पर चालक व सहयोगी वाहन को हिरासत व कब्जा पुलिस लिया गया जिनके द्वारा पशुओं से सम्बन्धित चिकित्सीय प्रपत्र व वाहन के प्रपत्र न दिखाये जाने पर व पशुओं को क्रूरतापूर्ण तरीके से परिवहन करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों जावेद खान पुत्र रफीक निवासी ग्राम लालबाग थाना कायमगंज जिला फर्रूखाबाद उम्र करीब 40 वर्ष, सैफ पुत्र असलम निवासी लोहारी दरवाजा नियर साजिद कपडा शोरूम अलीगंज थाना अलीगंज जिला एटा उम्र करीब 22 वर्ष के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

### उपचुनाव कराने को चुनाव आयोग के प्रेक्षक पहुंचे कानपुर




**कानपुर।** विधानसभा उप निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र 213-सीसामऊ के लिए तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक रितेश कुमार अग्रवाल का जनपद में आगमन हो चुका है। प्रेक्षक आईआईटी कानपुर के वेटिंग लाबी, विजिटर्स हॉस्टल -2 में रुके हुए हैं। प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर-8887148626 है, तथा जनता से मिलने का समय प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक है। उक्त नम्बर पर कोई भी व्यक्ति चुनाव से संबंधित कोई समस्या है, तो अवगत करा सकता है। प्रेक्षक के लाइजन ऑफिसर श्रवण कुमार मिश्रा है, जिनका मो-9598887447 है।

## लूट का अपराध कारित करने के दोआरोपी गिरफ्तार, लूट की एक मोबाइल, 50,000 रु0 व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल बरामद

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर** - पुलिस ने लूट का बड़ा खुलासा किया है , एसएसपी गौरव ग्रोबर ने प्रेस वार्ता में बताया क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा व एसओजी/स्वाट गोरखपुर उ0नि0 शम्भू दयाल मिश्र मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 1006/2024 धारा 304(2) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्तों 1. सर्वेश चौहान व 2. धीरज उर्फ मूसे यादव को गिरफ्तार किया गया है । कब्जे से लूट की 01 अदद मोबाइल, 50,000 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । वादी मुकदमा अपने भाभी के साथ इलाहाबाद बैंक भटहट से 1,00,000 रु0 (एक लाख रुपये) निकाल कर अपने घर जा रहे थे कि उसी समय बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति पीछे से आये और वादी के भाभी का पर्स जिसमें एक लाख रुपये व 01 अदद मोबाइल रखा था, छीन कर भाग गये, जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम,पता व आपराधिक इतिहास**

1सर्वेश चौहान पुत्र राजकुमार नि0 देवीपुर टोला बडा दुर्गापुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर। मु0अ0सं0 1006/2024 धारा 304(2),317(2) भा0न्या0सं0 थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर 2. धीरज उर्फ मूसे यादव पुत्र रणंजय उर्फ निरंजन यादव नि0 देवीपुर टोला बडा दुर्गापुर थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर मु0अ0सं0 1006/2024 धारा 304(2), 317(2) भा0न्या0सं0 थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर Iमु0अ0सं0 598/2021 धारा 392/411 भादवि थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर Iमु0अ0सं0 803/2020 धारा 41,411 भादवि थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर

**बरामदगी**-लूट की 01 अदद मोबाइल , 50,000 रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल

## गोरखपुर में दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला- दरोगा और सिपाही गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर**- गोरखपुर के कैंपियरज़गंज थानाक्षेत्र में बुधवार की रात बड़ी घटना सामने आया । जहां मछली गांव चौकी की पुलिस टोला भरोहिया में रेप के आरोपी को मुखबिर की सूचना पर पकड़ने गई पुलिस टीम पर अभियुक्त के परिवार ने ईट पत्थर से हमला बोल दिया। जिसमे सिपाही गम्भीर हुआ और दरोगा चोटिल हो गए बतादें बुधवार की देर शाम कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज उर्फ हरनापुर गांव के टोला भरोहिया में पुलिस टीम पर हमला कर दुष्कर्म के आरोपित को घरवाले ने भगा दिया। पथराव से प्रशिक्षु दरोगा सचिन सिंह (28), सिपाही अजीत कुमार (25) गंभीर रूप से घायल कर दिया गया ,।पुलिस वालों ने किसी तरह अपनी भागकर जान बचाई। दोनों को पैडलेगंज के रचित नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। देर रात एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने नर्सिंग होम पहुंचकर डॉक्टरों से बातचीत कर घायलों का हाल जाना। दोनों की हालत गंभीर है, लेकिन खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।उधर, पुलिस ने आरोपित की मां कौशल्या देवी, बहन प्रीति व प्रियंका को गिरफ्तार कर लिया। तीनों पर पुलिस पर हमला करने का आरोप है। इस मामले में एक अलग से केस दर्ज किया जाएगा। गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

**रेप के आरोपी को गिरफ्तार करने गई थी पुलिस टीम**

जानकारी के मुताबिक, कैंपियरगंज इलाके के गोपालगंज गांव निवासी एक शख्स ने बेटी संग दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए गांव के राहुल निषाद पुत्र राजेश पर केस दर्ज कराया था। चार दिन पहले दर्ज किए गए केस में पुलिस आरोपित राहुल निषाद की तलाश में जुटी थी। बुधवार की शाम में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित राहुल अपने घर पर आया हुआ है। इस सूचना पर दरोगा सचिन सिंह साथी सिपाही अजीत के साथ आरोपित के घर पहुंच गए।बताया जा रहा है कि आरोपित राहुल को पकड़ ली थी। उसे गिरफ्तार कर पुलिस थाने ले जा रही थी कि पीछे से आरोपित के घरवालों ने ईट से पथराव कर दिया। सिर पर चोट लगने की वजह से दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। लहूलुहान पुलिस वालों ने भागकर जान बचाई। इस बीच सूचना पाकर थाने से फोर्स गांव में पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भेजा गया। दोनों का नर्सिंग होम में उपचार चल रहा है।

**SSP गोरखपुर**

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि कैंपियरगंज में पुलिस दुष्कर्म के आरोपित को पकड़ ली थी, तभी घरवालों ने पत्थर से हमला कर दिया। घटना में दो पुलिस वालों को चोटें आई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत खतरे से बाहर है। हमला करने की तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खजनी में दबंगो के हमले में गम्भीर रूप से चोटहील युवक का नही दर्ज हुआ मुकदमा

**● घायल के परिजनों को खजनी पुलिस शान्ति भंग मे किया चालान**

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी**- गोरखपुर खजनी थाना में इन दिनों पीड़ितों को ही जेल भेजने पर स्तानीय पुलिस लगी हुई है, जिसके वजह से बांहूबाली कानून को हाथ मे लेकर आम जनता पर कहर बरसा रहे है ,गरीब न्याय के लिए भटक रहा है, मनबढ़ दबंगई कर थाने में ही बैठे रहते है। ताजा मामला थाना खजनी क्षेत्र सतुआभार चौराहे पर बुधवार को देर शाम आधे दर्जन की संख्या में एकत्रित मनबढो ने बिशाल पुत्र चुनमुन निवासी रावतडाड़ी को सरेआम हमला कर गम्भीर कर दिया । जिसके हाथ की हड्डीयाँ तक खण्डित हुए लेकिन खजनी पुलिस मुकदमा लिखने को तैयार नही हुई, हद तो तब हो गई जब गम्भीर रूप से घायल युवक के परिजन को 151 के कटघरे में स्थानीय पुलिस नें खडा कर दिया, वहीं पीड़ित परिवार अपनी जमानत कराए या घायल पुत्र का इलाज चिंता में पड़ी हुई है , खजनी में होने वाली घटनाए खजनी पुलिस पर गम्भीर सवाल कर रही है, जो चर्चा का मुख्य बिंदु बन गया है ।

गम्भीर रूप से घायल विशाल के पिता चूल बुल ने कहा आज मेरे पुत्र को निर्दयता से पीटा गया पुलिस एक नही सुनी ,और नही तो मुझे ही कटघरे में खड़ा कर दिया गया ।आम आदमी अब अपनी इज्जत बचाने में मजबूर हो गई है, उक्त घटना में अब तक मुकदमा न दर्ज होने का वजह एसओ खजनी सदा नन्द सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने बताया, कुछ प्रतिष्ठित लोग का नाम तहरीर में है मै मुकदमा नही लिखूंगा, तहरीर बदलने के बाद लिखा जाएगा। उसी प्रकरण में एसपी साउथ जितेंद कुमार ने बताया मामला मेरे सज्ञान में नही है जांच करवाता हूँ ।

## मादक पदार्थ चरस के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार, जेल

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के श्यामकाट बगीचे के पास स्थानीय पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर नेपाली अभियुक्त के कब्जे से 1031 ग्राम चरस बरामद किया है। संयुक्त टीम ने बरामद चरस के साथ अभियुक्त को कब्जे में लेकर कोतवाली लाई। तत्पश्चात अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के श्यामकाट बगीचे के पास से मुखबिर की सूचना पर एक नेपाली अभियुक्त के कब्जे से 1031 ग्राम मादक पदार्थ चरस बरामद किया है। बरामद चरस का अंतरराष्ट्रीय कीमत लाखों रुपए आंका जा रहा है। वहीं संयुक्त टीम ने बरामद चरस के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर कोतवाली लाई। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान 21 वर्षीय माइकल खड़का पुत्र नरबहादुर खड़का निवासी ग्राम माड़ी थाना रोल्पा जनपद लिबांग लुंबिनी प्रदेश राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में धारा 8/20/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि मादक पदार्थ चरस के साथ एक नेपाली अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## कृष्णा पीजी कालेज में एडमिशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर

**● 2016 में इंटर पास छात्राएं भी ले सकती हैं एडमिशन**

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज।** कृष्णा महिला पीजी कालेज पनियरा बड़वार के प्राचार्य इन्द्रेश चौधरी ने बताया कि एडमिशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। बीए,बीएससी तथा एमए प्रथम वर्ष में नामांकन कराने को इच्छुक छात्राएं 29 अक्टूबर तक नामांकन करा लें। इसके बाद कोई एडमिशन नहीं होगा। वर्ष 2016 में इंटर उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं भी एडमिशन करा सकती हैं। वर्ष 2016 में इंटर पास जिन छात्राओं को आगे की पढ़ाई जारी रखनी है उन छात्राओं को शपथ पत्र देना होगा कि गैप की अवधि में उनके द्वारा क्या किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि वर्ष 2016 में बीए पास छात्राएं भी शपथ पत्र देकर एमए की कक्षा में प्रवेश ले सकती हैं। ऐसे में इच्छुक छात्राएं 29 अक्टूबर तक एडमिशन ले लें।

## इमर्जेंसी सेवा के लिए प्रशिक्षित किए जा रहे सीएचओ

**● - प्रशिक्षण में शामिल सभी सीएचओ को नियमित तौर पर रिपोर्टिंग तथा झुलसने पर सामान्य प्राथमिक उपचार के बारे में दी गई जानकारी**




स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** आपातकालीन सेवा से संबंधित जैसे नाक, कान, गला आदि की जानकारी देने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) का पांच दिवसीय प्रशिक्षण जारी है। सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उक्त बीमारियों के बचाव और उपचार से संबंधित जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीर विक्रम सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत कार्यक्रम सभी स्तरों पर सेवाओं के व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पैकेज है। आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में शुरू किए गए नए सेवा पैकेजों में से एक नाक, कान और गले (ईएनटी) और बर्न एवं ट्रामा केस में सेवा प्रबंधन के बारे में जानकारी रखना भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि ईएनटी शरीर के तीन इंद्रियों का ध्यान रखता है। इन तीनों इंद्रियों से जुड़ी समस्याओं से किसी भी व्यक्ति को स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती हैं। किसी को बहरेपन की शिकायत है तो उसे समाज में एकीकरण करने में कठिनाई होती है। नाक और गले के क्षेत्र से संबंधित स्थितियां खतरनाक संक्रमण कैंसर का कारण बन सकती है। प्रशिक्षक व डिप्टी सीएमओ डॉ. नीरज लाल कन्नौजिया ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ स्वास्थ्य विभाग के लिए बहुत महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इसलिए उक्त बीमारियों से संबंधित केस की स्क्रीनिंग, रेफरल, निगरानी और स्वास्थ्य से संबंधित गतिविधियों में मदद करने में सीएचओ की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशिक्षण में शामिल सीएचओ को नियमित तौर पर रिपोर्टिंग की भी जानकारी दी गयी। प्रशिक्षक व स्टाफ नर्स मीना और प्रीती ने जलने झुलसने पर सामान्य प्राथमिक उपचार के बारे में बताया कि जले हुए स्थान का तत्काल उपचार करने के लिए 3 से 5 मिनट तक ठंडे पानी में रखें। अपने से कोई क्रीम या घरेलू लेप ना लगाए। जले स्थान पर सोफरामाइसीन या एसओएस क्रीम लगाएं, मरीज की स्थिति देखकर रेफर करना जरूरी हो तो हायर सेंटर पर रेफर करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंचन, उमेश चन्द्र, शिव, सौरभ, हरीकेश शर्मा सहित 30 सीएचओ प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

## निर्माण में भ्रष्टाचार, दीवारों में दरार

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया।** प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर प्रयास कर रही है। इसी के तहत जनपद के भटनी ब्लॉक के परसिया करकटही ग्राम पंचायत में एक नया आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किया गया, जिसका उद्देश्य गांव के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और पोषण सेवाएं उपलब्ध कराना था, लेकिन यह केंद्र भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है, क्योंकि इसके निर्माण के कुछ ही दिनों बाद दीवारों में दरारें आ गईं। यह तब हुआ जब केंद्र का उद्घाटन भी नहीं हुआ है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्र की दीवारों में इतनी जल्दी दरारें आना यह स्पष्ट करता है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। अगर सरकारी मानकों के अनुसार निर्माण किया गया होता, तो दीवारों की यह हालत नहीं होती। तस्वीरों में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि दीवारें किस कदर कमजोर हो चुकी हैं, जो किसी भी समय ढह सकती हैं। इससे बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा है। इस मामले में जब ग्राम प्रधान से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र की दीवारों में आई दरारें सरकारी धन के दुरुपयोग और निर्माण में हुई भारी लापरवाही का प्रतीक हैं। यह एक गंभीर मुद्दा है, क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की शिक्षा और पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान होता है, और यदि यह सुरक्षित नहीं रहेगा, तो बच्चों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। सरकार द्वारा गांवों के विकास के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के कारण ये प्रयास सफल होते नहीं दिख रहे। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि सरकार इस मामले में उचित कदम नहीं उठाती, तो आगे भी सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग होता रहेगा और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अब यह देखना होगा कि सरकार और प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले की जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि आंगनबाड़ी केंद्र को फिर से सुरक्षित और बच्चों के उपयोग के लिए तैयार किया जा सके।

## डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की किया समीक्षा

**● फ्लैगशिप योजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ करें संचालित-डीएम**




स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन किया जाए जिससे सरकार की प्राथमिकताएं धरातल पर उतर सकें और जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। योजनाओं की प्रगति की निगरानी के लिए एक प्रभावी तंत्र स्थापित किया गया है, जिसके तहत अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का उद्देश्य जनकल्याण है और इनका सही समय पर क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि सितंबर माह में जनपद की रैंकिंग सम्मिलित रूप से 34 वीं थी, इसलिए सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें कि किसी अधिकारी की शिथिलता या लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित नहीं हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा राजेश झा, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार, डीसी मनरेगा आलोक पाण्डेय, डीईएसटीओ मृत्युंजय कुमार, उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य, एआरटीओ आशुतोष शुक्ला, ईओ संजय तिवारी, डीआईओएस शिवनारायण सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कि बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं बनीं चुनौती

स्वतंत्र प्रभात




**देवरिया।** जिले के सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है। यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं, जिससे मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के दावों के बावजूद, इस अस्पताल की दयनीय स्थिति स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र पर अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था न होने के कारण रोज़ाना करीब 100 अल्ट्रासाउंड प्राईवेट सेंटरो का मरीज सहारा लेते हैं, लेकिन अगर सीजेरियन डिलीवरी की बात करें, तो यहां की स्थिति बेहद खराब है। दो महीने में मात्र 2 सीजेरियन ऑपरेशन ही किये गये हैं, जो कि यहां की ज़रूरतों के मुकाबले बहुत कम हैं। अस्पताल में जरूरी चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव स्पष्ट रूप से दिखता है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि दोपहर 3 बजे के बाद इस स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। मरीजों की देखभाल पूरी तरह से स्टाफ नर्सों के भरोसे छोड़ दी जाती है। अगर किसी मरीज की हालत गंभीर हो जाए या कोई आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो, तो यहां कोई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होता। ऐसी स्थिति में, मरीजों की जिंदगी को खतरा हो सकता है। सवाल यह उठता है कि अगर किसी मरीज के साथ कोई अप्रिय घटना हो जाती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश भर में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के कई बड़े दावे किए जा रहे हैं। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की बात की है लेकिन सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत मुख्यमंत्री के इन दावों से कोसों दूर है। यहां की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था के दावों पर सवाल खड़ा करती हैं।

**मरीजों के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का सहारा**

चिकित्सा सुविधाओं की कमी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण, कई मरीजों को मजबूरन अन्य बड़े शहरों या अस्पतालों में जाना पड़ता है। सलेमपुर और उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इस स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर रहते हैं, लेकिन उन्हें यहां से निराश होकर लौटना पड़ता है। यह समय है कि सरकार और संबंधित विभाग इस दिशा में कार्रवाई करें और यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करें, ताकि यहां आने वाले मरीजों को सही इलाज मिल सके और उन्हें दूर दराज के अस्पतालों में न जाना पड़े।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सिद्धार्थनगर में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर चार को रौदा, दो की हालत गंभीर

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के मोहाना लोटन मार्ग पर सिकरी बाजार के पास गुरुवार की सुबह लगभग 9~30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर चार लोगों को रौद कर घायल कर दिया। घायलों में दो छात्र एवं दो राहगीर शामिल हैं। घायल हर्ष 15 पुत्र लक्ष्मी निवासी नौतनवा अपने नैनीहाल सिकरी बाजार में रहकर पढ़ाई का कार्य करता था तथा दूसरा संतोष 16 पुत्र रामनिवास ग्राम पनेरी वह जूनियर हाई स्कूल सिकरी बाजार बाइक से पढ़ने जा रहे थे। तथा राहगीरों में ओंमकार पाण्डेय 55 पुत्र परमात्मा पाण्डेय व मंटू पाण्डेय 40 पुत्र चिंकू पाण्डेय निवासी लकड़ा दोनों बाइक से अपने दुकान सिसवा जा रहे थे कि अभी वह सिकरी बाजार बजार पहुंचे थे की उधर से तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रौद दी। जिससे सभी चारों घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से मेडिकल सिद्धार्थनगर पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज चल रहा है। जिसमें दो की हालत चिंताजनक बताई जातीहै। इस संबंध में थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी का कहना है कि घटना की जानकारी है कार्रवाई की जा रही है।

## संग्रहालय की यात्रा सूचनात्मक है और अन्वेषण से परिपूर्ण है - प्रो डी के त्रिपाठी



**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा एक्सटेंशन प्रोग्राम के अंतर्गत जनपदीय संग्रहालय का विद्यार्थियों को भ्रमण कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संग्रहालय की यात्रा सूचनात्मक है और अन्वेषण से परिपूर्ण है क्योंकि छात्र विभिन्न वस्तुओं का अवलोकन और अन्वेषण करते हैं जो अधिगम में उनकी रुचि को उद्दीप्त करते हैं। विभागाध्यक्ष प्रो निशा सिंह ने भारत एवं जनपद के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संग्रहालय एक संस्थान है जो कलात्मक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक या वैज्ञानिक महत्व की कृतियों और अन्य वस्तुओं के संग्रह की देखभाल और प्रदर्शन करता है। संग्रहालय इंचार्ज आशीष दुबे ने विद्यार्थियों को जनपद के इतिहास से परिचित कराया और रफ़ी अहमद किदवई एवं सरदार वल्लभभाई पटेल वीथिका का अवलोकन करवाया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रो ज्योति सक्सेना और अंग्रेजी विषय के 150 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वार्षिक परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कछौना(हरदोई)** जय सुभाष महाबली इंटर कॉलेज दलेल नगर में वार्षिक परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई जिसमें 13 विद्यालय के बच्चे शामिल हुए। इसमें बच्चों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ भाग लिया। इसमें 100 मीटर की दौड़ 200 मीटर दौड़ खो-खो कबड्डी आदि खेल शामिल थे। जय सुभाष के बच्चों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले कक्षा 9 के सोनू, कक्षा 10 के सनी, कक्षा 11 के ललित, कक्षा 9 कुसुम मौर्य, कक्षा 9 किरण, कक्षा 12 रंजना प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान कक्षा 9 अमन सिंह, कक्षा 10 सुजीत यादव, कक्षा 12 रितेश मौर्या, कक्षा 9 उल्फत, कक्षा 10 सोनी, कक्षा 12 मुस्कान, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र कक्षा 9 सलमान, कक्षा 10 सचिन चौरसिया, कक्षा 11 सप्तम वर्मा, कक्षा 8 विजयलक्ष्मी, कक्षा 10 राधा, कक्षा 12 राजकुमारी शामिल रहे। इन बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रतनलाल द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर एआरपी नीलिमा, जय सुभाष के प्रबंधक राम मिलन सिंह, प्रधानाचार्य मनीष सिंह मानू, अमृतलाल शर्मा, राकेश कुमार सिंह, श्याम जी प्रजापति, शारदा प्रसाद वर्मा, रामखेलावन, सुशील शर्मा, अंकित विश्वकर्मा, सतीश सिंह, मछलेन्द्र वर्मा, सौरव राठौर, सतीश प्रजापति, परशुराम, श्याम सिंह, नेहा देवी, अंकित विश्वकर्मा, पूर्णिमा गुप्ता, शीलू यादव, सुधा राठौर, नीतू विश्वकर्मा, शाहिना बानो, शिल्पी, साइना बानो, अंजली शर्मा, अनीता, अलका शर्मा, रीती, शारदा देवी स्टाफ मौजूद रहे। वहीं इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों का स्टाफ जिसमें अवधेश प्रताप सिंह, अश्वनी कुमार, शेखर गुप्ता, मंजूलता, वीरेंद्र कुमार, प्रतीक अस्थाना, रामचंद्र, रविंद्र सिंह, कुलदीप कुमार, मधुबाला, अरविंद कुमार, प्रिंस सिंह, रश्मि सिंह, मीनाक्षी वर्मा, ज्योति गुप्ता, अंजली देवी, रेखा वर्मा, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# स्वराज इंडिया पार्टी के पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र यादव पर हुए हमले के विरोध में भारत जोड़ो अभियान की दिल्ली इकाई द्वारा महाराष्ट्र भवन के सामने किया विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली** 24 अक्टूबर को भारत जोड़ो अभियान की दिल्ली इकाई ने महाराष्ट्र भवन के रेजिडेंट कमिश्नर को ज्ञापन सौंप कर अपना विरोध दर्ज करवाया और हुड़दंगियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग की।दरअसल 21 अक्टूबर 2024 को महाराष्ट्र के अकोला में भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव की सभा में कुछ हुड़दंगियों द्वारा हंगामा और धक्का मुक्की की गई। संविधान की रक्षा और हमारा वोट के विषय पर आयोजित सभा को संबोधित करने के लिए आयोजक द्वारा आमंत्रित करने पर योगेन्द्र यादव जैसे ही अपने भाषण के लिए तैयार हुए सभा मे उपस्थित इन हुड़दंगियों ने उन्हे घेर लिया। सभा मे उपस्थित श्रोताओं और स्वयंसेवकों ने हुड़दंगियों से वक्ताओं की सुरक्षा की। हुड़दंगी पुलिस के सामने कुर्सियां तोड़ते रहे और हंगामा करते रहे लेकिन उन हुड़दंगियों पर कोई कारवाई नहीं की गई जबकि महाराष्ट्र की अकोला पुलिस योगेंद्र यादव को वहां से ले कर चली गई। प्रदर्शन के दौरान एस के चौबे ने बताया कि योगेंद्र यादव व उनकी बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी व शिंदे सरकार घबराई हुई है जिसके परिणाम के रूप में यह हमला देखने को मिला, देश का चुनाव आयोग खुद मौन बैठा है। यह योगेंद्र यादव पर हमला नहीं यह देश के संविधान, लोकतंत्र और गरीबों मजलूमों, किसानों मजदूरों और सच्चे देश



भक्तों पर हमला है अगर महाराष्ट्र सरकार या महाराष्ट्र चुनाव आयोग हुड़दंगियों पर कार्यवाही नहीं करती है तो यह घटना बीजेपी और शिंदे सरकार को सोची समझी साजिश समझी जाएगी।

# पर्यटक स्वागत द्वार निर्माण कार्य का डीएम ने निरीक्षण किया

**● - निर्माण कार्य में शिथिलता को लेकर नाराजगी जताई**

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** नेपाल सीमा से सटे ककरहवा बॉर्डर का गुरुवार को जिलाधिकारी डॉश गणपति राजा आर ने निरीक्षण किया। उन्होंने सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी जवानों से वार्ता किया। बॉर्डर से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी ली। त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था में सख्ती बरतने का निर्देश दिया। डीएम ने गौतम बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी को जोड़ने वाला ककरहवा बॉर्डर पर निर्माणाधीन पर्यटक स्वागत द्वार का भी निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की शिथिल गति को लेकर ठेकेदार को फटकार लगायी। डीएम ने गेट निर्माण में प्रयोग हो रहे सामग्री को लेकर भी नाराजगी जतायी।उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री अच्छी होनी चाहिये। कमी मिलने पर जिम्मेदार के ऊपर कार्रवाई की जायेगी। 31 दिसंबर से पहले हर हाल में गेट निर्माण कार्य पूर्ण कर लें।

इसके बाद जिलाधिकारी डॉ गणपति आर ने ककरहवा साप्ताहिक बाजार परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। ईट की क्वालिटी का जांच किया। निर्माण परिसर के आसपास फैले गंदगी को लेकर जिम्मेदारों पर नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगायी। राजकीय इंटर कॉलेज



ककरहवा में बन रहे अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, शौचालय व प्रयोगशाला के कार्यो की जांच की। ठेकेदार को समय से कार्यो को पूर्ण करने का निर्देश देते हुए निर्माण में प्रयोग हो रहे सामग्री के शुद्धता का ख्याल रखने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि समय से निर्माण कार्य को पूर्ण कर लें। निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय हैं।

# अन्तःकरण में प्रेमपूर्वक अनुसंधान करना ही भक्ति है- शैलेन्द्र

**● - चांदा के ईशीपुर गाँव में श्रीमद्भागवत कथा का विसर्जन दिवस**

स्वतंत्र प्रभात

**सुल्तानपुर।** स्थानीय ईशीपुर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के विसर्जन दिवस पर वृन्दावन धाम से पधारे शैलेन्द्र जी महराज ने भागवत भक्तो के समक्ष सातवे दिन की कथा में कहा कि श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं होती तथा विशुद्ध हृदय में ही भागवत टिकती है। भगवान के चरित्रों का स्मरण, श्रवण करके उनके गुण, यश का कीर्तन, अर्चन, प्रणाम करना, अपने को भगवान का दास समझना, उनको सखा मानना तथा भगवान के चरणों में सर्वश्व समर्पण करके अपने अन्त्करण में प्रेमपूर्वक अनुसंधान करना ही भक्ति है। परमात्मा जिज्ञासा का विषय है, परीक्षा का नहीं। इसके पूर्व मुख्य जजमान गौरी शंकर शर्मा ने व्यासपीठ की पूजन और आरती किया। विद्याधर तिवारी, महगू शर्मा,जगदीश शर्मा,



हरीश, विवेक मिश्र, सुप्रियाम, सत्यम शुक्ला, डॉ श्यामराज मिश्र, रवि मोदनवाल, संदीप शर्मा ने पुष्पहार भेंट कर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। संगीतमयी कथा के मध्य भजनो से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया बलथरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**गोपालगंज, बिहार-** जिलापदाधिकारी, गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा बलथरी चेक पोस्ट औचत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारी द्वय द्वारा वहां उपस्थित कर्मियों, वहां की कार्य पद्धति की गहन जांच की गई। जांच की क्रम में सभी कर्मियों के पद नाम और चेक पोस्ट पर कार्य करने की अवधि की पूरी पृच्छा कर दुबारा चेक पोस्ट पर पदस्थापन वालों की विस्तृत विवरणी प्राप्त की गई। रोस्टर एवं पंजीयों की जांच की गई। किए गए चालान की जानकारी लेने और व्यवस्थित ढंग से उपस्थित नहीं रहने के कारण कार्यपालक सहायक संजीव कुमार चौधरी पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए गए। उत्पाद ए एस आई विकास कुमार को ड्यूटी पीरियड में बड़ी दाढ़ी रखने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्टीकरण करने के निर्देश दिए गए।

सभी कर्मियों को कड़ी चेतावनी के साथ निर्देश दिया गया कि परिचय पत्र के साथ ही ड्यूटी पीरियड में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। सभी सीसीटीवी कैमरा की जांच की गई, साथ ही सीसीटीवी के कंट्रोल रूम में निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि 14 सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे हैं जिस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए।वहां उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं होमगार्ड द्वारा ड्यूटी पीरियड में बिना नेम प्लेट के वर्दी में रहने पर जिला पदाधिकारी द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सभी को नेम प्लेट के साथ रहने के निर्देश दिए गए।

पुलिस कर्मियों की कड़ी जांच की गई पर कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं पाई गई। हाजत रूम के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि शराब तस्करी और शराब पीने मैं पकड़े गए हैं जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक से उनकी विस्तृत जानकारी ली गई और निर्देश दिया गया की ससमय कोर्ट में पेश करना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी द्वारा टैक्स कलेक्शन की विस्तृत जानकारी ली गई जिसमें बताया गया की ऑल इंडिया परमिट वाले औसतन 95 प्रतिशत गाड़ियां आती हैं। नए बस की चेचिस जिनके रजिस्ट्रेशन नहीं होते या जिन वाहनों में नेशनल परमिट नहीं होता मात्र उनका चालान किया जाता है।

बलथरी चेक पोस्ट के दोनों धर्म कांटा खराब पाए गए जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी से इसके लिए की गई कार्रवाई की पृच्छा की गई। निर्देश दिया गया कि विभाग के मार्गदर्शिका के अनुसार इसे ठीक करा कर रिपोर्ट दें। कंट्रोल रूम एवं अन्य स्थलों पर पदस्थापित कार्यपालक सहायक के लिए निर्देश दिया गया कि जिला परिवहन पदाधिकारी के माध्यम से कल शाम के पूर्व आईडी कार्ड निर्गत कराकर ड्यूटी पर रहना सुनिश्चित करेंगे। हैंड स्कैनर मशीन नाइट विजन कैमरा और पुलिस चेक पोस्ट की भी गहन जांच की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व, बाघों की गणना 25 अक्टूबर से शुरू

**● - 402 कैमरे बताएंगे संख्या, एक महीने में पूरा होगा पहला चरण**

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** टाइगर रिजर्व के जंगलों में बाघों की संख्या का आंकलन करने के लिए एक बार फिर विभागीय स्तर पर गणना की तैयारी शुरू हो गई है। दो चरणों में होने वाली इस गणना का पहला चरण 25 अक्टूबर से आरंभ होगा, जिसमें 201 स्थानों पर 402 ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। डिप्टी डायरेक्टर का बयान पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि पहले चरण की गणना 25 अक्टूबर से शुरू हो रही है। इस गणना को लेकर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। एक महीने तक चलने वाली इस गणना में 201 स्थानों पर 402 कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे बाघों की संख्या का सटीक आंकलन किया जा सकेगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व हाल ही में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (ह्न्नष्ट) द्वारा जारी आंकड़ों में में 71 से अधिक बाघों की संख्या बताई गई है। वर्ष 2014 में यहाँ बाघों की संख्या केवल 24 थी, जो 2022 में बढ़कर 71 हो गई। बाघों की इस संख्या में वृद्धि के कारण पीलीभीत टाइगर रिजर्व को ञ्च2ङ्ग अवार्ड और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। गणना की प्रक्रिया बाघों की गणना करना विभाग के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। इसके लिए बाघों की संभावित लोकेशन पर दो पेड़ों के बीच आमने-सामने दो ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं। इन कैमरों में विशेष सेंसर लगे होते हैं, जो वन्य जीवों के आने-जाने पर उनकी तस्वीरें कैद करते हैं। निर्धारित समय के बाद, इन तस्वीरों का विश्लेषण कर बाघों की पहचान की जाती है। बाघों की शारीरिक विशेषताओं और धारी के आधार पर उनकी संख्या का अनुमान लगाया जाता है।

**सरल नहीं है जनगणना**

इसके लिए घने जंगलों के बीच बाघों की संभावित मौजूदगी वाले स्थानों में मौजूद पेड़ों पर ठीक आमने-सामने 2 ट्रैप कैमरे लगाए जाते हैं. जिनमें लगा सेंसर किसी भी वन्यजीव के आने जाने पर उनकी तस्वीर




कैद कर लेता है. जिसके बाद एक तय समय तक कैमरे में कैद की गई तस्वीरों में से बाघों की तस्वीरों को अलग किया जाता है. बाघों की धारियां मानवों के फिंगरप्रिंट जैसे यूनिक होती हैं. बाघों के शरीर पर मौजूद धारियों की तस्वीरों के आधार पर विशेषज्ञ संख्या का अनुमान लगाते हैं. इतने कैमरों से होगी निगरानीबाघ गणना की प्रक्रिया के तहत पहला चरण 25 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है. बाघ गणना के पहले चरण के तहत पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला, महोफ व दियुरिया रेंज में 201 ग्रिड पर 402 ट्रैप कैमरा लगाए जाएंगे. यह सभी ग्रिड बाघों की संभावित मौजूदगी वाले स्थानों में होंगे. ट्रैप कैमरा में आए।

# जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी अंचल अधिकारी एवं सभी थाना अध्यक्ष के साथ की गयी समीक्षा बैठक

**● - बैठक में भूमि विवाद एवं दीपावली तथा छठ पूजा कि तैयारियों पर दिया गया विशेष जोर**

स्वतंत्र प्रभात



**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी,गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भूमि विवाद और दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर ऐतिहातिक तैयारी से संबंधित सभी अंचल अधिकारी और सभी थाना अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक समाहरणालय कार्यालय कक्ष में की गई संबंधित बैठक में उच्च प्राथमिकता के साथ भूमि विवादों को स्थानीय स्तर पर नियंत्रित करने के लिए जिले के सभी अंचलों और थानों में प्रत्येक शनिवार अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष प्रस्तुत मामलों में सकारात्मक समाधान सुनिश्चित करायें इसके लिए सभी अनुमंडल में प्रत्येक पखवाड़े में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्तर से मामलों के निष्पादन संबंधी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रत्येक मां जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में इसका नियमित रूप से समीक्षा किया जाएगा भूमि विवादों के प्रभावी निष्पादन एवं अनुसरण तथा इसके नियंत्रण को गंभीरता से लेते हुए गृह विभाग द्वारा भूमि विवाद मामलों की विस्तृत समीक्षा एवं विश्लेषण हेतु आवश्यक डाटा के लिए निक पटना की सहायता से भू समाधान पोर्टल (url-http://homeonline.bih.nic.in/landispute) का निर्माण किया गया है। अपारसमाहर्ता श्री आशीष कुमार सिन्हा द्वारा भूमि विवाद निराकरण संबंधी भू समाधान पोर्टल की उपयोगिता बताते हुए कहां की इस पोर्टल के कारण होने से भूमि विवादों के प्रभावी निष्पादन एवं अनुसरण में स्वच्छतम स्तर तक निगरानी अधिकारियों को प्राथमिक सूचना की विस्तृत जानकारी भूमि विवाद के मामलों की गंभीरता का आकलन भूमि विवाद से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रतिवेदनों का सृजन भूमि विवाद निराकरण के संबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा एवं उत्तरदायित्व निर्धारण में सहायता भूमि विवादों के उच्च स्तरीय समीक्षा में सुविधा गिरी विभाग एवं राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार पटना द्वारा नियमित रूप से समीक्षा करने में भी सुविधा होगी वही विवादित भूमि के पूर्व वृत्त हिस्ट्री सेट की जानकारी प्राप्त हो सकेगी भूमि विवाद समाधान से योजना निर्माण में मदद मिलेगी यह पोर्टल भूमि विवाद समाधान से निर्णय लेने में प्रशासनिक एवं तकनीकी साधन के रूप में काम करेगा।

अंचल अधिकारियों को भू समाधान पोर्टल में विवादों को संवेदनशीलता के आधार पर यथा सामान्य संवेदनशील और अति संवेदनशील में वर्गीकृत करते हुए सूचना देनी होगी दोबारा विवादों को श्रेणी वार देखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है यथा पर्चाधारी के बेदखली, गैर मजरूआ, रैयती भूमि पर सीमांकन, निजी रास्ता/ नाली, जल स्रोत, पैत्रिक मौरुसी बटवारा, भू अर्जन से संबंधित ,भू हदबंदी( अधिशेष) आदि मामलों में आवश्यक करवाई विभिन्न स्तरों से करने में सुविधा होगी।

अपर समाहर्ता द्वारा वर्तमान में भू समाधान पोर्टल पर दर्ज भूमि विवाद के मामलों की अधिकतम स्थिति से अवगत कराया गया जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि भूमि विवाद को लेकर पूर्व में घटित विधि व्यवस्था/ सांप्रदायिक व्यवस्था भंग होने से संबंधित सभी कांडों में अंचल अधिकारी और थाना अध्यक्ष पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें तथा आरोप पत्र समर्पित करते हुए न्यायालय में इसको टीवी विचरण हेतु प्रस्तुत करेंगे अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज एवं हथुआ संबंधित अनुमंडल पुलिस अधिकारी पोर्टल में अपने-अपने अनुमंडल के मानचित्र में भूमि विवादों की सघनता वाले क्षेत्रोनित करते हुए जिला पदाधिकारी को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे तथा उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान देकर मामलों के संख्या एवं उनकी गंभीरता को नियंत्रित करेंगे जिला लोक शिकायत निवान पदाधिकारी के न्यायालय में दर्ज भू विवाद मामलों की एक प्रति अंचल अधिकारी को पोर्टल पर प्रविष्ट करने हेतु भेजा जाए तथा लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत शक्तियों के आलोक में सुनवाई करते हुए विवाद का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे आंचल अनुमंडल और जिला स्तर पर भूमि विवाद की होने वाली बैठक निर्धारित तिथि एवं दिन को आवश्यक रूप से आयोजित की जाएगी तथा प्राप्त सभी मामलों की प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए प्रखंड स्तरीय बैठक में स्थानीय चौकीदार एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा इनमें आसान विवादों एवं संभावित विधि व्यवस्था समस्या उत्पन्न होने के संदर्भ में इनसे फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए। संभावित भूमि विवाद जिम विधि व्यवस्था का समस्या उत्पन्न हो सकता है उनकी प्रविष्टि अंचल अधिकारी थाना अध्यक्ष द्वारा पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश और भू समाधान पोर्टल पर भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सौ समय आवेदन प्राप्त होने की तिथि से एक पक्ष में प्रविष्टि भूमि सुधार उपसमाहर्ता द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी के मार्गदर्शन में सुनिश्चित करेंगे। साथ ही भू समाधान पोर्टल पर दर्ज मामलों के जिला स्तर पर नियमित समीक्षा हेतु समाहर्ता सह जिला पदाधिकारी को वांछित सहयोग प्रदान करने के लिए अपर समाहर्ता राजस्व को जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी नामित किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोपालगंज द्वारा सभी थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि भूमि विवाद संबंधी शिकायत के क्रम में यदि एक पक्ष निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होता है तो प्रत्येक दशा में चौकीदार या गस्ती गाड़ी के माध्यम से दोनों पक्षों को उपस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी को निर्देश दिया गया की फसल कटनी के समय भी भूमि विवाद मामले के बढ़ाने की संभावना होती है इस पर भी प्रभावी नजर बनाए रखेंगे।

ज्ञात हो कि जन शिकायत सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी के समक्ष अधिकतर मामले भूमि विवाद संबंधित शिकायत और अंचल एवं थाना स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की कमी को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा भूमि विवादों के प्रभावी निष्पादन एवं अनुश्रवण के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए हैं जिससे आमजन की अधिकतम समस्याओं का निष्पादन प्रखंड स्तर पर ही सुनिश्चित कराया जा सके। दीपावली एवं छठ महापर्व 2024 की तैयारी के क्रम में निर्देश दिया गया कि सभी घाटों की साफ सफाई आवश्यक बैरिकेडिंग संबंधित नगर परिषद एवं नगर पंचायत द्वारा ससमय करना सुनिश्चित करें।

साथ ही सभी घाटों पर आवश्यक प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए खनन विभाग के नए नियम की जानकारी देते हुए खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बिना वैध चालान के गाड़ियों पर सभी संबंधित थाना अध्यक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए डीएसपी ट्रैफिक को भी निर्देश दिया गया है आपदा प्रबंधन से संबंधित समीक्षा में अपर समाहर्ता आपदा सादुल हसन द्वारा बताया गया कि विभिन्न मामलों में देखा जा रहा है कि बिसरा रिपोर्ट नहीं प्राप्त होने पर सहयोग राशि उपलब्ध कराना लंबित है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि ससमय संबंधित थाना अध्यक्ष विसरा की रिपोर्ट सिविल सर्जन स्तर से प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। परिमार्जन और म्यूटेशन संबंधित 75 दिन से अधिक के लंबित मामलों में संबंधित अंचल अधिकारी को कड़ी चेतावनी के साथ जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कैंप मोड में निष्पादन कराए जाने के बाद भी संतोषजनक प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित अंचल अधिकारी कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगे।

# सिद्धार्थनगर में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर चार को रौदा, दो की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात


**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के मोहाना लोटन मार्ग पर सिकरी बाजार के पास गुरुवार की सुबह लगभग 9~30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर चार लोगों को रौद कर घायल कर दिया। घायलों में दो छात्र एवं दो राहगीर शामिल हैं। घायल हर्ष 15 पुत्र लक्ष्मी निवासी नौतनवा अपने नैनीहाल सिकरी बाजार में रहकर पढ़ाई का कार्य करता था तथा दूसरा संतोष 16 पुत्र रामनिवास ग्राम पनेरी वह जूनियर हाई स्कूल सिकरी बाजार बाइक से पढ़ने जा रहे थे। तथा राहगीरों में ओंमकार पाण्डेय 55 पुत्र परमात्मा पाण्डेय व मंटू पाण्डेय 40 पुत्र चिंकू पाण्डेय निवासी लकड़ा दोनों बाइक से अपने दुकान सिसवा जा रहे थे कि अभी वह सिकरी बाजार पहुंचे थे की उधर से तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रौद दी । जिससे सभी चारों घायल हो गए।


घायलों को ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से मेडिकल सिद्धार्थनगर पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज चल रहा



है। जिसमें दो की हालत चिंताजनक बताई जातीहै। इस संबंध में थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी का कहना है कि ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## करारोपण के लिए नगर पालिका परिषद ने विभिन्न विभागों को नोटिस दिये




**हरदोई** शाहाबाद नगर पालिका परिषद, के अधिशाषी अधिकारी आर आर अंबेश ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्वकर निर्धारित कर करारोपण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा जारी किये गए नोटिस में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद, शाहाबाद सीमांतर्गत स्वकर प्रणाली लागू हो चुकी है। इस क्रम में प्रत्येक विभागीय परिसर की भूमि पर करारोपण किया जाना है। जिससे स्वकर प्रणाली की कार्यवाही पूरी की जा सके। सभी विभागों को स्वकर निर्धारण फार्म प्रेषित किया गया है। ताकि फार्म में निर्धारित कालमों की सूचना भरकर नगर पालिका परिषद के कार्यालय में जमा की सके। जिससे करारोपण किया जा सके।


